Page 11

Page 10

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**सूर्य कुमार को अपदस्थ कर टी20 विश्व कप के नंबर एक बल्लेबाज बने हेड**

देश

**अगर नीतीश कुमार साथ नहीं होते तो बीजेपी बिहार में जीरों पर आउट हो जाती...**



कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 28 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 198 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹71,730 | ₹90,000 |

## आज का इतिहास

- **1838 : यूनाइटेड किंगडम की रानी विक्टोरिया का राज्याभिषेक। विक्टोरिया अपनी मृत्यु तक यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड की रानी थीं। 1 मई 1876 से, उन्होंने भारत की महारानी के अतिरिक्त शीर्षक का उपयोग किया।**
- **2012 : इराक में सिलसिलेवार बम धमाके में 14 लोग मारे गये और 50 घायल हो गये।**

## न्यूज बाइट्स

### आकाशीय बिजली ने मचाई तबाही, आठ लोगों की मौत

**पटना (नि.सं.)** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से आठ लोगों की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की है। मंगलवार व बुधवार को वज्रपात से मुंगेर व भागलपुर में दो-दो तथा जमुई, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और अररिया में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतकों के स्वजन को अविलंब चार-चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### नया आदेश : एक जुलाई से 9 से 4.30 बजे तक चलेंगे स्कूल

**पटना (नि.सं.)** । शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों की टाइमिंग बदली है। एक जुलाई से स्कूल 9 बजे से 4.30 बजे तक चलेंगे। बच्चों की छुट्टी 3.15 बजे और शिक्षकों की छुट्टी 4.30 बजे होगी। प्रधानाध्यापक, शिक्षक व कर्मी 10 मिनट पहले स्कूल आएंगे। शिक्षकों को रोज दिन कम से कम 7.5 घंटा पढ़ाना है। वे बच्चों को रोज होमवर्क देंगे, अगले दिन इसे चेक करेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी आदेश में इन बातों की खासी चर्चा है। आदेश में कहा गया है कि हर हफ्ते शिक्षकों को कम से कम 45 घंटा पढ़ाना है। इस हिसाब से वे रोज दिन कम से कम 7.5 घंटा जरूर पढ़ाएंगे। जरूरत के अनुसार या पाठ्यक्रम को पूरा कराने के लिए यह समय बढ़ाया जा सकता है। सितंबर में अर्द्धवार्षिक परीक्षा है। इस लिहाज से पाठ्यक्रम को ले खास ध्यान रहे। क्लास 1 से 8 तक के लिए 'बैगलेस सुरक्षित शनिवार के तहत तय गतिविधियां होंगी।

### पटना समेत आधे बिहार में झमाझम बारिश

**पटना (नि.सं.)** । मानसून ने गुरुवार को पटना और वैशाली में दस्तक दी। इसके साथ ही राज्य के 18 जिलों में मानसून पहुंच गया है। प्रदेश में मानसून के प्रसार की परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल बन रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को पटना और वैशाली में मानसून के प्रसार के साथ राज्य के 11 जिलों के 30 स्थानों पर झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार को पटना सहित 19 जिला में गरज व चमक के साथ हल्की बारिश का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बिहार में 20 जून को मानसून किशनगंज और पूर्णिया के रास्ते प्रवेश करते हुए 14 जिलों में फैला था।

भविष्य निधिको लेकर नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

# एक वर्ष में अधिकतम पांच लाख रुपये तक अंशदान कर सकते हैं सरकारी सेवक

**भविष्य निधि में अधिक अंशदान करने वालों का धन लौटाएगी सरकार**

**निज संवाददाता | पटना**

सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सामान्य भविष्य निधि में अधिकतम सीमा से अधिक का अंशदान स्वीकार्य नहीं होगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पांच लाख रुपये से अधिक का अंशदान करने वाले सरकारी सेवकों को अधिशेष राशि वापस कर दी जाएगी। उस पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलेगा। उससे पहले यानी वित्तीय वर्ष 2022-23 तक जिन सरकारी सेवकों ने पांच लाख से अधिक का अंशदान किया है, वे भविष्य निधि पर देय ब्याज के हकदार होंगे।



### एक साल में 5 लाख रुपये तक ही अंशदान

उल्लेखनीय है कि सामान्य भविष्य निधि में एक वर्ष के दौरान अधिकतम पांच लाख रुपये तक ही अंशदान किया जा सकता है। यह अधिसीमा 2023-24 के प्रभाव से निर्धारित कर दी गई है। इसके लिए बिहार सामान्य भविष्य निधि नियमावली-1948 में संशोधन किया गया है।

वित्त विभाग के सचिव (व्यय) दीपक आनंद ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। संशोधन के अनुसार अगर कोई अंशदाता भविष्य निधि अंशदान के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा को प्राप्त कर लेता है तो इस निधि में मूल वेतन से छह प्रतिशत मासिक की कटौती वाला प्रविधान शिथिल माना जाएगा। यह प्रविधान केवल उन्हीं मामलों में शिथिल होगा, जहां अंशदान अधिसीमा तक पहुंच रहा हो। भविष्य निधि में अधिसीमा से अधिक के अंशदान के कई मामले सरकार के संज्ञान में आए थे। भविष्य निधि पर मिलने वाली उच्च ब्याज दर और चक्रवृद्धि आधार पर उसकी गणना होने के कारण सरकारी सेवक ऐसा प्रायः अधिसीमा से अधिक का अंशदान कर देते हैं। सरकारी खजाने के लिए वह अंशदान इसलिए लाभप्रद नहीं, क्योंकि जिन बॉन्ड आदि में सरकार निवेश करती है, उनसे प्राप्ति भविष्य निधि पर देयता के समतुल्य नहीं होती। ऐसे में केंद्र सरकार से विचार-विमर्श कर बिहार सरकार ने निर्णय लिया है कि भविष्य निधि में पांच लाख से अधिक का अंशदान स्वीकार्य नहीं होगा।

# सरकार ने 10 वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हर पहलू पर खासा जोर दिया है : राष्ट्रपति

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हर पहलू पर बहुत जोर दिया है और गांवों में कृषि आधारित उद्योगों, डेयरी और मत्स्य आधारित उद्योगों का विस्तार किया जा रहा है ताकि किसानों की स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने इसमें भी सहकारिता को प्राथमिकता दी गयी है तथा सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू किया है । श्रीमती मुर्मु ने अठारहवीं लोकसभा के गठन के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में गुरुवार को अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार, किसान उत्पाद संघ और प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) जैसे सहकारी संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क बना रही है । उन्होंने कहा कि छोटे किसानों की बड़ी समस्या भंडारण से जुड़ी होती है ।



उन्होंने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिये पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि दी जा चुकी है । सरकार के नये कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है ।

उन्होंने कहा कि सरकार ने खरीफ फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है । आज का भारत, अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुये अपनी कृषि व्यवस्था में बदलाव कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों और ज्यादा से ज्यादा निर्यात से किसानों की आमदनी बढ़े, इस सोच के साथ नीतियां बनायी गयी हैं, निर्णय लिये गये हैं। जैसे सरकार दलहन और तिलहन में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के लिये देश के किसानों को हर संभव मदद दे रही है ।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक बाजार में किस तरह के खाद्य उत्पाद की डिमांड ज्यादा है,उसके आधार पर नयी रणनीति बनायी जा रही है । आजकल ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर दुनिया में मांग तेज़ी से बढ़ रही है । भारत के किसानों के पास इस डिमांड को पूरा करने की भरपूर क्षमता है । इसलिये सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की आपूर्ति कड़ी को सशक्त कर रही है ।

ऐसे प्रयासों से किसानों का खेती पर होने वाला खर्च भी कम होगा और उनकी आय भी और बढ़ेगी । उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 10 वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी तेजी से काम हुआ है और तीन लाख 80 हजार ग्रामीण सड़कों का विकास किया गया है।

नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कहा

# सक्षमता परीक्षा पास करिए या नौकरी छोड़ दीजिए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

बिहार के सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सरकार के नियमों के अनुसार नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा देनी होगी। अगर वह नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के प्रारंभिक शिक्षक संघों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई थी। इससे पहले अप्रैल में पटना हाईकोर्ट से भी इस तरह की मांग खारिज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की वैकेशन बेंच ने गुरुवार को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ और बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ की याचिका पर सुनवाई की। इस याचिका में संघों की ओर से बिहार शिक्षक नियमावली 2023 का विरोध जताया। नियमावली के मुताबिक नियोजित शिक्षकों को अगर राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त करना है तो उन्हें सक्षमता परीक्षा पास करनी होगी। बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की ओर से सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में मदद करते हैं। ऐसे में उन्हें अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अदालत ने कहा कि हम देशभर और खासकर बिहार के बच्चों के शिक्षा के प्रति गंभीर हैं। अगर कोई शिक्षक नियम के अनुसार नहीं चलना चाहते है तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए।

# नीट पेपर लीक केस में पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष हुआ गिरफ्तार

**निज संवाददाता | पटना/रांची**

दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले दो दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं। सीबीआई की टीम गुरुवार को दोपहर 1 बजे पटना की बेऊर जेल पहुंची। यहां आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार का मेडिकल कराया और उन्हें 8 दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने 26 जून को चिंटू और मुकेश को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद दोनों की 8 दिन की रिमांड मिली थी। चिंटू नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। दावा है कि चिंटू के मोबाइल पर ही पेपर आया था, जबकि मुकेश गाड़ी से कैंडिडेट्स को उस स्कूल में ले गया था, जहां सवालों के जवाब रटवाए गए थे। सीबीआई की टीम झारखंड में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को एक बार फिर स्कूल लेकर गई। मड़ई रोड स्थित स्कूल में 2 घंटे पूछताछ के बाद टीम प्रिंसिपल को लेकर वापस चरही स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंची। सीबीआई और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 3 मई को क्वेश्चन पेपर कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया।




# प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में आएगी तेजी

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के काम में तेजी आएगी। देशभर में इस योजना में बेहतर कर रहे राज्यों का सुझाव भी बिहार में लागू किया जाएगा। इसको लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग का अलग-अलग दल दस राज्यों का दौरा कर हाल ही में लौटा है। इसके बाद नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन के साथ अधिकारियों की बैठक हुई है, जिसमें योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बेहतर करने वाले राज्यों की केस हिस्ट्री का जिक्र करते हुए बिहार में इसे लागू करने की संभावना पर विचार किया गया।

विभागीय जानकारी के अनुसार, विभागीय अधिकारियों के दल ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, केरल, पंजाब, उत्तरप्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में जाकर वहां योजनाओं की पड़ताल की। इन राज्यों में योजना को लागू करने के सफल मॉडल का जायजा लिया। स्थल निरीक्षण करने के साथ योजना के लाभुकों से भी बात की। मंत्री नितिन नवीन ने अध्ययन कर लौटै दलों के अधिकारियों को दस राज्यों से मिले अनुभवों के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट बनाकर देने को कहा है। जुलाई में इसको लेकर फिर से बैठक बुलाई गई है, जिसमें शहरी आवास योजना को और बेहतर ढंग से लागू किए जाने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गरीबों के लिए आवास योजना में जमीन की बाधा आदि को दूर करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया गया है।

# आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एमएसएमई होगी एक महत्वपूर्ण शक्ति : जीतन राम मांझी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एमएसएमई एक महत्वपूर्ण शक्ति होगी। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस, 'उद्यमी भारत' के दिन भर के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के इलाकों में एक समावेशी और केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से इस दिशा में किये जा रहे प्रयास को और मज़बूत तथा व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री मांझी ने कहा कि तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को डिजिटल और तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के चल रहे सुधारों के हिस्से के रूप में एमएसएमई क्षेत्र में कानूनी सुधार एक बल गुणक के रूप में काम करेंगे। श्री मांझी ने कहा कि छह स्तंभों की पहचान की गई है, जिन पर हमारे प्रयास आधारित होंगे- (i) औपचारिकीकरण और ऋण तक पहुंच (ii) बाजार तक पहुंच और ई-कॉमर्स को अपनाना (iii) आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि (iv) सेवा क्षेत्र में कौशल स्तर में वृद्धि और डिजिटलीकरण (v) खादी, ग्राम और कॉयर उद्योग को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए समर्थन (vi) उद्यम निर्माण के माध्यम से महिलाओं, कारीगरों का सशक्तिकरण। मंत्री महोदय ने कहा कि हमारे सामने काम स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इन छह स्तंभों पर सावधानीपूर्वक और स्मार्ट तरीके से काम करने की बहुत जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने एमएसएमई टीम पहल और यशस्विनी अभियान को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को समर्पित किया। एमएसएमई टीम पहल का उद्देश्य पांच लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में शामिल होने के लिए ऑनबोर्डिंग, कैटलॉगिंग, खाता प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग सामग्री और डिजाइन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इन लाभार्थी एमएसई में से आधे महिला स्वामित्व वाले उद्यम होंगे। ये यशस्विनी अभियान महिलाओं के स्वामित्व वाले अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक रूप देने और महिला स्वामित्व वाले उद्यमों को क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए जन जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला है। एमएसएमई मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 24-25 के दौरान, देश के विभिन्न हिस्सों में अन्य केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों और महिला उद्योग संघों के सहयोग से अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें देश के टियर 2 और 3 शहरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श अर्जुन राम मेघवाल ने सुधार के उन क्षेत्रों के बारे में बात की, जो एमएसएमई को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। श्री मेघवाल ने कहा कि मोदी सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को मजबूत करने की दिशा में कानूनी सुधारों और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से 'कारोबार करने में सुगमता' और 'जीवन जीने में आसानी' सुनिश्चित कर रही है। केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे ने देश के रोजगार, विनिर्माण उत्पादन और निर्यात में एमएसएमई के योगदान को रेखांकित किया और एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नवाचार, रचनात्मकता और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



पंचम एक्युप्रेशर पखवाड़ा की हुई शुरूआत

# एक्युप्रेशर पखवाड़ा में हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

- **27 जून से 11 जुलाई के बीच होगा एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित**

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज परिसर में एक्युप्रेशर पखवाड़ा का उद्घाटन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डा. गुप्त ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि एक्युप्रेशर चिकित्सा मे त्वरित लाभ मिलता है, दर्द से सम्बंधित रोगों के साथ ही कई कठिन माने जाने वाले रोग जैसे डायबिटिज, ब्लडप्रेशर, लकवा या इन्डोक्राइन ग्लैन्ड जनित रोगों की भी चिकित्सा सरलता एवं सफलतापूर्वक की जाती है। ज्ञात्वय हो कि बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, स्वास्थ्य जागरूकता मिशन एवं इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग के संयुक्त तत्वावधान में पाचवीं बार देश के बारह राज्यों मे एक्युप्रेशर पखवाड़ा में सैकड़ों संस्थानों एवं चिकित्सकों के सहयोग से 27 जून से 11 जुलाई के बीच हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। पखवाड़ा संयोजक डा. अजय प्रकाश ने सभा को संचालित करते हुए कहा कि इस वर्ष डायबिटिज, ब्लडप्रेशर थीम के साथ कमर दर्द, घुटना दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, लकवा, गठिया, रोगों की चिकित्सा का कार्य एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अन्तर्गत मुख्य रूप से किया जायेगा। बिहार सहित झारखंड, पं. बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, उड़िसा, आसाम,पंजाब आदि राज्यों में लाखों रोगी लाभ लेंगे। पटना जिला में भी अठारह चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। सभी शिविर आयोजनकर्त्ता को 12 जुलाई को अधिवेशन भवन, ओल्ड सेक्रेटेरियट कैम्पस, पटना में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एक्युप्रेशर, एक्युपंक्चर सम्मेलन में सम्मानित किया जायेगा। बीएवाईसी माइक्रोबायलॉजी विभाग एचओडी डा. हरेराम रॉय ने सम्बोधित करते हुए विभिन्न रोगों में एक्युप्रेशर चिकित्सा के महत्त्व को बताया। सभा को कोषाध्यक्ष वीणा प्रकाश, डा. रत्नेश गुप्ता, डा. अजय उपल, डा. सुरेन्द्र कुमार, डा उपेन्द्र नायक आदि चिकित्सक ने सम्बोधित किया। जितेन्द्र कुमार, श्रुति कुमारी, सर्व प्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, सोनी कुमारी, डा. प्रीति पोद्दार, शाम्भवी प्रकाश, शबनम अंसारी, नाशरीन, प्रीति कुमारी, डा. मो. फैयाजउद्दीन, डा. काजल, डा. विकास पंडित, डा. अंजली, डा. राघवेन्द्र गर्ग, कृष्णा मुरारी प्रसाद, उषा कुमारी, डा. भगवान तिवारी, डा. रंजना, डा. संजय पोद्दार, डा. धर्मेन्द्र कुमार आदि का सहयोग सराहनीय रहा।




**अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का किया निरीक्षण**

# जम्मू से अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज होगा रवाना

**एजेंसी | जम्मू जम्मु-कश्मीर**

जम्मू जम्मु-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से रवाना होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अमरनाथ श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को आज सुबह यात्री निवास से रवाना किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुचारू यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है।




जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के साथ श्री अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने श्री अमरनाथ पवित्र यात्रा के लिए यात्री निवास में आने वाले तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से प्रदान करने के निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष के कामकाज की निगरानी करने तथा आवश्यक सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जबकि परिवहन अधिकारियों को यात्रियों की जानकारी के लिए निजी टैक्सियों तथा तिपहिया वाहनों की दरों का व्यापक प्रचार करने को कहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल, प्रशासन और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की है। शांतिपूर्ण यात्रा के लिए एक बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड बनाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग, गुफा मार्गों और आधार शिविरों पर सैनिकों की पर्याप्त तैनाती के अलावा, निगरानी बनाए रखने के लिए तकनीक का अधिकतम उपयोग भी किया जा रहा है।

# लालकृष्ण आडवाणी एम्स में भर्ती, हालत स्थिर

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबियत खराब होने के कारण उन्हें कल रात राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है। सूत्रों ने बताया कि श्री आडवाणी (96) को पेशाब में जलन की शिकायत के बाद बुधवार रात करीब 11 बजे एम्स में ले जाया गया। सूत्रों ने कहा कि एम्स के डॉक्टर वयोवृद्ध नेता के बराबर निगरानी कर रहे है और उनकी हालत स्थिर है।वह इस समय एम्स के जराचिकित्सा विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में हैं।



श्री आडवाणी काफी समय से वृद्धावस्था संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनका आना-जाना बंद हो गया है। आमतौर पर डॉक्टर उनका घर पर ही जांच करते हैं, लेकिन कल रात पेशाब में संक्रमण की शिकायत होने के बाद उन्हें एम्स ले जाया गया।

उल्लेखनीय है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सात जून को तीसरी बार सत्तारूढ राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद श्री आडवाणी का आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंचे थे। श्री आडवाणी ने स्वतंत्र भारत की राजनीति को गहरे रूप से प्रभावित किया है उन्होंने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के निर्माण के लिए 90 के दशक में एतिहासिक रथ यात्रा निकाली थी। वह वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में उप प्रधानमंत्री थे और उनके पास गृह मंत्रालय का प्रभार था।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी के मामले में 11 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**मोहड़ा।** प्रखंड के लोसिघानी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को मोहड़ा विद्युत विभाग के जेई राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के आरोप में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गांव के नौ लोगों के विरुद्ध बिना बिजली कनेक्शन के बिजली उपयोग करने पर जुर्माना लगाते हुए अतरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। वहीं दो लोगों के विरुद्ध बिना बिजली कनेक्शन के आटा चक्की चलाते पकड़े जाने पर उन दोनों के विरुद्ध भी जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के जेई राकेश कुमार ने बताया कि लोसिघानी गांव में छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान रवि नंदन कुमार के विरुद्ध 54524 रूपये, अवधेश प्रसाद 39041 रुपए,सुनील कुमार पर 95116 रुपए, सुखदेव यादव 31959 रुपया, मुंद्रिका प्रसाद 95116 रुपया, सीताराम प्रसाद 106686 रुपया, तुलसी प्रसाद 97014 रुपया और रामस्वरूप प्रसाद को 22786 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन की दी गई जानकारी

**फतेहपुर।** प्रखंड के मोरहे, मतासो, नगवां और नौडीहा सुल्तानपुर पंचायत में किसान चौपाल लगाया गया। इसमें किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन का गुर सिखाया गया। रसायन व उर्वरकों का इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।साथ ही जैविक व प्राकृतिक खेती करने पर जोर दिया गया। किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाने का भी सुझाव दिया गया। उर्वरक की सही मात्रा का आकलन करने के लिए खेतों की मिट्टी की जांच कराने की सलाह किसानों को दी गई। खरीफ फसलों में होने वाली बीमारी व उससे बचाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों को मोटे अनाज की खेती फिर से करने और इसका लाभ प्राप्त कर समृद्ध बनने का सुझाव दिया गया। किसानों को खरीफ फसल के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तार से बताया गया। किसान चौपाल में एटीएम रविकांत घुड़सवार, अरुण कुमार यादव, किसान सलाहकार राजीव नयन, किसान रविन्द्र सिंह, सहदेव सिंह, रामानुज सिंह, पप्पू सिंह, विजय सिंह, विकास सिंह आदि सहित काफी संख्या में किसान शामिल हुए।

### हिलसा पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक को करायपरसुराय का अतिरिक्त प्रभार

**करायपरसुराय।** जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा करायपरसुराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत प्रबंधक मिथिलेश चौधरी का स्थानांतरण रेफरल अस्पताल कल्याण बिगहा में किया गया है। उनके स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिलसा में स्वास्थ्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत विकास आनंद को करायपरसुराय स्वास्थ्य केंद्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था कायम रखने को लेकर यहां कार्य कर रहे स्वास्थ्य प्रबंधक मिथिलेश चौधरी को कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल में प्रतिनियुक्ति किया गया है। जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिलसा के स्वास्थ्य प्रबंधक विकास आनंद को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### पुलिस दबिश के बाद 50 हजार के इनामी अपराधी ने किया सरेंडर



**टिकारी।** पुलिस दबिश की दबाव से अलीपुर थाना क्षेत्र का 50 हजार का इनामी अपराधी बिट्टू शर्मा ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अलीपुर एसएचओ सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अलीपुर थाना कांड संख्या 46/24 का नामजद आरोपी अलीपुर थानाक्षेत्र के रसलपुर ग्राम निवासी बिट्टू शर्मा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। वहीं गिरफ्तारी नही होने की स्थिति में न्यायालय से कुर्की जब्ती के आदेश के लिए भी अपील किया गया था। पुलिस की दबिश में आकर अपराधी बिट्टू शर्मा ने आत्मसमर्पण कर दिया। बिट्टू की गिरफ्तारी पर जिला पुलिस द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम रखा गया था व बिट्टू थाना के टॉप मोस्ट अपराधी की सूची में था। वहीं दूसरी ओर अलीपुर थाना की पुलिस द्वारा केसपा ग्राम से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है।

### पीएनबी बैंक में हुआ शॉर्ट सर्किट, मची अफरातफरी



**टिकारी।** पंजाब नेशनल बैंक की टिकारी शाखा में बुधवार को अचानक हुई शार्ट सर्किट से अफरा तफरी मच गई। हालांकि घटना में कोई क्षति नही हुई। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बैंक की शाखा में बैंक के कार्य चल रहे थे। बैंक संचालन के दौरान अचानक शार्ट सर्किट से आग की चिंगारी निकलने लगी। शार्ट सर्किट हो जाने से शाखा में मौजूद ग्राहक बाहर निकल गये वहीं बैंक कर्मियों की तत्परता से पावर सप्लाई बंद किया। वहीं पॉवर सप्लाई बाधित हो जाने से सीसीटीवी भी बन्द हो चुका था। बैंक प्रबंधक उमेश कुमार ने बताया कि टेक्नीशियन की मदद से पावर सप्लाई पुनः बहाल कर लिया गया व कार्य संचालन शुरू किया गया।

### प्रशिक्षण बाद महिलाओं को दी सिलाई मशीन



**बिहारशरीफ।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स संगठन द्वारा लगातार महिलाओं को रोजगार की मुहिम से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। नव अस्तित्व फाउंडेशन के सहयोग से पावा गांव में चल रहा तीन महीने का कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के बाद दर्जनों महिलाओं को सिलाई मशीन देकर उन्हें स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया गया। रोजगार के लिए सिलाई मशीन मिलने के बाद सभी महिलाओं ने संगठन के सदस्यों के प्रति आभार जताया। बासवा अध्यक्ष अनिता मेहता,कोषाध्यक्ष श्वेता प्रियदर्शिनी ने सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को सिलाई मशीन एवं प्रमाणपत्र दिया। अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनें, इसको लेकर नव अस्तित्व फाउंडेशन महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रही है। इस योजना का उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को खुद का सिलाई व्यवसाय शुरू करने या परिधान उद्योग में रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त के साथ-साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सचिव कल्पना कुमारी ने कहा कि कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान लगातार जिले में रोजगार के अवसर का सृजन कर रहा है।

# युवक की गोली मारकर हत्या मामले में एसआईटी गठित

## गया में नाना के घर रहता था शख्स, परिजन दिल्ली में रहते हैं, हत्या का कारण जानने में जुटी पुलिस


निज संवाददाता। गया



गया के गुरारू थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव की युवक की गोली मारकर हुई हत्या मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई तेज कर दी गई है। एसएसपी आशीष भारती के आदेश पर एडिशनल एसपी, डीएसपी विधि व्यवस्था और एसडीपीओ ने घटना स्थल का अपने अपने तरीके से मौका मुआयना किया है। यही नहीं टेक्निकल सेल, डॉग स्क्वायड व एफएसल की टीम ने भी घटनास्थल की पड़ताल की है। पुलिस का दावा है कि इन्वेस्टिगेशन के साथ साथ डिटेक्शन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वह घटना के तह तक पहुंच गई है, लेकिन हत्या की वजह और हत्या करने वालों के नाम का खुलासा पुलिस फिलहाल नहीं कर रही है। एसएसपी ने मामले का खुलासा किए जाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। खास बात यह भी मृतक के न तो पिता मनोज सिंह और न ही नाना मामा गांव में रहते हैं। सभी के सभी दिल्ली में काम करते हैं। इस वजह से पुलिस को थोड़ी दिक्कत भी आ रही है। पुलिस इस मामले को प्रेम सम्बन्ध से भी जोड़ कर भी देख रही है, लेकिन इस बात का वह खुलासा नहीं कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) खुर्शीद आलम ने बताया कि वर्तमान प्रभार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें गुरारू थानाध्यक्ष, गुरारू थाना के अन्य पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा गया के अधिकारी कर्मी को शामिल किया गया है। गठित टीम द्वारा इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी, आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान की जा रही है। जल्द ही इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में गुरारू थाना द्वारा कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।गौरतलब है कि मंगलवार की देर रात तिनेरी गांव में अपने नाना के घर रहने वाले युवक अमित कुमार की अपराधियों गोली मार कर हत्या कर दी थी। उसका शव बुधवार की सुबह बधार से बरामद किया गया था। युवक बीती रात दस बजे से लापता था।

# मास्टर चाबी लगाकर चोर उड़ा ले गए अपाचे

निज संवाददाता। गया



♦ सीसीटीवी में कैद, घर के बाहर से चोरी हुई बाइक, मगध कॉलोनी में दिनदहाड़े वारदात

गया के चंदौती थाना क्षेत्र के मगध कॉलोनी रोड नम्बर-3 से बाइक चोर दिन दहाड़े एक मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। बाइक घर के बाहर खड़ी थी। चोर पैदल ही आया। बाइक के पास दो चक्कर लगाए। इसके बाद किसी तरह का खतरा नहीं होने का अंदाजा लगाकर मास्टर चाबी लगाई और बाइक स्टार्ट कर मौके से फरार हो गया। घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित ने चंदौती थाना पुलिस में केस दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है। मगध कालोनी के रहने वाले अजय सिंह ने बताया कि वह दोपहर में बाइक को गेट के सामने खड़ी कर घर के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब घर से काम पर जाने के लिए निकला तो मौके से बाइक नदारद मिली। आसपास ढूंढा और लोगों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कुछ भी पता नहीं चला। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी से सम्पर्क किया और सीसीटीवी चेक करने को कहा। उन्होंने अपना सीसीटीवी चेक किया और बताया कि एक युवक बाइक चुराकर ले गया है। बाइक चुराने वाला लड़का कम उम्र का है और वह पिट्ठू बैग टांगे है। सफेद शर्ट को ब्लैक जीन्स पहने हुए है। सीसीटीवी का फुटेज उनसे मांग कर देखा तो घटना सही निकली। चोर हमारी बाइक चुरा ले गए। अजय सिंह ने बताया कि टीवीएस कंपनी 180 सीसी की अपाचे बाइक थी। इधर चंदौती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी में कैद चोर की शिनाख्त की जा रही है।

# नालंदा में चंडी थानाध्यक्ष को SP ने किया निलंबित

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा एसपी अशोक मिश्रा ने चंडी थाना के थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। पॉक्सो एक्ट के मामले में थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार पर कांड के अनुसंधान में लापरवाही, कांड की पीड़िता का 164 के तहत बयान दर्ज नहीं कराए जाने और कांड के अभियुक्त की गिरफ्तारी सहित कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के मामले में नालंदा एसपी के द्वारा 7 जून को स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। इस मामले में तत्कालीन थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार के द्वारा अपना स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था। एसपी ने लापरवाही बरतने और वरीय अधिकारी के आदेश के उल्लंघन मानते हुए थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। रविंद्र कुमार को निलंबित कर पुलिस मुख्यालय केंद्र पुलिस लाइन में जीवनयापन भत्ता पर निलंबन अवधि तक के लिए भेजा गया है। एसपी नालंदा अशोक मिश्रा ने बताया कि अनुसंधान में लापरवाही के कारण तत्कालीन थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार को सस्पेंड किया गया है।

# वियतनाम में लगी आग में झुलसे बोधगया निवासी पति-पत्नी, दम घुटने से गई जान, बाल-बाल बचा बच्चा

निज संवाददाता। गया



♦ शव को गया लाने की गुहार

बोधगया के गोदाम रोड के रहने वाले सोहेल की वियतनाम के हिनोई के एक अपार्टमेंट में आग लगने से मौत हो गई। मौत की वजह दम का घुटना बताया जा रहा है। इस हादसे में सोहेल की पत्नी की मौत हो गई है, जबकि उनका बच्चा जीवित है। बताया जा रहा है कि बच्चा दूसरे के पास सो रहा था। इस वजह से उसकी जान बच गई। करीब 6 महीने से वियतनाम के हिनोई में एक अपार्टमेंट में रह कर वहां गाइड का काम करते थे।

**दम घुटने से गई जानः** मृतक के मामा सरफराज ने बताया कि मंगलवार की रात में सोहेल अपनी पत्नी के साथ एक कमरे सो रहे थे। अचानक बिजली की शार्ट सर्किट हुई और कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। अपार्टमेंट में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जब तक मामला समझते तब तक आग भयावह रूप धारण कर लिया। बताया गया की इस घटना में सोहेल के साथ वितनाम की रहने वाली उसकी पत्नी की भी आग से दम घुटने से मौत हो गई है। मौत की खबर जैसे ही बोधगया स्थित घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। खबर सुन कर आस पास के लोग की भीड़ लग गई।

**बकरीद पर आया था घरः** मृतक के मामा ने बताया कि बकरीद के मौके पर सोहेल बोधगया स्थित अपने घर आया था। तीन दिन पहले ही वो बोधगया से वियतनाम को गया था। इस घटना से फिलहाल पूरा मुहल्ला सदमें में है और सोहेल के शव को वियतनाम से लाने की कोशिश में लगे हुए है। सरफराज ने बताया कि परिजन चाहते हैं कि भारत सरकार की मदद से सोहेल की बॉडी वियतनाम से गया लाया जाए। ताकि उसके परिजन उसका अंतिम दर्शन कर सकें। सरफराज ने बताया कि बोधगया के विधायक कुमार सर्वजीत से इस मसले पर गुहार लगाई गई है। विधायक ने एक चिट्ठी दी और कहा है कि इसे कोलकाता स्थित वियतनाम एम्बेसी अपने स्तर से भेज दीजिए। उन्होंने बताया कि सोहेल के पिता नहीं हैं। घर में केवल उसकी मां ही है।

# सड़क हादसे में महिला की इलाज के दौरान मौत, नालंदा में रिश्तेदार को बस तक छोड़ने आई थी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बख्तियारपुर रजौली फोरलेन एनएच-20 पर बुधवार की देर शाम वाहन से कुचलकर एक महिला की मौत हो गई। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरौल गांव के पास की है। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के कमदारगंज गांव निवासी चुन्नू गोप की (55) वर्षीया पत्नी गिरिजा देवी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि परिवार के सदस्य को बस चढ़ाने के लिए गिरिजा देवी एनएच-20 रोड पर आई थी। वह परिवार के सदस्य को बस पर सवार कर सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में उन्हें डायल 112 के पुलिस के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में गिरिजा देवी की मौत हो गई। मौत की पुष्टि के के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। महिला अपने मायके सकरौल गांव आई थी। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सड़क पार करने के दौरान यह हादसा हुआ है।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी जायलो कार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में देर रात अनियंत्रित जायलो कार डिवाइडर पर चढ़ गई। इससे थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि चार पहिया पर सवार लोग बाल बाल बच गए। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के पास की है। वाहन पर सवार सभी लोगों को पहले सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोग और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए डिवाइडर पर चढ़े। गाड़ी को उतारने का प्रयास किया। हालांकि इस प्रयास में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद ट्रैक्टर के सहारे रस्सी बांधकर गाड़ी को नीचे उतारने का एक और प्रयास किया गया। इसमें भी सफलता नहीं मिली। अंत में क्रेन की मदद से डिवाइडर पर चढ़े गाड़ी को नीचे उतारा गया और सोहसराय थाना की पुलिस उसे अपने साथ लेकर थाने चली गई। बताया जाता है कि चार पहिया पर सवार सभी लोग नवादा के पकरीबरावां के रहने वाले थे। वह सोहसराय स्थित एक एक निजी उत्सव हॉल में शादी में शामिल होने के लिए आ रहे थे। इसी बीच सोहसराय थाना के पास गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई। घटना के बाद सभी सवार मौके से फरार हो गए। सोहसराय थानाध्यक्ष एसआई संजय राम ने बताया कि जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बॉन्ड भरवाकर थाने से गाड़ी को छोड़ दी गई है।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा पितृपक्ष मेला, गया में शुरू हुई तैयारी

निज संवाददाता। गया



विश्व विख्यात पितृ पक्ष मेला 2024 इस वर्ष 17 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। यह दो अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर विश्व के विभिन्न कोनों से बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री आते हैं। लगातार 17 दिनों तक चलने वाले इस राजकीय मेले में तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते वर्ष 14 लाख से अधिक की संख्या में श्रद्धालु गया जी आए थे। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धलुओं को बेहतर सुविधा हर स्तर पर मुहैया कराने की कसरत जिला प्रशासन की ओर से शुरू कर दी गई है। डीएम डॉ त्यागराजन की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम पितृपक्ष मेला महासंगम 2024 की तैयारी के संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारियों, विष्णुपद मंदिर प्रबंधक्कारिणी समिति के पुरोहितों के साथ बैठक की गई। तय किया गया इस वर्ष गया जिला प्रशासन तीर्थ यात्रियों को और बेहतर सुविधा देगा।

**8 सरोवर और 52 पिंड वेदियां हैंः** बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 17 सितंबर से शुरू होकर 02 अक्टूबर तक पितृपक्ष मेला प्रस्तावित है। पिछले वर्ष पितृपक्ष मेला में तमाम अधिकारियों , पुरोहितों एवं मेला क्षेत्र के वार्ड पार्षदों के साथ-साथ तमाम स्टेक होल्डर, स्वयंसेवी संस्था द्वारा काफी बढ़-चढ़कर सहयोग दिया गया था जिसके कारण पितृपक्ष मेला पूरे विश्व में एक अलग छवि प्राप्त किया है। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर आयोजन किया जाए इसे लेकर अभी सही तैयारियां आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 08 सरोवर और 52 पिंड वेदियां हैं जहां तर्पण कार्यक्रम होता है। पिछले वर्ष घाट का विस्तार होने के बाद और अधिक संख्या में तीर्थ यात्री तर्पण करने पहुंचे थे। घाट पर अत्यधिक भीड़ देखी गई है। इस वर्ष तैयारियों के संबंध में उन्होंने कहा कि पूर्व से ही भौतिक जांच संबंधित समितियों के वरीय पदाधिकारियों द्वारा अपेक्षित है। साथ ही विभिन्न कोषांग बनाए गए हैं। जिसके वरीय पदाधिकारी सप्ताहिक रूप से अपने कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ निश्चित तौर पर बैठक करेंगे। एव कार्यो का बंटवारा करते हुए कार्य करेंगे।

**टेंट सिटी का होगा निर्माणः** उन्होंने कहा कि आवासन समिति की जिम्मेदारी होगा कि यात्रियों को इस वर्ष और अच्छा आवासन व्यवस्था उपलब्ध कराएं। अभी से ही आवासन स्थलों को चिन्हित करें और एक चेक लिस्ट बनाएं। उसी के अनुरूप सभी तैयारियों को पूर्ण करावे। सभी आवासन स्थल एवं पुलिस आवासन स्थल पर पर्याप्त संख्या में टॉयलेट एवं पेयजल की व्यवस्था का आकलन कर लें तथा तेजी से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को प्रतिवेदन समर्पित कर दें ताकि पीएचडी विभाग द्वारा टॉयलेट एवं पेयजल व्यवस्था का पूरा मुकम्मल व्यवस्था करा सके। इस वर्ष भी टेंट सिटी का निर्माण करवाया जाएगा। पिछले वर्ष 2500 की क्षमता वाला टेंट सिटी बनाये गए थे, तीर्थयात्रियों ने व्यवस्थाओ को काफी सराहा था। इस वर्ष भी टेंट सिटी बनाने के लिये विभाग को पत्र प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र के नालों की सफाई बेहतर तरीके से करवाये ताकि पितृपक्ष मेला में जलजमाव की कहीं स्थिति ना रहे। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बुडको को को निर्देश दिया कि जहां भी लीकेज की शिकायतें हैं। उसे और अधिक टीम लगाकर लीकेज ठीक करावे। नए सिरे से कोई सड़क नही काटे। पूर्व में काटे गए सड़को को तेजी से ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष पितृपक्ष मेला में वाहनों के पार्किंग स्थल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। तीर्थयात्री को जाम का सामना न करना पड़े। इसके लिए अभी से ही पूरी तैयारी कर ले साथ ही पार्किंग स्थल का भौतिक सत्यापन कर लें। सभी पार्किंग स्थल पर टॉयलेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाएं। मेला क्षेत्र में बड़े वाहनो को रोक लिये क्या अदम उठाने होंगे इसके लिये अभी से ही प्लान कर लें।

# ककोलत में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम-एसपी

निज संवाददाता




**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी एवं अम्बरीश राहुल, पुलिस अधीक्षक ने ककोलत में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएफओ संजीव रंजन को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र ककोलत जलप्रपात का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं जिससे पर्यटकों के लिए खोला जा सके। पहाड़ के उपर जाकर नैसर्गिक रूप से गिरते हुए जलप्रपात का अवलोकन किया। उन्होंने डीएफओ को गुणवत्ता के साथ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया। ककोलत जलप्रपात को आधुनिक ढ़ंग से सुसज्जित किया जा रहा है। जहां पर्यटकों के लिए सभी प्रकार की आधारभूत की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य और आकर्षक ढ़ंग से निर्माण किया गया है। जिलाधिकारी ने डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा को निर्देश दिऊ कि जिला परिषद के द्वारा संचालित गेस्ट हाउस को भी आधुनिक रूप दें। ककोलत जलप्रपात तक पहुंचने के लिए सम्पर्क पथ को बेहतर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ककोलत आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको देखते हुए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद अपर समाहर्ता, राजीव कुमार डीआरडीए डायरेक्टर, शशांक राज वरीय उपसमाहर्ता, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, कार्यपालक अभियंता भवन के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के कृषि स्नातकों को जूनियर छात्रों ने दी भावपूर्ण विदाई

**जमुहार (रोहतास) (नि.सं.)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के 2020 सत्र के कृषि स्नातकों को एक रंगारंग समारोह का आयोजन कर जूनियर छात्रों ने विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के बाद आप सब जहां भी जाएं अपने कृतित्व एवं आचरण से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्रों का आहवान किया कि यह आपका विदाई समारोह नहीं है, आप हमेशा संस्थान से जुड़े रहे और किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय परिवार हमेशा आपके साथ खड़ा मिलेगा। उन्होंने छात्रों को कहा कि जहां भी रहें अपने लगन और मेहनत के बल पर कृषि क्षेत्र को नई बुलंदियों की ओर ले जाएं क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि के उन्नति के आधार पर ही देश की उन्नति संभव है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप एवं वरीय शिक्षक डॉ केके सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कृषि संस्थान के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कर सभी का मन मोह लिया। इस समारोह का धन्यवाद ज्ञापन हॉर्टिकल्चर के प्रभारी डॉक्टर संदीप कुमार मौर्य ने किया।

## आरजेडी नेता शिवानंद तिवारी ने आपातकाल को लेकर दिया बड़ा बयान

निज संवाददाता



**पटना।** राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और लालू यादव के करीबी दोस्त शिवानंद तिवारी ने कहा है कि आपातकाल निश्चय ही भारतीय लोकतंत्र पर धब्बा था। लेकिन, आज जो देश में चल रहा है, वह क्या है। उन्होंने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि आपातकाल हटने के बाद इंदिरा गांधी को 1977 का चुनाव तक हारना पड़ा था। लेकिन, उस दौरान आरएसएस की क्या भूमिका थी, इसे भी ओझल नहीं किया जा सकता। आपातकाल हटने के बाद जन समर्थन प्राप्त करने के लिए इंदिरा गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम घोषित किए। उस दौर के संघ प्रमुख बाला साहेब देवरस ने इंदिरा गांधी को पत्र लिखकर कहा था कि वे 20 सूत्री कार्यक्रम से पूर्णतया सहमत हैं। अगर सरकार संघ पर से प्रतिबंध हटा लेती है और हमारे स्वयंसेवकों को रिहा कर देती है तो हम पूरे मन और निष्ठा से 20 सूत्री कार्यक्रम के समर्थन में अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि आपातकाल में जेल से रिहाई के लिए कितने लोगों ने माफीनामा लिखा, इसकी भी जांच की जाए तो जो लोग आज आपातकाल की निंदा कर रहे हैं उनकी कलई खुल जाएगी। शिवानंद ने कहा कि आज क्या हो रहा है। अपने विरोधियों को डराने के लिए सरकार ईडी, सीबीआइ और आयकर वालों को नोटिस भेज रही है। प्रधानमंत्री सहित अन्य नफरत फैला रहे हैं। चार सौ सीटों की मांग इसलिए हो रही थी, ताकि संविधान बदल कर देश को हिंदू राष्ट्र बनाया जा सके। लेकिन, देश के गरीब-गुरबा लाखों लोग बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।

# नंदवंशी चेतना गांव-गांव में चला रहे जन-जागरण अभियान

निज संवाददाता



**नवादा।** आगामी 6 जुलाई को नंदवंशी चेतना मंच, नवादा का स्थापना दिवस नगर भवन में आयोजित किया जायेगा। स्थापना दिवस लेकर नंदवंशी परिवार के साथी प्रखंड, गांव, घर तक अपने जाति समाज को जागृत करने और 6 जुलाई को नवादा नगर भवन आने के लिए अपील कर रहे है। संगठन के उपाध्यक्ष अयोध्या शर्मा ने कहा कि हमारे समाज के उपर लगातार अत्याचार हो रहा है और नवादा प्रशासन और कोई भी नेता का ऐ सभी बातों के ऊपर कुछ भी ध्यान नही हैं। इसी सभी बातो को लेकर हम एकजुट हो रहें हैं। मौके पर उपस्थित जिला सचिव प्रभाकांत शर्मा, मिथुन शर्मा, राजेश शर्मा, उमेश शर्मा, विजय शर्मा, विद्यानंद शर्मा, अशोक शर्मा, बंटी, कुदन, दिलीप, प्रेम, संजीत और अनेको नंदवंशी साथियों ने कंधे से कंधे मिलाकर जन जागरण अभियान को सफल बना रहें हैं।

## सदस्यता अभियान चलाकर बना रहे पैक्स सदस्य

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) का सदस्य बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक पैक्स सदस्य बन सके। बीसीओ पवन कुमार ने बताया वैसे जो व्यक्ति पैक्स का सदस्य नहीं है, और वे पैक्स सदस्य बनने के लिए इच्छुक हैं तो आप सदस्य बन सकते हैं।कहा गया वैसे व्यक्ति जिनके पास भूमि हैं, वे सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कहा पैक्स सदस्य बनने के लिए आवेदक अपना आधार कार्ड, जमीन की रसीद और खाता संख्या का विवरण देना होगा। वह व्यक्ति सम्बंधित पैक्स अध्यक्ष को पैक्स सदस्य बनने के लिए आवेदन जमा कर सकते है।

# नाली निर्माण बन्द रहने से सड़कों पर बह रहा पानी, ग्रामीण हो रहे परेशान

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के वार्ड संख्या 1 के हरैयाकोला गांव में अर्धनिर्मित नाली निर्माण के कारण सड़कों पर गंदा पानी बहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बिपिन कुमार ने कहा कि बीते तीन माह से नाली निर्माण बन्द पड़ा है।इसके पूर्व जब नाली निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ था, तब दर्जनों घरों का पानी सड़क किनारे मिट्टी कटाव से बने नालियों में सुगमतापूर्वक बह रहा था। वहीं ग्राम पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार द्वारा नाली निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। जबकि विगत तीन माह से नाली निर्माण कार्य बन्द है। इन तीन माह से घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसके कारण सड़क पर जहां-तहां बेवजह पानी के साथ कीचड़ जमा हो गया है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को बेवजह कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।वहीं पानी और कीचड़ के दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों ने मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि से भी बात की, किन्तु उनके द्वारा अक्सर टाल-मटोल किया जा रहा है। इस बाबत पर बीडीओ अनिल मिस्त्री ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में नहीं था। साथ ही कहा कि मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सैयद नकवी को पाकिस्तान ने ठुकराया भारत ने नागरिक मानने से किया इनकार

- अधिवक्ता अमित नारायण ने बताया कि नकवी को भारत की नागरिकता नहीं मिल रही और पाकिस्तान अपना नागरिक मानने से इनकार कर रहा है, इसी आधार पर उसने याचिका दायर की।

निज संवाददाता



**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने 2016 से जेल में बंद अरवल के सैयद नकवी उर्फ नकवी इमाम को रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश पीबी बजंथ्री एवं न्यायाधीश आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने सैयद नकवी की पत्नी अफशान निगार की आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्णय सुनाया। अधिवक्ता अमित नारायण ने बताया कि नकवी को भारत की नागरिकता नहीं मिल रही और पाकिस्तान अपना नागरिक मानने से इनकार कर रहा है, इसी आधार पर उसने याचिका दायर की। अरवल में जन्मे सैयद नकवी को 1982-83 में उसकी नानी अपनी सेवा के लिए पाकिस्तान लेकर चली गई थी। उस दौरान वहां नकवी को पाकिस्तान की नागरिकता मिल गई। 2012 में नकवी के पिता ने संदेश भेजा कि वह बीमार हैं। नकवी पाकिस्तान से वीजा लेकर अरवल पहुंच गया। वीजा की अवधि मात्र छह महीने थी। छह महीने में उसके पिता की तबीयत ठीक नहीं हुई। नकवी बिना वीजा की अवधि बढ़ाए भारत में रह गया। पुलिस ने इस आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को शक हुआ कि कहीं नकवी पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर तो नहीं आया है। हालांकि, बाद में जांच में वह शक गलत निकला। नकवी ने पटना हाई कोर्ट में अपील की। हाई कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस भेजा। इस दौरान नकवी ने भारतीय मुस्लिम महिला से शादी भी कर ली। विदेश मंत्रालय ने जब पाकिस्तान से संपर्क किया, तो पाकिस्तान सरकार ने कहा कि नकवी ने जो पता बताया है, वह मिल नहीं रहा है। राज्य सरकार ने अपनी ओर से हलफनामा दायर कर कहा कि नकवी को लेकर कोई खतरा नहीं प्रतीत होता है, लेकिन नागरिकता पर निर्णय लेने का अधिकार केंद्र सरकार का है।

## दिसंबर तक हर जिले में फोर-जी की सुविधा देगा बीएसएनएल

**पटना (नि.सं.)।** बीएसएनएल राज्य के सभी जिलों में दिसंबर से उपभोक्ताओं को फोर-जी की सुविधा देगा। अन्य टेलीकाम कंपनियों की ओर से राज्य में लोगों को फाइव-जी की सुविधा दी जा रही है। अब तक 400 बेस ट्रांसरिसीव स्टेशन (बीटीएस) लगाया गया है। बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले चरण में पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मोतिहारी, छपरा, गोपालगंज सहित लगभग सभी जिलों में फोर-जी बीटीएस लगाने का कार्य आरंभ किया गया है। इसमें अब तक 400 बीटीएस चालू कर दिया गया है। दिसंबर तक 3200 अतिरिक्त बीटीएस में इसे चालू किया जाना है। इसके बाद इन्हीं बीटीएस को फाइव-जी से अच्छादित कर दिया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से मार्च 2025 तक यह काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ-साथ अब बीएसएनएल को फाइव-जी का भी स्पेक्ट्रम आवंटित किया गया है।

## नारायण स्कूल ऑफ लॉ की छात्रा मध्यस्थता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल का लॉ के एल. एल. बी., पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रीमा कुमारी ने 5 जून से 25 जून 2024 तक बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा विधि के छात्रों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समकालीन समय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय 'मध्यस्थता' पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने की प्रतियोगिता में अपनी जीत दर्ज की और नारायण स्कूल आफ लॉ तथा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। नारायण स्कूल आफ लॉ के निदेशक सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने रीमा को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरा-सासाराम-डीडीयू रेलखंड का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आरा-सासाराम-पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड का निरीक्षण कर रेलवे ट्रैक, पुल/पुलियों आदि का गहन मुआयना किया गया। इस दौरान उन्होंने आरा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के मध्य के स्टेशनों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, पेयजल सुविधा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने गढ़नोखा स्टेशन पर स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण एवं क्रू लॉबी का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी में ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा-निर्देश दिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरो, विक्रमगंज, सासाराम आदि स्टेशनों के पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने सासाराम एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर संवाददाताओं से वार्ता की। इस वार्ता में महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। यात्रीगण इन ट्रेनों से यात्रा कर अपनी यात्रा आरामदायक बना सकते हैं।

## धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि

**हाजीपुर (नि.सं.) (नि.सं.)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 31.07.2024 तक के लिए विस्तारित किया गया है। विस्तारित अवधि के साथ गाड़ी संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन 30.06.2024 से 30.07.2024 तक 31 ट्रिप चलायी जाएगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल का परिचालन 01.07.2024 से 31.07.2024 तक अतिरिक्त 31 ट्रिप किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, वातानुकलित द्वितीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच लगाए जा रहे हैं।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**
**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.inपर)**
**(एकल बीड) ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -04 /औरंगाबाद/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :-दिनांक 25.06.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री(डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 11.07.2024 से 01.08.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 11.07.2024 से 01.08.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :- दिनांक-18.07.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय(तकनीकी बीड) :- दिनांक-02.08.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :-तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणी:-

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि+सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के स्थायी परिसर में 03(तीन) अदद अतिरिक्त बोरिंग का कार्य | 19.333/- | 39,000/- | 5000/- | As Per Online Requirement | 1 माह |
| | | 19.333 | | | | |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 002715 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।**
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - 02 (SBD)/2024-25
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

बिहार के राज्यपाल महोदय की ओर से बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम/अन्य राज्य सरकार/केन्द्र सरकार /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय ख्याति के किसी भी एजेंसी में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से प्रतिशत दर निविदा दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य के किसी कार्य विभाग/निगम में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निम्नलिखित कार्य का स्वीकार पत्र (लेटर ऑफ एक्सेपटेंस) प्राप्त होने के बाद बिहार राज्य के किसी भी कार्य विभाग/निगम (जिसमें निबंधन की प्रक्रिया लागू हो) में निबंधन कराना अनिवार्य होगा।

1. कार्यों की विवरणी :-

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (ऑन लाईन मोड या ऑफ लाईन मोड में केवल B.G. के रूप में) (लाख रू0 में) | परिमाण-विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (अप्रत्यर्पणीय केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 01 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ओबरा प्रखण्ड के तेजपुरा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 244.222 | 4.885 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| 02 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत देव प्रखण्ड के भवानीपुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 245.809 | 4.917 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| 03 | औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा प्रखण्ड के तेलहारा पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य। | 246.875 | 4.940 | 10000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 14 माह |
| | कुल योग :- | 736.906 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक -24.06.2024
3. निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय : दिनांक 16.07.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. प्री-बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक 12.07.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न, मुख्य अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विरवेश्वरैया भवन, चतुर्थ तल, कमरा नं0-423, बेली रोड, पटना-800015
5. निविदा अपलोड की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 25.07.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.07.2024 समय 3.30 बजे अपराह्न से। (कंडिका 5 में उल्लेखित अंतिम तिथि से दो कार्य दिवस के पश्चात् की तिथि)। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
8. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन (निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद )
10 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन प्रमण्डल, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.002761 (Planning) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 शिक्षक हुए सम्मानित

**आरा।** शिक्षा विभाग ने मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा के तहत विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को बुधवार को सम्मानित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने शिक्षकों को प्रमाण-पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि संदेश, अगिआंव, तरारी, बड़हरा, शाहपुर, चरपोखरी, सहार, पीरो, गड़हनी, उदवंतनगर, आरा, कोईलवर, जगदीशपुर और बिहियां प्रखंड के 150 शिक्षकों को मिशन दक्ष एवं विशेष कक्षा के तहत विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रखंडों से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर शिक्षकों का चयन किया गया है। प्राथमिक विद्यालय बेलाऊर की शिक्षिका सुनीता चतुर्वेदी को डीपीओ ने सम्मानित किया।

### शराब के साथ दो धंधेबाज को किया गिरफ्तार

**कोईलवर।** शराब मामले में चांदी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चांदी चौक के समीप से बहियारा के रास्ते पटना जिला से अवैध 80 लीटर शराब लेकर जा रहे दो धंधेबाज को अपाची बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी धंधेबाज संदीप कुमार व पंकज कुमार है जो पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के मौदही गांव के निवासी है। पुलिस ने बताया चांदी थाने की पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो शराब तस्कर अपाची मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर पटना जिला से चांदी चौक के रास्ते भोजपुर जिला में कहीं बिक्री करने जा रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छापामारी अभियान चलाकर चांदी चौक से दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर मद्य उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### कार्यशाला आयोजित दी गई राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां

**आरा।** जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) भोजपुर में विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिए एक कार्यशाला हुई। इसमें विकास मित्र एवं उनके परिजन सहित कुल 389 लोग शामिल हुए। जिला कल्याण पदाधिकारी रघुवर प्रसाद ने सभी विकास मित्रों को सर्वे प्रतिवेदन डीआरसीसी कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर जमा करने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक आवेदक योजना का लाभ प्राप्त कर सके। जिला योजना पदाधिकारी शारीक नुरूल ने विकास मित्रों से समाज के सबसे निचले तबके तक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बताया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत अधिकतम 4 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुरुष आवेदकों को 4 %और महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत के सरल ब्याज की दर से देय होगा। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत रोजगार तलाशने के दौरान सहायता के तौर पर 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से 20-25 वर्ष के बीच की उम्र सीमा तक 2 वर्षों के लिए दी जायेगी। कुशल युवा कार्यक्रम के तहत सभी छात्र/छात्राओं जो न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण हो, उन्हें निःशुल्क तीन माह, 240 घंटे में 120 घंटे बुनियादी कम्प्यूटर ज्ञान एवं 80 घंटे भाषा संवाद तथा 40 घंटे व्यवहार कौशल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रबंधक रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना में से एक "आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत डीआरसीसी से संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना के बारे में विस्तार से बताया। सभी विकास मित्रों से अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में सर्वे कर सर्वे प्रतिवेदन शीघ्र समर्पित करने का अनुरोध किया ताकि सभी संबंधित लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। बैठक में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, विकास मित्रों के प्रखंड समन्वय, सभी विकास मित्र, स्वयं सहायता भत्ता योजना के सहायक प्रबंधक कुमार ज्ञान रंजन, सहायक प्रबंधक परियोजना एवं लेखा शिव शंकर दास, कुशल युवा कार्यक्रम के सहायक प्रबंधक संजय चौधरी, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के सहायक प्रबंधक मो० अब्दुल तौफिक, सिंगल विंडो ऑपरेटर रंधीर कुमार, भूलन कुमार, समीर आनंद, पंकज कुमार, अनिल कुमार, पवन आदि थे।

### प्रदूषण फैला रहा गीधा औद्योगिक क्षेत्र

**कोईलवर।** गीधा औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बढ़ते प्रदूषण आम जन के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। यहां कार्यरत राइस मिल,पेपर मिल सहित दर्जनों ऐसी इकाइयां हैं जो भारी मात्रा में प्रदूषण फैला कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही हैं।आसपास गांवों के लोगों ने बताया की पेपर मिल के पास बगैर मास्क या गमछे से मुंह ढके बिना निकलना संभव नहीं है। धुंए का गुब्बार से पूरे क्षेत्र में कोहरा सा नजारा रहता है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों की मानें तो गीधा औद्योगिक क्षेत्र के पेपर मिल का दूषित पानी गड्ढे में जमा होता है जिसके दुर्गन्ध से आम राहगीर परेशान है तो वहीं इसके पानी पीने से अबतक कई जानवरों की मौतें हो गईं हैं। फैक्ट्रियों से निकल रहे डस्ट से लोगों की आंखें खराब हो रही है।मिल से निकलने वाले प्रदूषण के वजह से आसपास के इलाकों में सब्जी, फल,अनाज आदि की खेती प्रभावित हो रही है। यहां के लोगों के शारीरिक स्थिति बिगड़ रही है। कई लोग आंख, कान, नाक, गला के रोग से प्रभावित हो रहे हैं। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। इस प्रदूषण का प्रभाव सिर्फ मानव पर ही नहीं बल्कि जानवरों पर भी देखा जा रहा है। इस क्षेत्र के तमाम सामाजिक कार्यकर्ता जागरूक लोग कई जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को इसकी सूचना और ज्ञापन दे चुके हैं। आरा से लेकर पटना तक अनेक बार अपनी दुख, पीड़ा बताने के लिए लोगों ने आवेदन दिया है। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। कायमनगर निवासी सहदेव कुमार बताते हैं कि "फैक्ट्री से निकलने वाले धूल-कण के आंख में पड़ जाने पर आंखों में असहनीय दर्द हो रहा है और लोग इसके वजह से घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं" यहां के लोगों का काम पर जाने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे सारा जनजीवन त्राहिमाम- त्राहिमाम कर रहा है। इससे बचने का कोई उपाय अब निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहा है। लोग चारों तरफ से शिकायत,आवेदन, निवेदन करके थक चुके हैं। ऐसे में फैक्ट्रियों का संचालन सरकार द्वारा निर्देशित नियम के अनुसार होना चाहिये। पर ऐसा कुछ भी नही दिख रहा है। फैक्ट्रियों का संचालन मनमानी तरीके से हो रहा है। सरकार को चाहिए कि फैक्ट्रियों के मनमानी संचालन पर रोक लगाए।इन्ही मुद्दों को लेकर इस बाबत मटियारा, गीधा, मुखालिसा,बीरमपुर, कृतपुरा, ब्रह्मपुर, पुर्दिलगंज गीधा व कायमनगर की जनता ने मुख्य वन संरक्षक पटना को प्रदूषण पर रोक-थाम करने हेतु दर्जनों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा है।

### नशा बर्बादी का पैगाम, इसे छोड़ना जरूरी

**आरा।** अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस पर बुधवार को कई कार्यक्रम हुए। गोढ़ना रोड़ में नशा मुक्ति शिविर लगाया गया। नवजीवन संस्था के सचिव डॉ एके सुधाकर ने कहा कि नशा के कारण शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक संकट से लोग प्रभावित हो रहे हैं, जिसके चलते मृत्यु दर में काफी बढ़ोतरी हुई है। भूमि सुधार विभाग बिहार के न्यायिक सदस्य अमरेंद्र



त्रिपाठी ने कहा कि हर नशा बर्बादी का पैगाम है इसे आज ही छोड़े। इस उपलक्ष्य में लोगों को निशुल्क चिकित्सा एवं मानसिक परामर्श भी दिया गया। संस्थान की निदेशक पिंकी गुप्ता ने नशे से होने वाली बीमारी से अवगत कराया एवं स्थानीय लोगो के सहयोग से अभियान चला कर नशा मुक्त करने का निर्णय लिया। ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सम्पूर्ण समाज को एक संदेश दिया कि हम सब मिलकर मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं इसके अवैध व्यापार से बचाने के लिए संकल्प लें। समाज सेवी अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि मादक पदार्थों का व्यसन एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है, जो न केवल युवाओं, अपितु समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। इसका सेवन न केवल मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार , समाज एवं राष्ट्र को पतन की ओर ले जाता है।

# चौसा थर्मल प्लांट के लिए सिरदर्द बनी वाटर पाइप लाइन, किसानों ने कहा-उचित मुआवजा मिलने की जगी उम्मीद

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संभाला मोर्चा

निज संवाददाता। बक्सर

चौसा थर्मल पावर प्लांट के लिए पिछले 2 सालों से सिरदर्द बनी वाटर पाइप लाइन और रेल कॉरिडोर की जमीन का उचित मुआवजा का निर्धारण और किसानों का विद्रोह समेत कई समस्याओं का निराकरण होने की उम्मीद एक बार फिर जीवित हुई है। चौसा के लोगों को जब से यह सूचना मिली है की सूबे के उपमुख्यमंत्री, किसानों के मुआवजा से लेकर उनकी मांगों और किसानों पर हुई दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ गंभीर दिख रहे हैं। इसको लेकर 25 जून को पटना में संबंधित अधिकारियों से हाई लेवल मीटिंग की सूचना है। किसान ने कहा कि इस मीटिंग की सूचना के बाद हमलोगों को खुद कुछ उम्मीद जगी है कि हमारी समस्याओं का समाधान बहुत जल्द होगा। किसान अजीत यादव द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव के दौरान दीपक कुमार सिंह जो राजस्व सचिव है वो बक्सर आए हुए थे। जहां कुछ किसानों और जिला प्रशासन के साथ एक मीटिंग हुई थी। लेकिन वह मीटिंग उतनी कारगर साबित नहीं हो पाई थी। चुनाव के बाद 20 जून को किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल को बक्सर में बुलाया



गया था। जिसमें मैं और विनोद कुमार पांडे और इंकलाब मजदूर यूनियन संगठन के अध्यक्ष राकेश सिंह यादव उर्फ गोलू यादव दीपक कुमार सिंह सचिव से मुलाकात कर फिर अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा था। आगे जानकारी देते हुए अजीत यादव ने कहा कि 25 जून को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल, विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और बक्सर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी विकास शर्मा के साथ एक बैठक किया गया। इसके बाद से हमलोगों को एक उम्मीद जगी हुई है। उपमुख्यमंत्री हमारी इन समस्याओं को अपने स्तर से देख रहे हैं तो ऐसी उम्मीद जगी हुई है की कुछ दिनों में हमारे सारे समस्याओं का हल निकलेगा। उचित मुआवजा जितना मिलना चाहिए वो मिलने की उम्मीद जागी है। बताया गया कि सूबे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि संबंधित विवादित मामलों की मौजावर खेसरावार सुनवाई करें। समुचित आदेश पारित करें। इसके लिए 4 और 5 जुलाई को चौसा में विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। बक्सर के जिला प्रशासन को यह निर्देश दिया गया है कि इसके लिए स्थल चयन कर सभी रैयतों को इसकी सूचना दें। कंपनी एसटीपीएल, एसजेवीएन के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि परियोजना से प्रभावित रैयतों को भुगतान की जाने वाली राशि एक माह के अंदर समाहर्ता, अपर समाहर्ता के पद नाम से संयुक्त रूप से बचत खाते में राशि उपलब्ध कराएं। रैयतों के पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के मामले में राशि की प्राप्ति और क्षेत्र की बुनियादी संरचनाओं के विकास को लेकर निर्देश दिया गया है। बता दें कि बक्सर जिले चौसा में 11 हजार करोड़ की लागत से तैयार हो रहा 1320 मेगा वॉट का थर्मल पावर का विरोध उस समय किसानों द्वारा शुरू कर दिया गया। जब 2022 में रेल कॉरिडोर और वाटर पाइप लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। किसानों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण में कानून 2013 का पालन नहीं किया गया।इसके साथ मुआवजा भी 2013-14 के रेट के हिसाब से दिया जा रहा है। इसके साथ कम्पनी द्वारा प्रभावित क्षेत्र में आरएनआर पॉलिसी को भी लागू नहीं किया। किसानों के इस विरोध के कारण किसानों पर जिला प्रशासन द्वारा बर्बरता भी किया गया। तीस से अधिक संख्या में आज भी किसान जेल में है।

# पत्नी को टावर पर भेजो, मनाएगी तभी उतरूंगा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में शराब पीने के लिए पति ने अपनी पत्नी से झगड़ा किया और फिर शराब के नशे में पति टावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगा। पूरा मामला भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सिन्हा गांव का है, जहां पत्नी से नाराज मो. कयामुद्दीन (48) मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने उसे काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वो किसी की भी नहीं सुना। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन फिर भी वह नीचे उतरने को तैयार नहीं था।

दरअसल पत्नी से झगड़े के बाद कयामुद्दीन बड़हरा प्रखंड के सिन्हा गांव के एक निजी कैंपस में लगे टावर के पास पहुंचा और उस पर चढ़ गया। कयामुद्दीन के टावर पर चढ़ने की खबर मिलते ही सैकड़ों लोगों की

♦ पत्नी से झगड़े के बाद नशे में टावर पर चढ़ा शख्स, नीचे उतरा तो हुआ गिरफ्तार

भीड़ जमा हो गई। वो बार-बार कह रहा था कि पहले मेरी पत्नी को ऊपर भेजो, वो यहां आकर मनाएगी तभी उतरूंगा। अगर ऐसा नहीं किया, तो यहीं से कूदकर जान दे दूंगा। वहीं मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिठाई, पैसे का लालच दिया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। अंत में अग्निशमन विभाग को बुलाया गया, फिर भी युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस को सलाह दी कि वो शराब पिया है, इसलिए पुलिस के डर से नीचे नहीं उतर रहा है। पुलिस वहां से हटकर कहीं छिप गई, तो वो खुद 3 घंटे बाद नीचे उतरा। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मां-पिता के सामने 4 महीने के मासूम को कुचला

## आरा में दंपती रिश्तेदार के घर से लौट रहा था, पिकअप ने मारी थी टक्कर

निज संवाददाता। आरा

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के पास बुधवार को बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार मां,बाप व बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मां-बाप गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा–तफरी मच गई। घटना के बाद चालक पिकअप छोड़ मौके से फरार हो गया जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप खलासी को गिरफ्तार कर पिकअप को भी जब्त कर लिया है। मृत बच्चा गीधा थाना क्षेत्र के डुमरिया



गांव निवासी संतोष राय का 4 माह का पुत्र लव कुश कुमार है। जबकि ज़ख्मियों में उसी गांव के निवासी 40 वर्षीय संतोष राय एवं 35 वर्षीया उनकी पत्नी रानी देवी शामिल है। इधर,रानी देवी ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह बाइक से अपने पति एवं बेटे के साथ बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव अपने रिश्तेदार के घर घूमने गई थी। बुधवार की देर शाम जब वह तीनों बाइक से वापस अपने गांव डुमरिया लौट रही थी। उसी दौरान धमार मोड़ के समीप पीछे से आ रही बेलगाम पिकअप ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनके चार माह के बेटे लव कुश कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि वह दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा तीनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद संतोष राय एवं उनकी पत्नी रानी देवी की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत बच्चा अपने दो भाई व में छोटा था। उसके परिवार में मां रानी देवी,बड़ा भाई अंकुश कुमार एवं बहन शिल्पी कुमारी है। घटना के बाद मृत बच्चे के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत बच्ची की मां रानी देवी में परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# भोजपुर में पुलिस ने 40 को किया गिरफ्तार

## पुलिस पर हमला-हत्या के प्रयास और वारंट में हुई गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 40 लोग पकड़े गए । इसमें पुलिस पर हमले में एक, हत्या के प्रयास में तीन, वारंट में 10 और शराब में 21 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान आठ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 296 लीटर देसी एवं 15 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। 600 लीटर शराब का पास विनष्ट कर दिया गया। करीब 18 लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया। अभियान के दौरान 369 वाहनों की जांच की गई। एक लाख दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। नवादा थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में एक आरोपित को धर दबोचा। जगदीशपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बिहिया थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक आरोपित को धर दबोचा। उदवंतनगर एवं गजराजगंज ओपी





पुलिस ने एक-एक अपहृता को बरामद किया है।

**अवैध बालू खनन और परिवहन को लेकर छापेमारीः** भोजपुर में अवैध बालू खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी जारी है। इस बीच पीरो अनुमंडल के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा बालू घाट समेत दो जगहों पर मंगलवार की रात पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी कर बालू ओवरलोड दर्जन भर वाहनों के अलावा एक लोडर मशीन को जब्त किया है। इसमें सात ट्रक एवं पांच ट्रैक्टर शामिल है। बिहटा में छापेमारी के दौरान थाने की पुलिस से हल्की नोकझोंक व झड़प होने की भी सूचना है। हालांकि,पुलिस ने झड़प से इनकार किया है। इधर, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी की गई है। सूत्रों की मानें तो प्राथमिकी में गाड़ी मालिक व चालक समेत 30 को आरोपित किया गया है। इसमें अवैध खनन में संलिप्त तत्वों को भी आरोपित किया गया है। इससे पूर्व भी इमादपुर के बिहटा से पांच ट्रक एवं दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था। दरअसल, पुलिस प्रशासन को रात में गुप्त सूचना मिली थी कि बिहटा बालू घाट पर रात में चोरी-छिपे अवैध बालू खनन हो रहा है। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी एवं पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में दल-बल के साथ वहां छापेमारी की गई। छापे के दौरान सात बालू लदा ट्रक, दो ट्रैक्टर और एक लोडर मशीन को जब्त किया गया। टीम में पीरो डीएसपी के अलावा पीरो सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, सहार, चौरी, सिकरहटा , तरारी एवं इमादपुर एवं हसन बाजार थाना की पुलिस शामिल थी।

# मगध एक्सप्रेस में यात्री नशाखुरानी गिरोह का शिकार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव स्टेशन पर ट्रेन से उतार कर एक यात्री को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसका इलाज चल रहा है। मगध एक्सप्रेस में दिल्ली से बक्सर की यात्रा कर रहा यात्री नशा खुरानी गिरोह का शिकार हो गया। गिरोह के सदस्यों ने दिल्ली से ट्रेन खुलने के बाद ही कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसे बेहोश कर दिया और उसका मोबाइल और तीन हजार रूपए लेकर चंपत हो गए। एक दिन बाद जब होश आया, तो आसपास के यात्रियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मिली जानकारी के अनुसार जिले के इटाढ़ी थाना क्षेत्र के ओराप गांव निवासी सूर्यमान सिंह, पिता रामचंद्र सिंह दिल्ली में एक निजी ऑटो मोबाइल कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार की रात वह दिल्ली से ट्रेन पर चढ़े। रात को ट्रेन खुलते ही कुछ लोगों ने उन्हें कोल्ड ड्रिंक पिलाया। हालांकि, अनजान लोगों से उसने पेय सामग्री लेने में आपत्ति जताई। लेकिन, उन्होंने कहा कि विश्वास नहीं है, तो नई बोतल ले लेते हैं। नई बोतल लेकर उन्होंने उसमें नशीली दवा मिला दी। यात्री ने जैसे ही कोल्ड ड्रिंक पिया, वह बेहोश हो गया। उसने बताया कि उसे जब सुबह होश आया, तो उसने अपने आप को डीडीयू स्टेशन पर पाया। शौच जाने के लिए जैसे ही उठा, वह लड़ खड़ा कर गिर गया इसके बाद आसपास के यात्रियों ने उसे उठा-कर शौच के लिए लेकर गए। उसने अपनी आप बीती यात्रियों को सुनाई। इसके बाद उन्हीं यात्रियों ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। बाद में यात्री को फिर नींद आ गई और वह बक्सर की बजाय डुमरांव चला आया।

# चौसा में एक दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के आदर्श हाई स्कूल चौसा खेल मैदान पर शेरशाह सूरी जन कल्याण संस्थान द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच बक्सर के नावानगर बनाम चौसा के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमों द्वारा खेल का बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाह-वाही लूटी गई। इस एक दिवसीय मैच को चौसा की टीम ने 1-0 से जीत हासिल कर विजेता सील्ड पर अपना कब्जा जमाने में सफल रहे। खेल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चौसा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमीर सुहैल द्वारा फीता काट और खिलाड़ियों से हाथ मिला कर खेल का उद्घाटन किया गया।जहां शेरशाह सूरी जन कल्याण संस्थान के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र और फूल माला से स्वागत किया गया। बता दें कि एक दिवसीय फुटबॉल मुकाबला देखने के लिए फुटबॉल प्रेमियों की भीड़



ग्राउंड में पूरे मैच डटी रही। चौसा और नावानगर के खिलाड़ी जब मैदान में उतरे तो दर्शकों ने तालियां बजाकर दोनों टीमों का स्वागत किया। इसके बाद रेफरी की भूमिका निभा रहे विजय कुमार ने मैच शुरू होने की सिटी बजा दी। चौसा हाई स्कूल के मैदान में आयोजित यह मैच आरंभ से ही काफी रोचक रहा। अपने निर्धारित समय शाम 6 बजे से मैच प्रारंभ हो गया। 50 मिनट के इस खेल में शुरू होते ही दोनों ही टीमें आक्रामक रूप से खेल को आगे बढ़ाते हुए गोल करने का प्रयास करने लगी। हालांकि, प्रथम हाफ से पहले चौसा की टीम ने1-0 से बढ़त बनाने में कामयाब रही।

# श्राद्धकर्म में शामिल होकर लौट रहे शख्स की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के शिवालय पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की शाम हुए सड़क हादसे में जख्मी एक युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान बुधवार की रात उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव वार्ड नंबर चार निवासी गणेश राम का 35 वर्षीय पुत्र भोला कुमार उर्फ गोविंद है। वह पेशे से मजदूर था और बेंगलुरु में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इधर, भाई रंजन कुमार ने बताया कि उसकी सास सीता देवी देहांत हो गया था। इसे लेकर मंगलवार की दोपहर वह अपनी पत्नी जया देवी के साथ बिहिया थाना क्षेत्र के जज बाजार अपने ससुराल सास के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए गया था। जब वह अपनी पत्नी को वहां छोड़कर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान बिहिया-बिहटा



स्टेट हाईवे पर शिवालय स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात पिकअप ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि परिजन उसे पटना ना ले जाकर आरा शहर स्थित एक निजी अस्पताल में उसका इलाज कर रहे थे। बुधवार की शाम उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए वहां से पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन अभी उसे इलाज के लिए पटना ले ही जा रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़

♦ पत्नी संग सास के कर्म में गया था, आरा में वाहन ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान गई जान

दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस आरा सदर अस्पताल ले आए। उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदस्य अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन मैं दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी जया देवी व दो पुत्री जिया,परी एवं एक पुत्र अभिराज है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी जया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार क्रिकेट एसो. के कोषाध्यक्ष का निधन

**मुंगेर**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष के निधन से जिले में शोक व्याप्त है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। क्रिकेट प्रेमी, अजय कुमार अजीत की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित तथा दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में क्रिकेट प्रेमी, मनोज यादव, आनंद मूर्ति, दिव्य मूर्ति, धीरेंद्र पंजियारा, कन्हैया तांती मौजूद थे।

### स्नातक सेमेस्टर-1 में 28 तक मिलेगा ऑन स्पॉट नामांकन का मौका

**मुंगेर**। मुंगेर विवि में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय डिग्री कोर्स, सत्र 2024-28 में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें आवेदन के बाद तीसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन संपन्न हो गया। पीआरओ ने बताया कि करीब 43 हजार छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए तीनों संकाय में 31 मई तक आवेदन किया है। जिसके बाद 1 और 2 जून को आवेदन प्रपत्र की त्रुटियों को शुद्ध करने का मौका दिया गया था। उसके बाद 4 जून का प्रथम मेरिट लिस्ट जारी किया गया। इस दौरान तीन मेरिट लिस्ट जारी किए गए। सबसे अंत में 26 से 28 जून तक नए आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का छात्र-छात्राओं को मौका दिया जाएगा। 31 मई तक किसी कारण से आवेदन से वंचित रह गए उनको ऑन स्पॉट नामांकन के तहत नए आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का मौका मिलेगा।

### जमालपुर में दो घंटे खड़ी रही एलटीटी एक्सप्रेस

**जमालपुर**। कामाख्या से लोकमान्य तिलक जाने वाली एलटीटी एक्सप्रेस के एसी कोच की स्प्रिंग खराब होने से बुधवार को यह ट्रेन लगभग दो घंटे तक जमालपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ा। ट्रेन के संबंध में जानकारी लेने के लिए यात्री पूछताछ कार्यालय और एसएस कार्यालय पर भटकते रहे। रेल अधिकारियों का कहना है कि कोच संख्या बी 3 का स्प्रिंग सही से काम नहीं कर रहा था। जब ठीक करने के प्रयास के बावजूद भी यह ठीक नहीं हुआ तो आखिरकार मुख्यालय के निर्देशानुसार उक्त कोच को ट्रेन से हटा समान यात्री सुविधाओं वाली दूसरी कोच ट्रेन में लगा यात्रियों को नए कोच में शिफ्ट करने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। कैरेज एंड वैगन कर्मचारियों की सूझबूझ से हादसा टल गया।

### 8 से 10 फीसदी ही शिक्षक अपनी हाजिरी बना सके, मोबाइल-ऐप के जरिए हाजिरी बनाने को मिले ट्रेनिंग : संघ

**मुंगेर**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सुरेश मालाकार ने प्रेस बयान जारी कर जिले के प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक के सभी शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजिरी बनाने के लिए प्रशिक्षण की मांग की है। शिक्षकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी से जिले के सभी शिक्षकों को प्रखंड स्तर पर एक दिवसीय तकनीकी उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन करते हुए प्रशिक्षण देने की बात कही। शिक्षकों के सामने मोबाइल ऐप से हाजिरी बनाने में आ रही समस्याओं को दूर करने का अनुरोध किया। विदित हो कि 25 जून से राज्यभर के प्राथमिक से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों को ई-शिक्षाकोष मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति (आगमन एवं प्रस्थान) बनाने का नियम लागू किया गया है। इस ऐप से जिले में पहले दिन मुश्किल से 8 से 10 फीसदी ही शिक्षक अपनी हाजिरी बना सके है। जिले के शिक्षकों से प्राप्त सूचना के अनुसार किसी का ऐप ही नहीं खुल रहा है तो कहीं सर्वर डाउन तो बहुतों शिक्षकों को अपना आईडी हीं नहीं पता है। उन्होंने कहा कि विभाग ने अगले तीन महीने तक मोबाइल ऐप के साथ-साथ पूर्व की तरह उपस्थिति-पंजी में भी शिक्षकों को उपस्थिति दर्ज करने की छूट दी है। इस बीच शिक्षा विभाग को प्रखंड स्तर पर सभी शिक्षकों को इस व्यवस्था की तकनीकी प्रशिक्षण देकर कौशल विकास करना होगा, क्योंकि अब बच्चों की उपस्थिति भी इसी ऐप से होनी है।

# वेतन वृद्धि को लेकर सफाई कर्मचारियों का हंगामा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में वेतन में वृद्धि को लेकर बुधवार को नगर निगम परिसर में सफाई कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। हंगामा कर रहे लोगों का मांग है कि सरकारी कर्मचारियों को सरकार के द्वारा लागू सातवां वेतन का लाभ दिया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों के अनुसार हम लोग को भी सातवां वेतन का लाभ दिया जाए। नगर निगम के द्वारा सातवां वेतन पूरी करने का आदेश पारित हो गया। लेकिन अभी तक हमलोगो को नहीं मिला है। अभी तक छठा वेतन ही हम लोगों को दिया जा रहा है। जिस तरह सभी सरकारी कर्मचारियों को सातवां वेतन का लाभ मिला है। हमें भी दिया जाए। यदि हमें नहीं दिया जाता है तो हम लोग आंदोलन के लिए तैयार हैं।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की कही बात**: वही, संगठन के कार्यकर्ता ने बताया कि नगर निगम में घूसखोरी चरम पर है। यहां बिना घुस लिए कोई काम नहीं होता है हम लोगों की अगर मांग पूरी नहीं होगी तो हम लोग अनिश्चितकालीन नगर निगम परिसर में धरना पर बैठ जाएंगे. हंगामा के दौरान दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी ने एक साथ मांगे पूरी करने की नारेबाजी की। करीब आधे घंटे तक नगर निगम परिसर में सफाई कर्मचारियों ने हंगामा किया। नगर निगम के अधिकारियों से जल्द से जल्द सातवां वेतन शुरू करने की मांग की है उन्होंने आगे बताया कि हम लोग अति पिछड़ा जाति से आते हैं। जिसके कारण हम लोगों का शोषण किया जाता है हमारी मांग अगर पूरी नहीं होगी तो हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

## अश्विनी चौबे ने कहा-पार्टी में आयातित माल बर्दाश्त नहीं, BJP के नेतृत्व में NDA की सरकार बनेगी

निज संवाददाता। भागलपुर




पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने बिना नाम लिए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पार्टी में आयातित माल बर्दाश्त नहीं करेंगे। पार्टी के संगठन को आयातित माल मजबूत नहीं करेंगे। दरअसल, सम्राट चौधरी ने 2018 में बीजेपी की सदस्यता ली थी। इससे पहले राजद, जदयू और हम पार्ट में रह चुके हैं। बुधवार को भागलपुर पहुंचे अश्विनी चौबे ने कहा कि 2025 में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अकेले दम पर सत्ता में आएगी और एनडीए को भी साथ लेकर चलेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को साथ लेकर चल रहे थे। आज भी चल रहे हैं और आगे भी चलेंगे।

**चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे**: अश्विनी चौबे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे। लेकिन, पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। जेपी से जो प्रेरणा मिली है, वह समाज सेवा के रूप में करते रहेंगे। कार्यकर्ता के रूप में बिना पद के लालच से काम करते रहेंगे।

**नीट मामले में सरकार कर रही है कार्रवाई**: पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि नीट पेपर लीक मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। सीबीआई जांच में जुट गई है। उन्होंने विपक्ष के नेताओं की ओर से लगाए जा रहे आरोप पर कहा कि पहले वो अपने गिरेबान में झांक कर देखे। जहां चूक हुई है, उस पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

ई० मेल० – civilsurgeonpalamu@gmail.com

(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सुचना)

निविदा सं0 – दिनांक–

भी0 बी0 डी0 कार्यक्रम अंतर्गत जिले के मलेरिया प्रभावी क्षेत्रो में मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कीटनाशी Cyfluthrin 10% wdp का छिड़काव किया जाना है। उक्त सामग्री Cyfluthrin 10% wdp का Technical Specification के अनुरूप क्रय हेतु अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि – लिफाफा प्रति पद्धति (तकनिकी एवं वितीय निविदा) के माध्यम से शीलबंद निविदा सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू पिन कोड – 822101 पर निबंधित या स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 15.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक निम्न शर्तों के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 15.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू पिन कोड – 822101 |
| निविदा खुलने की तिथि | 16.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू । |

➢ नोट – निविदा से सम्बंधित शर्ते / निविदा शुल्क / अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय पलामू के सुचना पट्ट पर एवं जिला पलामू के वेबसाइट http:// palamu.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.327910 District(24-25):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 288 दिनांक 19.01.2024 (Tender ID – UDHD/MMC/40/2023-24) द्वारा Rejuvenation of Badka Talab in ward no. 18 Under Medininagar Municipal corporation हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR–293854 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 327949 District(24-25)#D

## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्याः सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/आरडीएन/एलओसीओ, दिनांकः 26.06.2024**। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करना। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **कैटेलॉग संख्या : एचडब्ल्यूएच-आरडीएन-एलओसीओ-3। नीलामी शुरू होने की तारीख और समयः** 11.07.2024 को सुबह 11.00 बजे। **क्रम संख्या और एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या; विवरण** क्रमशः हैं : **(1)** एए/1; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-ओएसडी-86-23-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझाकरण के आधार पर बर्द्धमान स्टेशन के अंदर विभिन्न स्थानों पर रेलवे द्वारा स्थापित 06 (छः) अदद वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार प्रदान करना। **(2)** एए/2; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-94-23-1; पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझाकरण के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ हावड़ा स्टेशन (पीएफ़ - 9) पर डिजिटल यात्री आरक्षण चार्ट बोर्ड कियोस्क की स्थापना, परिचालन और रखरखाव। **(3)** एए/3; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर - 1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, उत्तरपाड़ा, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर, जैसा कि अनुलग्नक - I में विस्तृत है) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर दोहरी डिस्प्ले किराया रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(4)** एए/4; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर- 2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुंचुड़ा और तारकेश्वर, जैसा कि अनुलग्नक - I में विस्तृत है) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर दोहरी डिस्प्ले किराया रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(5)** एए/5; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर - 3 (बैंडेल, नवद्वीप धाम और कटवा, जैसा कि अनुलग्नक - I में विस्तृत है) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर दोहरी डिस्प्ले किराया रिपीटर प्रणाली (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(6)** एए/6; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1; तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित हावड़ा मंडल के क्लस्टर - 4 (पांडुआ, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर और रामपुरहाट, जैसा कि अनुलग्नक - I में विस्तृत है) के अधीन स्टेशनों पर डायनामिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) काउंटरों पर दोहरी डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **(7)** एबी/1; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-ओएसएन-22-22-1; बेलानगर स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करना। **(8)** एबी/2; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीएनएचएल-ओएसएन-35-22-1; धनियाखाली हाल्ट स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करना। **(9)** एबी/3; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-ओएसएन-38-23-1; गुराप स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करना। **(10)** एबी/4; एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केसीवाई-ओएसएन-52-22-1; कैचर स्टेशन पर वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का अनुबंध प्रदान करना। **(11)** एसी/1; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-95-23-1, एसी/2; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-96-23-1, एसी/3; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-97-23-1, एसी/4; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-98-23-1, एसी/5; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच- 99-23-1, एसी/6; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-100-23-1, एसी/7; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-101-23-1, एसी/8; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-102-23-1, एसी/9; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-104-23-1, एसी/10; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-105-23-1, एसी/11; एडीवीटी-एलओसीओ- एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-106-23-1, एसी/12; एडीवीटी-एलओसीओ- एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-107-23-1; 03 वर्षों की अवधि के लिए मुख्य रूप से हावड़ा मंडल (हावड़ा डीजल शेड डिपो) द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएपी-4) की बाहरी सतह पर ब्रंडिंग (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए विज्ञापन का अधिकार। **(12)** एसी/13; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-108-23-1, एसी/14; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-109-23-1, एसी/15; एडीवीटी-एलओसीओ- एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-110-23-1, एसी/16; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-111-23-1, एसी/17; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-112-23-1, एसी/18; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-113-23-1, एसी/19; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-114-23-1, एसी/20; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-115-23-1, एसी/21; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-116-23-1, एसी/22; एडीवीटी-एलओसीओ-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-117-23-1; 03 वर्षों की अवधि के लिए मुख्य रूप से हावड़ा मंडल (बर्द्धमान डीजल शेड डिपो) द्वारा अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएपी-5) की बाहरी सतह पर ब्रंडिंग (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) के जरिये वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए विज्ञापन का अधिकार। (HWH-137/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 26.06.2024;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-एस-03-24-25; कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधीन कर्वो पर ट्रैक पर स्थापित ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर की स्थापना-22 अदद। **निविदा मूल्यः** रु. 1,18,12,462.64; **ईएमडीः** रु. 2,09,100.00; **कार्य समापन अवधिः** 42 (बयालीस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 24.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 24.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-100/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 75 एवं 76-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 19.06.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा वित्तीय रूप से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: 75-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन विभिन्न साइडिंगों (साहिबगंज, सकरीगली-3 अदद, कारामोला, मिर्जाचौकी तथा महाराजपुर, कुल 07 अदद साइडिंग) में प्लांटों एवं वाल्वों के संचालन तथा दैनिक रखरखाव कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्यः** रु. 1,02,46,849.53; **क्रमांक 2; निविदा सं.: 76-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन 01 (एक) वर्ष के लिए विभिन्न साइडिंगों (बरहड़वा, बाकुडी, तालझरी, तीनपहाड़ एवं राजमहल - 12 अदद साइडिंग) में चोरी के विरुद्ध पाइप लाइन की सुरक्षा के लिए तथा वाल्व के संचालन तथा दैनिक रखरखाव तथा प्लांटों के रखरखाव तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्यः** रु. 1,78,37,805.94; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 11.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रमांक 1 एवं 2 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः www.ireps. gov.in**/डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी। निविदादाताओं से वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना तथा दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-58/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, का अति अल्प कालन निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SR-09/2024-25 (1st Call) Dt-15.06.2024 जो समाचार पत्रों में PR 326659 Drinking Water and Sanitation (24-25)#D द्वारा प्रकाशित है। जिसमें निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| SL No | विवरणी | :– | पूर्व से प्रकाशित सूचना | संशोधित –सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। | 03.07.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार।

PR.NO.327835 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार
## सूचना
## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः–13.07.2024

**व्यवहार न्यायालय, लातेहार मे निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार(झालसा), रॉची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा दिनांक 13.07.2024 दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निश्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि दिनांक11.3.2024 से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत चल रहे विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए "पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक" में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक13.07.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके।

उक्त् राश्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निश्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभीप्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वनविभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेकबाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्वनिस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू–अधिग्रहणसेसंबंधितमामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधितमामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राश्ट्रीय लोक अदालत में निश्पादित कराकर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें ।

अंजनी अंजन )
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
लातेहार।

(गरिमा सिंह)
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
लातेहार।

(मनोज कुमार सिंह)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष–
सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार–
लातेहार।

नोटः–उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर,लातेहार मे स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(शिवम चौरसिया)
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR 327894 Law(24-25)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### जांच शिविर में मिले कैंसर लक्षण वाले मरीज

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारत विकास परिषद की ओर से बुधवार को निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल की तरफ से डॉ आकांक्षा और डॉ आदित्य ने कैंसर मरीजों की जांच की। शिविर में 100 लोग पहुंचे। इसमें कैंसर के तीन मरीज मिले। एक मरीज गंभीर लक्षण वाला था और दो को पहले से कैंसर की बीमारी थी। कैंसर के अलावा बीपी और शुगर मरीजों की भी जांच की गई। मौके पर डिप्टी मेयर डॉ मोनालिया, जिला एनसीडी अधिकारी डॉ नवीन कुमार, डॉ विकास कुमार शर्मा, फार्मासिस्ट सोनू पांडेय, एचएल गुप्ता, रवि किरण गांधी, धीरज कुमार, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर कुमार, विकास गुप्ता मौजूद रहे।

### प्रभारी प्राचार्य को पांच माह से नहीं मिला वित्तीय प्रभार

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव के एसएसवी कॉलेज में विगत पांच माह से प्रभारी प्राचार्य बिना वित्तीय प्रभार के कॉलेज संचालन कर रहे हैं। कॉलेज के वरीय शिक्षक डॉ. सिकंदर चौधरी फरवरी माह से प्रभार में हैं। लेकिन अब तक वित्तीय प्रभार नहीं मिला है। कॉलेज में बीए पार्ट थ्री का परीक्षा चल रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमानुकूल प्रभारी प्राचार्य का प्रभार और ना तो वित्तीय प्रभार की अधिसूचना जारी की गई है। कॉलेज संचालक में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान लिपिक रमेश ठाकुर ने बताया कि कॉलेज में पांच माह से किसी को वित्तीय प्रभार विश्वविद्यालय में नहीं भेजा है। पांच माह से कॉलेज का बोरिंग खराब है। पानी की जबरदस्त किल्लत है। अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी विगत पांच माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सका है। साफ-सफाई सुचारू रूप से नहीं कराये जाने के कारण कॉलेज में गंदगी का अंबार जमा हो गया है। उन्होंने बताया कि जल्द विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया तो कॉलेज में पठन पाठन तक बंद करने को मजबूर होना पड़ेगा।

### बैंक कर्जदारों के खिलाफ शेरघाटी के गांवों में छापेमारी

**गया, एजेंसी।** पुलिस ने बुधवार को शेरघाटी थाना क्षेत्र के फजलाहा, कचौड़ी, कलंदरा और गांवखाप समेत चार गांवों में बैंक की कर्ज़ वसूली के लिए छापेमारी की। पुलिस दल के साथ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के अधिकारी भी शामिल थे। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे शेरघाटी थाने के सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार शाह ने बताया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान कर्जदारों से 6 लख रुपए की वसूली की गई है। छापामार दल में शामिल दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शेरघाटी शाखा के मैनेजर राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि 50 डिफॉल्टर खाताधारी के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। छापामारी में बैंक के गया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से आए कुमार रणविजय और कुमार दिवाकर के साथ शेरघाटी बैंक के मुख्य कैशियर विवेक कुमार भी शामिल थे।

### फल्गु नदी से बालू लोड करते दो बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**गया, एजेंसी।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने बुधवार सुबह भदेजा गांव स्थित बकरी फार्म के पास फल्गु नदी में बालू लोड करते दो ट्रैक्टर जब्त कर ली है। दोनों ट्रैक्टर के चालक फरार हो गए। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि जब्त की गई। ट्रैक्टर की सूचना माइनिंग विभाग को दी गई है। इधर, गया फतेहपुर मुख्य मार्ग के बंधुआ रेलवे गुमटी के रास्ते प्रति दिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू ढोया का रहे हैं। इस बालू तस्करी पर रोक लगाने की मांग माइनिंग विभाग से की गई है।

# क्रिमिनल पर कसेगा लगाम; बिना गिरफ्तारी भी चार्जशीट करेगी पुलिस

## 1 जुलाई से लागू होगा नया कानून



**पटना , एजेंसी।** बिहार सहित पूरे देश में एक जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानून के तहत बिना गिरफ्तारी किए पुलिस अब कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर सकेगी। अबतक के आपराधिक कानून के तहत आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस को सक्षम कोर्ट में पेश करना पड़ता है। इसके लिए फरार आरोपित को गिरफ्तार करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

हालांकि, बिहार पुलिस मैनुअल, 1978 में बिना मतलब के किसी की गिरफ्तारी नहीं करने और गिरफ्तारी किए जाने तक किसी मामले को लंबित नहीं रखने का उल्लेख है।मौजूदा सीआरपीसी में इसको लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं है कि आरोप पत्र दाखिल करने के पहले गिरफ्तारी हो या बाद में हो। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर आरोप पत्र दाखिल करने से मजिस्ट्रेट रोक नहीं सकते हैं। विशेष तौर पर सत्येंद्र कुमार अंटिल बनाम सीबीआई केस में स्पष्ट कहा गया है कि आरोपित को गिरफ्तार नहीं होने के आधार पर आरोप पत्र लेने से मजिस्ट्रेट इनकार नहीं कर सकते हैं। इसे ही नये कानून में शामिल किया गया है।

60 दिनों में आरोप गठन करना होगा सक्षम न्यायालय में पहली सुनवाई से 60 दिनों के अंदर मजिस्ट्रेट की ओर से आरोप गठन करना होगा। नये प्रावधान के अनुसार शिकायती केस (कंप्लेन केस) सीधे कोर्ट में दाखिल किए जाने के मामले में कोर्ट उस पर तुरंत संज्ञान ले लेता था। लेकिन, अब सक्षम न्यायालय को कंप्लेन केस को संज्ञान में लेने के पहले आरोपित का पक्ष सुनना पड़ेगा। इसके लिए कोर्ट आरोपित को बुला सकता है।

### पुलिसकर्मियों के पांचवें सत्र के प्रशिक्षण की शुरुआत हुई

एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण जारी है। बुधवार को डीजीपी आरएस भट्टी ने ज्ञान भवन में पांचवें सत्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के अधिकारियों को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एएन कॉलेज परिसर में वैसे पुलिस पदाधिकारी एवं अनुसंधानकर्ता जो प्रशिक्षण सत्र में शामिल नहीं हो सके हैं, उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य व्यक्ति भी संबंधित फैसले की जानकारी ले सकेंगे।

### वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य

नये आपराधिक कानून में कोर्ट के फैसले के 7 दिनों के अंदर आदेश को ई-कोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। यह जनोपयोगी वेबसाइट बनायी गई है ताकि अभियुक्त या सामान्य व्यक्ति संबंधित फैसले की जानकारी प्राप्त कर सकें।

### कहते हैं अधिकारी

पटना अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस महानिरीक्षक पी. कन्नन का कहना है कि तीन नए आपराधिक कानूनों में शामिल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) अथवा नयी सीआरपीसी में कई नये-नये प्रावधान किए गए हैं। इनका पालन करना पुलिस एवं कोर्ट के लिए अनिवार्य किया गया है।

### बेला गोली कांड : पूर्व मंत्री की बहू पर साजिश रचने की जताई आशंका

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बेला फेज वन इलाके में मंगलवार को बाइक सवार अपराधियों की गोली से गंभीर रूप से जख्मी महिला कंप्यूटर ऑपरेटर ने एक पूर्व मंत्री की बहू पर सुपारी देकर हमला करवाने का आरोप लगाया है। निजी अस्पताल में भर्ती महिला संस्कृति वर्मा के बयान पर बेला थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इसमें बहू को नामजद एवं तीन अज्ञात को आरोपित बनाया गया है।

एफआईआर में संस्कृति वर्मा ने कहा है कि पूर्व मंत्री की बहू को उस पर कोई संदेह था। वह लंबे समय से उसके पीछे पड़ी थी। संस्कृति ने पुलिस को बताया है कि उसकी रेकी कराई जा रही थी। शूटरों को सुपारी देकर उस पर जानलेवा हमला कराया गया। मंगलवार की सुबह बाइक सवार तीन अपराधियों ने संस्कृति पर गोली चलाई। स्कूटी से काम पर जा रही संस्कृति को तीन गोलियां लगी हैं।

जूरन छपरा के एक निजी अस्पताल में संस्कृति का ऑपरेशन किया गया। उसके शरीर से एक गोली निकाली गई। दो गोलियां आर-पार हो गई थीं। अब भी उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उसे आईसीयू में रखा गया है। परिजन लगातार आईसीयू के बाहर जमे हैं। वहीं, ब्रह्मपुरा पुलिस ने चिकित्सकों से संपर्क कर संस्कृति का हाल लिया। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। हालांकि, अत्यधिक खून रिसाव के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित का कहना है कि एक पूर्व मंत्री की बहू पर हत्या की साजिश की आशंका जताते हुए घायल संस्कृति वर्मा ने बयान दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है। बाइक चिह्नित की गई है। शूटर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### सड़क हादसे में महिला की इलाज के दौरान मौत

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में बख्तियारपुर रजौली फोरलेन एनएच-20 पर बुधवार की देर शाम वाहन से कुचलकर एक महिला की मौत हो गई। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरौल गांव के पास की है। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के कमदारगंज गांव निवासी चुन्नू गोप की (55) वर्षीया पत्नी गिरिजा देवी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि परिवार के सदस्य को बस चढ़ाने के लिए गिरिजा देवी एनएच-20 रोड पर आई थी। वह परिवार के सदस्य को बस पर सवार कर सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आनन-फानन में उन्हें डायल 112 के पुलिस के द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में गिरिजा देवी की मौत हो गई। मौत की पुष्टि के के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। महिला अपने मायके सकरौल गांव आई थी। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सड़क पार करने के दौरान यह हादसा हुआ है।

## बेगूसराय में 18-29 साल के युवा तुरंत करें अप्लाई, पीएफ से लेकर इंश्योरेंस की मिलेगी सुविधा




**बेगूसराय, एजेंसी।** बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय में लगातार जॉब कैंप का आयोजन कर रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर 28 जून को जॉब कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के पनहांस चौक के पास आईटीआई कैंपस में श्रम भवन के जिला नियोजनालय सभागार में आयोजित होने वाले इस जॉब का कैंप का आयोजन भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी कर रही है। इसमें संगम मैनेजर के 50 पदों पर बहाली की जाएगी। 18 से 28 वर्ष के कोई भी युवा जो मैट्रिक या इंटर पास हों, वह इस जॉब कैंप में भाग ले सकते हैं। बहाली हो जाने पर 11500 रुपए महीने सैलरी मिलेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड ने जॉब कैंप के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया है। इस बार भी 50 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इन्हें 11500 रुपए सैलरी के अलावे पीएफ, ईएसआईसी, ग्रेच्युटी, इंसेंटिव एवं इंश्योरेंस की सुविधा दी जाएगी।

जॉब लोकेशन बेगूसराय और खगड़िया होगा, घर से 70 से 150 किलोमीटर के बीच ही काम करना है। प्रमाण पत्र और बायोडाटा के साथ 10:30 बजे से 4:00 बजे तक आना है।

## युवक की गोली मारकर हत्या मामले में एसआईटी गठित

### गया में नाना के घर रहता था शख्स, परिजन दिल्ली में रहते हैं; हत्या का कारण जानने में जुटी पुलिस

**गया, एजेंसी।** गया के गुरारू थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव की युवक की गोली मारकर हुई हत्या मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई तेज कर दी गई है। एसएसपी आशीष भारती के आदेश पर एडिशनल एसपी, डीएसपी विधि व्यवस्था और एसडीपीओ ने घटना स्थल का अपने अपने तरीके से मौका मुआयना किया है। यही नहीं टेक्निकल सेल, डॉग स्क्वायड व एफएसल की टीम ने भी घटनास्थल की पड़ताल की है। पुलिस का दावा है कि इन्वेस्टिगेशन के साथ साथ डिटेक्शन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वह घटना के तह तक पहुंच गई है, लेकिन हत्या की वजह और हत्या करने वालों के नाम का खुलासा पुलिस फिलहाल नहीं कर रही है। एसएसपी ने मामले का खुलासा किए जाने और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। खास बात यह भी मृतक के न तो पिता मनोज सिंह और न ही नाना मामा गांव में रहते हैं। सभी के सभी दिल्ली में काम करते हैं। इस वजह से पुलिस को थोड़ी दिक्कत भी आ रही है। पुलिस इस मामले को प्रेम सम्बन्ध से भी जोड़ कर भी देख रही है, लेकिन इस बात का वह खुलासा नहीं कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) खुर्शीद आलम ने बताया कि वर्तमान प्रभार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें गुरारू थानाध्यक्ष, गुरारू थाना के अन्य पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा गया के अधिकारी कर्मी को शामिल किया गया है। गठित टीम द्वारा इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी, आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान की जा रही है। जल्द ही इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में गुरारू थाना द्वारा कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।गौरतलब है कि मंगलवार की देर रात तिनेरी गांव में अपने नाना के घर रहने वाले युवक अमित कुमार की अपराधियों गोली मार कर हत्या कर दी थी। उसका शव बुधवार की सुबह बधार से बरामद किया गया था। युवक बीती रात दस बजे से लापता था।



## सड़क हादसे में चार माह के मासूम की मौत, पिकअप ने मारी थी जोरदार टक्कर

### आरा में दंपती रिश्तेदार के घर से लौट रहा था

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के पास बुधवार को बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार मां,बाप व बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मां-बाप गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

इसके बाद गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

वहीं घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद चालक पिकअप छोड़ मौके से फरार हो गया जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप खलासी को गिरफ्तार कर पिकअप को भी जब्त कर लिया है। मृत बच्चा गीधा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी संतोष राय का 4 माह का पुत्र लव कुश कुमार है। जबकि ज़ख्मियों में उसी गांव के निवासी 40 वर्षीय संतोष राय एवं 35 वर्षीया उनकी पत्नी रानी देवी शामिल है। इधर,रानी देवी ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह बाइक से अपने पति एवं बेटे के साथ बिहिया थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव अपने रिश्तेदार के घर घूमने गई थी। बुधवार की देर शाम जब वह तीनों बाइक से वापस अपने गांव डुमरिया लौट रही थी। उसी दौरान धमार मोड़ के समीप पीछे से आ रही बेलगाम पिकअप ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनके चार माह के बेटे लव कुश कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि वह दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा तीनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद संतोष राय एवं उनकी पत्नी रानी देवी की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत बच्चा अपने दो भाई व में छोटा था। उसके परिवार में मां रानी देवी,बड़ा भाई अंकुश कुमार एवं बहन शिल्पी कुमारी है। घटना के बाद मृत बच्चे के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत बच्ची की मां रानी देवी में परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।





## भोजपुर में पुलिस ने 40 को किया गिरफ्तार, पुलिस पर हमला-हत्या के प्रयास और वारंट में हुई गिरफ्तारी

**अवैध बालू खनन में 12 वाहन जब्त**

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 40 लोग पकड़े गए । इसमें पुलिस पर हमले में एक, हत्या के प्रयास में तीन, वारंट में 10 और शराब में 21 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान आठ शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 296 लीटर देसी एवं 15 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। 600 लीटर शराब का पास विनष्ट कर दिया गया। करीब 18 लंबित वारंटों का निष्पादन किया गया। अभियान के दौरान 369 वाहनों की जांच की गई। एक लाख दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। नवादा थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में एक आरोपित को धर दबोचा। जगदीशपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बिहिया थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक आरोपित को धर दबोचा। उदवंतनगर एवं गजराजगंज ओपी पुलिस ने एक-एक अपहृता को बरामद किया है।

### अवैध बालू खनन और परिवहन को लेकर छापेमारी

भोजपुर में अवैध बालू खनन एवं परिवहन को लेकर लगातार छापेमारी जारी है। इस बीच पीरो अनुमंडल के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा बालू घाट समेत दो जगहों पर मंगलवार की रात पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी कर बालू ओवरलोड दर्जन भर वाहनों के अलावा एक लोडर मशीन को जब्त किया है। इसमें सात ट्रक एवं पांच ट्रैक्टर शामिल है। बिहटा में छापेमारी के दौरान थाने की पुलिस से हल्की नोकझोंक व झड़प होने की भी सूचना है। हालांकि,पुलिस ने झड़प से इनकार किया है।इधर, भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी की गई है। सूत्रों की मानें तो प्राथमिकी में गाड़ी मालिक व चालक समेत 30 को आरोपित किया गया है। इसमें अवैध खनन में संलिप्त तत्वों को भी आरोपित किया गया है। इससे पूर्व भी इमादपुर के बिहटा से पांच ट्रक एवं दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था। दरअसल, पुलिस प्रशासन को रात में गुप्त सूचना मिली थी कि बिहटा बालू घाट पर रात में चोरी-छिपे अवैध बालू खनन हो रहा है। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी एवं पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में दल-बल के साथ वहां छापेमारी की गई। छापे के दौरान सात बालू लदा ट्रक, दो ट्रैक्टर और एक लोडर मशीन को जब्त किया गया। टीम में पीरो डीएसपी के अलावा पीरो सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, सहार, चौरी, सिकरहटा , तरारी एवं इमादपुर एवं हसन बाजार थाना की पुलिस शामिल थी। रात आठ बजे से शुरू हुई कार्रवाई रात एक बजे तक चली।



# वेट लॉस ही नहीं डिप्रेशन से भी छुटकारा दिला सकता है चीकू

**आलू की तरह दिखने वाला फल चीकू सपोटा के नाम से भी जाना जाता है। चीकू में विटामिन-बी, विटामिन ई, पोटैशियम,फाइबर और मिनरल आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। चीकू खाने से त्वचा, दिमाग और पाचन अच्छा रहता है। चीकू खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। चीकू का हर भाग स्वास्थ्य लाभों से भरा है इसके पत्ते, जड़ और छाल को औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं चीकू खाने से व्यक्ति को मिलते हैं कौन से गजब के फायदे।**

## हड्डियां बनाए रखे मजबूत

चीकू में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू का रोजाना सेवन हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। चीकू खाने से बुढ़ापे की वजह से होने वाली कमजोर हड्डियों को ठीक करने में भी मदद मिलती है।

## डिप्रेशन में राहत

चीकू दिमाग को सेहतमंद बनाए रखने के साथ नींद न आने की समस्या को भी दूर करता है। चीकू का सेवन करने से गहरी और अच्छी नींद आती है। चीकू में मौजूद तत्व दिमाग में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं चीकू का सेवन डिप्रेशन को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है।

## एनर्जी

चीकू को एनर्जी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं।
जिन लोगों को एनर्जी की कमी महसूस होती है उनके लिए चीकू का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

## वेट लॉस

चीकू शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होता और वेट लॉस में मिलती है। चीकू को दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है। ये शरीर को तुरंत एनर्जी देने के साथ शरीर को मजबूत भी बनाता है।



# आपके स्वास्थ्य को बेहतर और सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करती है हरी मिर्च

**भोजन का स्वाद बढ़ाने और खाने में तीखापन लाने के लिए हरी मिर्च का उपयोग किया जाता है। अधिकतर लोग इसे अलग से खाने के साथ लेकर खाना भी पसंद करते है। लेकिन क्या आप जानते हैं हरी मिर्च कई सेहत गुणों से भरपूर है। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर और आपको सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करती है।**

हम आपको बता दें, कि हरी मिर्च कई तरह के पोषक तत्वों जैसे- विटामिन ए, बी6, सी, आयरन, कॉपर, पोटेशियम, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होती है। यही नहीं इसमें बीटा कैरोटीन, क्रीप्टोक्सान्थिन, लुटेन –जॅक्सन्थिन आदि स्वास्थ्यवर्धक चीजें मौजूद हैं।

- रक्तचाप को नियंत्रित करने में हरी मिर्च काफी फयदेमंद होती है। मधुमेह होने की स्थिति में भी हरी मिर्च में रक्तचाप का स्तर नियंत्रित रखने के गुण होते हैं।
- हरी मिर्च में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो किसी भी प्रकार के संक्रमण से शरीर और त्वचा की रक्षा करते हैं। यह त्वचा के लिए एंटी इंफ्लेमेटरी मेडिसिन की तरह काम करती है।
- हरी मिर्च में भरपूर मात्रा में विटामिन–सी होता है, जो रोगों के लड़ने की क्षमता में वृद्धि कर हमारी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। हरी मिर्च खाने के बाद आपकी बंद नाक का खुल जाना भी इसी का एक उदाहरण है।
- कैंसर से लड़ने और शरीर को सुरक्षित रखने के लिए भी हरी मिर्च फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की आंतरिक सफाई के साथ ही फ्री रेडिकल से बचाकर कैंसर के खतरे को कम करती है।
- इसके सेवन से फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी कम होता है। अतः धूम्रपान का सेवन करने वालों को हरी मिर्च को अपने भोजन में ज्यादा शामिल करना चाहिए, क्योंकि उन्हें फेफड़ों के कैंसर का खतरा सबसे ज्यादा होता है।
- हरी मिर्च को मूड बूस्टर के रूप में भी जाना जाता है। यह मस्तिष्क में एंडोर्फिन का संचार करती है जिससे हमारा मूड काफी हद तक खुशनुमा रहने में मदद मिलती है।
- वजन घटाने में हरी मिर्च आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। इसका प्रमुख कारण है, कि हरी मिर्च में कैलोरी बिल्कुल भी नहीं होती। इसके प्रयोग से आप पोषक तत्वों को तो ग्रहण करते हैं, लेकिन शरीर को कैलोरी नहीं मिलती।
- विटामिन–ई से भरपूर हरी मिर्च हरी आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। यह आपकी त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ ही कसाव लाती है, जिससे त्वचा जवां और खूबसूरत दिखाई देती है।
- हरी मिर्च पुरूषों में प्रोस्टेट कैंसर के खतरे को कम करती है। वैज्ञानिक द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाती है।
- दिल के लिए भी हरी मिर्च काफी फायदेमंद होती है। एक शोध के अनुसार हरी मिर्च से हृदय से संबंधित सारी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इस से रक्त में थक्कों की समस्या ठीक हो जाती है।

# उम्र बढ़ते ही क्यों होती है पेट में सूजन और भारीपन की समस्या



जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है वैसे–वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। चेहरे पर झुर्रियां, सफेद बाल, त्वचा का मुरझाना जैसे बढ़ती उम्र के आम लक्षण हैं। इसी के साथ–साथ लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। उम्र के एक पढ़ाव पर लोगों को मोतियाबिंद, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द, गर्दन दर्द, मधुमेह सहित न जाने कितने ही विकारों का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था में लोगों की सेहत को प्रभावित करने वाली हेल्थ कंडीशन की एक लंबी लिस्ट में ब्लोटिंग यानी पेट फूलना की भी एक बड़ी समस्या है। आमा भाषा में इसे इसे पेट की सूजन भी कहते हैं। पेट की सूजन को गेस्ट्राइटिस भी कहते हैं और इसके कई बार कोई लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन महसूस होते हैं। यहां हम आपको इस विकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## ब्लोटिंग का क्या कारण है?

आमतौर पर सभी एज ग्रुप के लोग समय–समय पर अपने पेट को फूला हुआ महसूस करते हैं। लेकिन एक उम्र के साथ ये समस्या बार–बार होने लगती है। पेट में सूजन तब होती है जब गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट हवा या कहें गैस से भर जाता है। यही गैस हमारे पेट को भरा हुआ, तंग या सूजा हुआ महसूस कराती है। अत्यधिक पेट फूलना और पेट में गड़गड़ाहट सूजन के कुछ अन्य सामान्य लक्षण हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में यहां जिक्र है। वृद्ध लोगों के मामलों में इन्हीं फैक्टर्स के कारण बार–बार सूजन होती है। कुछ विशिष्ट फलों और सब्जियों में फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है जिसे पचा पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। पेट में फाइबर को पचाने में थोड़ी मुश्किल होती थी, जिससे अक्सर पेट फूलने या सूजन की समस्या हो जाती है। यही वजह है कि वृद्ध लोगों के लिए ठीक से पका हुआ हल्के भोजन करने की सलाह दी जाती है, जिसे वे आसानी से निगल सकें। यदि ये समस्या गंभीर है तो उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए जो अक्सर सूजन का कारण बनते हैं।

### दूसरी हेल्थ कंडीशन्स

कुछ अन्य स्वस्थ्य स्थितियां जो ज्यादातर बुढ़ापे में उभरती हैं, जो सूजन और बैचेनी का कारण बन सकती हैं।

- इरिटेबल बॉएल सिंड्रोम
- सीलिएक रोग
- क्रोहन रोग
- गैस्ट्रोएसोफेगल प्रतिवाह रोग
- पेट दर्द
- बड़ी आंत में सूजन
- इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज
- मधुमेह

## पेट के एसिड में कमी

उम्र बढ़ने के साथ ही पेट में भोजन पचाने वाले एसिड की भी कमी हो जाती है जिससे बुजुर्गों का पेट फूलने लगता है। बता दें कि बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के साथ ही फूड को डाइजेस्ट करने वाले एसिड पेप्सिन का उत्पादन लगभग 40 प्रतिशत कम हो जाता है। पेप्सिन की कमी से शरीर के लिए प्रोटीन को तोड़ना मुश्किल हो जाता है, जिससे लोग फूला हुआ महसूस करते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों को प्रोटीन के एनिमल बेस्ड सोर्स का सेवन कम करना चाहिए।



# दवाओं के असर को कम कर देती हैं खान-पान की कुछ ये चीजें

दवा लिखते समय डॉक्टर हमेशा उसे खाने के तरीके से लेकर समय तक के बारे में सलाह देते हैं। बावजूद इसके कई बार व्यक्ति अनजाने में दवा के साथ कुछ ऐसी चीजों का सेवन कर लेता है, जो उसे फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने लगती हैं। दवा के साथ इन चीजों का सेवन शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगता है। कोई भी दवा लेते समय उसके साथ जुड़ी कुछ सावधानियां भी रखनी जरूरी हैं। खान–पान की कुछ चीजें दवाओं के असर को कम कर देती हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी खास चीजों के बारे में जिन्हें दवा के साथ लेने की गलती भूलकर भी नहीं करनी चाहिए।

## डेयरी प्रोडक्ट्स

डेयरी प्रोडक्ट आपके शरीर में कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का असर ठीक से नहीं होने देते हैं। दूध में पाए जाने वाले कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स केसीन प्रोटीन के साथ मिलकर दवाइयों के असर को कम कर देते हैं। अगर आप एंटीबायोटिक ले रहे हैं तो उस समय दूध ना पिएं।

## पोटेशियम से भरपूर फूड्स

ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए ली जाने वाली दवा, शरीर को आवश्यकता से अधिक पोटेशियम बनाए रखने में मदद कर सकती है। शरीर में किसी भी चीज की अधिकता हानिकारक होती है, पोटैशियम की अधिकता से हृदय और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है। कुछ अन्य पोटेशियम वाले फूड्स जिनसे आपको बचना चाहिए वे हैं आलू, मशरूम, शकरकंद, आलू आदि।

## मुलेठी

मुलेठी का इस्तेमाल कुछ लोग पाचन के लिए हर्बल उपचार के तौर पर करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ग्लाइसीरिजिन साइक्लोस्पोरिन सहित कुछ दवाओं के असर को कम कर देता है। इसके अलावा, अगर आप ट्रांसप्लांट कराने की कोई दवा ले रहे हैं तो भी मुलेठी का सेवन ना करें।

## पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों के रूप में भी पहचाना जाता है, कुछ दवाओं के अवशोषण और प्रभावशीलता को बाधित कर सकती हैं। केल, ब्रोकली आदि जैसी सब्जियां विटामिन के का एक बड़ा स्रोत हैं। विटामिन के का अधिक सेवन वार्फरिन जैसी दवाओं के प्रभाव में बाधा डाल सकता है। वारफेरिन का सेवन अक्सर ब्लीडिंग, रक्त के थक्कों या अन्य रक्त संबंधी विकारों के जोखिम को कम करने के लिए किया जाता है।

## शराब

दवा के साथ शराब का सेवन आपकी दवा के असर को कम करने के साथ आपकी सेहत पर भी बुरा असर डाल सकता है। एक अवधि में शराब और दवा का एक साथ सेवन करने से लीवर को काफी नुकसान हो सकता है और इससे लीवर से संबंधित अन्य विकार पैदा हो सकते हैं।

## सिगरेट

धूम्रपान फेफड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान आपको बीमारियों के प्रति संवेदनशील बनाकर आपकी इम्यूनिटी को भी कमजोर कर सकता धूम्रपान आपके द्वारा ली जा रही दवा के अवशोषण, वितरण और प्रभाव में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

## एनर्जी ड्रिंक्स

एनर्जी ड्रिंक्स के साथ भी दवाई नहीं खानी चाहिए. यह दवाई के डिजॉल्व होने के टाइम को बढ़ाता है। साथ ही इससे आपकी बॉडी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।



# पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं चिया सीड्स

चिया सीड्स पोषक तत्वों के पावरहाउस हैं। ये बीज भरपूर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन और दिल के लिए हेल्दी पॉलीअनसेचुरेटेड वसा से भरपूर होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के साथ आपको हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा, इन सुपर सीड्स को वेट लॉस के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है। इसे कैसे यूज करना है, आपको इसके बारे में कुछ बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

## चिया सीड्स के पोषक तत्व

100 ग्राम चिया सीड्स में 16.5 ग्राम प्रोटीन, 42.1 ग्राम कार्ब्स, 34.3 ग्राम फाइबर, 30.7 ग्राम फैट और 0 शुगर होता है। उच्च प्रोटीन, उच्च फाइबर पोषण संयोजन वजन घटाने के लिए इसे बहुत अच्छा बनाता है। जबकि को एक्टिव रखने के साथ चिया सीड्स खाने से पेट भरा–भरा भी लगता है।

## चिया सीड्स के साथ वेट लॉस

चिया बीज प्रति 100 ग्राम में 486 ग्राम कैलोरी होती है। कैलोरी वह इकाई है जो ऊर्जा को मापती है, जो शरीर के स्वस्थ कामकाज के लिए आवश्यक है। आसान शब्दों में, यह वह ऊर्जा है जो लोग अपने खाने–पीने के लिए प्राप्त करते हैं, जिसका उपयोग वे शारीरिक गतिविधियों को करने के लिए करते हैं। इसके अलावा वेट मैनेंजमेंट में भी चिया सीड्स बहुत फायदेमंद है। जो लोग जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन करते हैं, उनका वजन बढ़ सकता है, क्योंकि शरीर में एक्सट्रा कैलोरी को बर्न करना इतना आसान नहीं होता है।

## चिया सीड्स के फायदे

चिया सीड्स हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। चिया सीड्स में क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक एंटीऑक्सीडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है। सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें अल्फा–लिनोलेनिक एसिड नामक एक ओमेगा –3 फैटी एसिड होता है, जो आपकी दिल की हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है जिन लोगों का शुगर लेवल हाई रहता है, उन्हें भी चिया सीड्स भी इस्तेमाल करना चाहिए। चिया सीड्स में मौजूद फैटी एसिड त्वचा की जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है और पानी पीने से त्वचा में नमी बनी रहती है। चिया सीड्स को हमेशा पानी में भिगाकर ही इस्तेमाल करना चाहिए।



# एलर्जिक तत्वों से बनाएं दूरी

हम में से कुछ को किसी भी चीज से एलर्जी नहीं होती, जबकि कुछ लोगों को बहुत ही नॉर्मल चीजों से भी एलर्जी हो जाती है। असल में एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम का नुकसान न पहुंचाने वाली चीजों की तरह एब्नॉर्मल रिएक्शन है। आप जो कुछ भी खाते हैं या अप्लाई करते हैं, यह उसका रिएक्शन भी हो सकता है। आमतौर पर मोल्ड, पॉलन या जानवरों की वजह से यह एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है। सांस लेने या खाने के दौरान इनसे हमारा एक्सपोजर होता है। आंखों से पानी आना या इनमें खुजली होना, छींकें आना, नाक बहना, रैशेज, रेड पैचेज के साथ रैशेज, थकान या बीमार महसूस करना वगैरह एलर्जी के सामान्य लक्षण हैं। गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पूरी बॉडी में इचिंग, सांस फूलना, गले में कसाव महसूस होना, हाथों और पैरों में सिहरन वगैरह हैं।

## दूसरी, एलर्जी रिएक्शंस हैं

**फूड एलर्जी** – खाने की कुछ चीजों से एलर्जिक रिएक्शन के कारण पेट में दर्द, उलटी या डायरिया की शिकायत हो सकती है। कीड़े का काटना–मधुमक्खी या किसी और कीड़े के डंक से सूजन, रेडनेस या दर्द हो सकता है।

## कॉमन एलर्जी

वैकसीन, पेनिसिलीन और एस्पिरीन जैसी दवाइयां, कुछ खास तरह की मछलियां, धूल, पॉलन, पीनट्स, कीड़े के काटने, छोटी चोट, हॉट या कोल्ड टेम्परेचर, एक्सरसाइज या खास तरह के इमोशन से भी एलर्जी हो सकती है। एलर्जी के कारणों में दूध, नट्स, वीट और एग्स सबसे कॉमन हैं।

## आपको हो सकती है एलर्जी...

वैसे, एलर्जी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन बच्चों में यह कॉमन है। आपके परिवार में अगर किसी को एलर्जी है, तो यह आपको भी हो सकती है। वैसे, यह भी हो सकता है कि आपके पैरेंट्स को एलर्जी हो, लेकिन आप इसके शिकार न हों। आपके आसपास का माहौल भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेवार है। कई बार स्मोक, पलूशन, हार्मोंस वगैरह में घर के पर्दे, चद्दर वगैरह बदल डालें।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### 18वीं लोकसभा- बड़ी हैं चुनौतियां

सोमवार को 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो गई। हालांकि शुरुआती दो दिन सांसदों के शपथ ग्रहण की औपचारिकता ही होनी है, लेकिन फिर भी दोनों पक्षों के तेवर पहले ही दिन से यह संकेत दे रहे हैं कि न तो विपक्ष इस बार सदन में अपनी ताकत दिखाने का कोई मौका चूकना चाहता है और न ही सत्ता पक्ष उसे हलके में लेने के मूड में है। वैसे संख्या बल में जो भी थोड़ी-बहुत कमी रह गई हो, तथ्य यह है कि 17वीं लोकसभा में भी विपक्ष ने विरोध की डिग्री में कोई कमी नहीं रहने दी थी। यह बात सदन के अंदर और बाहर विपक्ष के हंगामे, वॉकआउट, धरना-प्रदर्शन वगैरह में ही नहीं, सदन से विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसी कार्रवाइयों में भी झलकती रही। बेशक इन सब पर पक्ष और विपक्ष का अपना अलग रुख है, उसके पीछे उनकी अपनी दलीलें भी हैं, लेकिन एक स्तर पर देखा जाए तो यह एक धड़कते, जिंदा लोकतंत्र की ज्वलंत निशानी भी मानी जाएंगी। विपक्ष की कमजोरी-बावजूद इसके, पिछली लोकसभा में कई मामलों में सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की कमजोरी भी दर्ज होती रही। पिछले करीब दस साल सदन में नेता प्रतिपक्ष की जगह खाली रही। 17वीं लोकसभा में तो कोई डेप्युटी स्पीकर भी नहीं बनाया गया और विपक्ष सरकार को इसके लिए मजबूर नहीं कर सका। विपक्ष का मनोबल हुआ है। इस पृष्ठभूमि में 18वीं लोकसभा में विपक्षी सदस्यों की बढ़ी हुई संख्या उनके मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाए हुए है। पहले दिन ही सदन के बाहर संविधान हाथ में लिए प्रदर्शन करते विपक्षी सांसदों ने यह संकेत दिया कि वे सरकार पर दबाव बनाने का कोई मौका इस बार नहीं चूकना चाहते। दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी अपने गठबंधन की मजबूती को कम समझने वालों के सारे भ्रम दूर करते चलने को कृत संकल्प दिख रहा है। विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के जवाब में आपातकाल की याद दिलाने वाला पीएम मोदी का बयान बताता है कि विपक्षी दलों की हर ईंट का जवाब पत्थर से देने की तैयारी सत्ता पक्ष ने भी कर रखी है। मुद्दों की कमी नहीं है। चाहे चुनावों से पहले के अग्निवीर और जाति जनगणना जैसे मुद्दे हों या महंगाई और बेरोजगारी जैसे शाश्वत माने जाने वाले सवाल या फिर पेपरलीक से जुड़े आरोप- सदन में ये उठेंगे ही। असल चुनौती यह है कि बदले समीकरणों के बीच विपक्ष अपनी बढ़ी हुई ताकत का कितना कुशल और रचनात्मक इस्तेमाल कर सकता है।

## रोजगार के सवाल पर राहत कितनी

(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से लगता है कि रोजगार फिर एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। सरकार के आलोचकों को लगता है कि बेरोजगारों का गुस्सा ही चुनाव नतीजों में सामने आया है। जाहिर है, सरकारी पक्ष भी इस तरफ से कान बंद करके नहीं बैठ सकता। खास बात यह है कि तमाम परेशानियों के बावजूद भारत लगातार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। और, इस बात पर तमाम विद्वान एकमत हैं कि आने वाले कम से कम दस-पंद्रह साल तक भारत में तरक्की की रफ्तार इतनी या इससे तेज ही रहने वाली है। ऐसे में, नौजवानों की उम्मीद भी बढ़ती है, लेकिन यह बात भी समझ लेनी चाहिए कि रोजगार का मतलब नौकरी नहीं है, और सिर्फ सरकारी नौकरी तो कतई नहीं। जीडीपी में आठ प्रतिशत की जबर्दस्त बढ़त दर हासिल करने के बाद भी बेरोजगारी भारत की बड़ी समस्याओं में एक बनी हुई है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही यह बात साफ है कि राजनीतिक तालमेल से निपटने के बाद इस सरकार की सबसे बड़ी चुनौती रोजगार का इंतजाम होगा। पिछले बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में जो फैसले हुए उनका ब्योरा देते हुए रोजगार पर खास जोर दिखाई पड़ा। महाराष्ट्र के वधावन पोर्ट की मंजूरी के साथ ही बताया गया कि इससे 17 लाख रोजगार पैदा होंगे। 76,000 करोड़ रुपये के खर्च से बनने वाला यह बंदरगाह भारत की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में से एक है। मगर इस खुशखबरी के साथ यह चिंता भी खड़ी हो जाती है कि तब करोड़ों रोजगार जुटाने के लिए कहां-कहां कितना-कितना खर्च करना पड़ेगा? भारत सरकार की पे रिसर्च यूनिट सरकारी कर्मचारियों और अफसरों के वेतन-भत्तों पर खर्च का ब्योरा जारी करती है। उसकी वेबसाइट पर आखिरी रिपोर्ट वित्त वर्ष 2020-21 की लगी है। इसके हिसाब से 1 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार में सभी वर्गों के कुल 41,11,146 कर्मचारियों के पदों की मंजूरी थी, लेकिन इनमें से 9,95,803 पद खाली थे। यानी, 24.22 प्रतिशत खाली पद भरे नहीं जा सके थे। उसके बाद का आंकड़ा अभी सामने नहीं है। मगर इस साल की शुरुआत में रेलवे भर्ती के मामले पर जैसा बवाल मचा, वह दिखाता है कि नौजवान कितने बेकरार हैं। अभी एक समाचार एजेंसी ने देश के जाने-माने अर्थशास्त्रियों से सवाल पूछे, तो उनमें से 91 फीसदी का जवाब था कि नई सरकार के लिए आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ी चुनौती रोजगार के सवाल का हल तलाशना ही होगा। उनके हिसाब से भी समस्या विकट हो रही है, क्योंकि तेज आर्थिक विकास के बावजूद उस अनुपात में रोजगार पैदा नहीं हो पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 'इंडिया इंप्लॉयमेंट रिपोर्ट' ने पिछले बीस साल के दौरान भारत में रोजगार की तस्वीर खींचने की कोशिश की है। हालांकि, इन वर्षों में कोरोना काल के लगभग गर्त में गए साल भी शामिल हैं। फिर भी, इसमें एक बड़ी चिंता सामने आती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में देश की आबादी का लगभग 64 फीसदी हिस्सा 15 से 59 साल की उम्र के बीच है। इसी उम्र के लोगों को कामकाजी आबादी माना जाता है। हालांकि, इस पर विवाद हो सकता है, क्योंकि 18 से कम उम्र के लोगों को रोजगार में होना नहीं चाहिए और आजकल 60 पार करने के बाद भी कई लोग तरह-तरह के काम करते रहते हैं। फिर भी, यदि इसी परिभाषा को मान लें, तो सोचने वाली बात यह है कि 2011 में आबादी का 61 फीसदी हिस्सा ही ऐसे लोगों का था, जबकि रिपोर्ट के मुताबिक, 2036 तक यह हिस्सेदारी बढ़कर 65 फीसदी हो जाएगी। हर साल 80 लाख से ज्यादा नौजवान इस बिरादरी का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें थोड़ा और बारीकी से झांकें, तो पता चलता है कि 2000 में जहां आबादी के इस हिस्से में सिर्फ 18 फीसदी लोग पढ़े-लिखे थे, वहीं 2022 तक यह गिनती बढ़कर 35 फीसदी हो चुकी थी। जबकि, दूसरी तरफ इसी दौरान कमाई कर रहे नौजवानों की गिनती 52 फीसदी से गिरकर 37 फीसदी पर पहुंच गई थी। इस रिपोर्ट में साफ दिख रहा है कि बेरोजगारी का संकट मुख्यरूप से नौजवानों की समस्या है। 2022 में कुल बेरोजगारों में 82.9 प्रतिशत नौजवान थे, जबकि पढ़े-लिखे नौजवान इस बेरोजगारों की फौज का 65.7 फीसदी हिस्सा हो चुके थे। चिंता को और बढ़ाने वाला आंकड़ा यह है कि 12वीं क्लास या उससे ज्यादा पढ़ने के बाद भी जो लोग बेरोजगार हैं, उनमें से 76.7 फीसदी महिलाएं या लड़कियां थीं। साफ है, ये सारे लोग सरकारी या निजी नौकरी के भरोसे तो हैं नहीं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो स्वरोजगार करते हैं और वे भी, जो अपने परिवार के कारोबार में हाथ बंटाते हैं। दीगर यह भी है कि भारत की आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा गांवों में रहता है और 47 फीसदी खेती या उससे जुड़े कामकाज के भरोसे है। यह जानकारी 2022 के आर्थिक सर्वेक्षण में थी। मगर अब बेरोजगारी की जद्दोजहद में सबसे बड़ी व कमजोर कड़ी है खेती के अलावा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले या काम की तलाश में लगे लोग। इन्हीं का हाल बताने के लिए सरकार का सांख्यिकी विभाग नियमित रूप से सर्वेक्षण करता रहता है। शहरी क्षेत्रों के लिए तिमाही रिपोर्ट आती है, जबकि गांवों के लिए सालाना। इसी महीने सरकार ने 2021-22 और 2022-23 के सालाना सर्वे की रिपोर्ट जारी की है। 2022-23 की रिपोर्ट में बेरोजगारी की दर 3.2 प्रतिशत दिख रही है, यानी अमेरिका से भी कम, लेकिन इसी में 15 से 29 साल की उम्र के लोगों में यह 10 फीसदी के चिंताजनक स्तर पर दिख रही है। 2017-18 के आंकड़े से मिलाएं, तो पता चलता है कि यह 17.8 प्रतिशत की ऊंचाई से गिरकर 10 फीसदी पर आई है। दूसरी तरफ, शहरी रोजगार पर तिमाही रिपोर्ट के अनुसार इस साल जनवरी से मार्च के दौरान 15 से 29 साल के लोगों में बेरोजगारी की दर 17 फीसदी पर पहुंच गई है। यह पिछले साल से थोड़ी कम है, मगर खतरे के निशान से काफी ऊपर है। यहां यह बात भी समझनी चाहिए कि मुफ्त राशन, मुफ्त गैस और मुफ्त घर से अब काम नहीं चल पाएगा। लोगों को अब रोजगार चाहिए। और, रोजगार भी ऐसा, जिससे उन्हें अपनी इज्जत और हैसियत बढ़ने का एहसास हो। सरकार यह लक्ष्य कैसे हासिल करेगी, यह आज का सबसे बड़ा सवाल है।

> *हर साल 80 लाख से ज्यादा नौजवान इस बिरादरी का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें थोड़ा और बारीकी से झांकें, तो पता चलता है कि 2000 में जहां आबादी के इस हिस्से में सिर्फ 18 फीसदी लोग पढ़े-लिखे थे, वहीं 2022 तक यह गिनती बढ़कर 35 फीसदी हो चुकी थी। जबकि, दूसरी तरफ इसी दौरान कमाई कर रहे नौजवानों की गिनती 52 फीसदी से गिरकर 37 फीसदी पर पहुंच गई थी।*

## पीएम मोदी का कश्मीर दौरा, जल्द मिले राज्य का दर्जा

लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही वहां के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को संबोधित किया। उन्होंने न केवल वहां जल्द चुनाव कराए जाने का संकेत दिया बल्कि यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में अब ज्यादा देर नहीं है। बेशक ये दोनों मुद्दे जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल के करीब हैं, लेकिन इन पर ऐसी घोषणाओं से आगे बढ़कर काफी कुछ करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले ही दिन इन दोनों मसलों का जिक्र किया जो इस बात का संकेत है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में ये दोनों मुद्दे काफी ऊपर हैं। फिर भी ये घोषणाएं वहां तत्काल खास उत्साह नहीं जगा पाईं तो उसकी एक वजह यह भी है कि इनमें स्पष्टता की थोड़ी कमी पाई गई। प्रधानमंत्री की बातों से यह साफ नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब तक दिए जाने की योजना है। यही कारण रहा कि पीएम मोदी के बयान के बाद वहां से यह मांग उठी कि सरकार को चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। विधानसभा चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर की समयसीमा तय कर चुका है। लेकिन चुनाव राज्य की विधानसभा के लिए होगा या केंद्रशासित क्षेत्र के लिए यह तय नहीं है। और प्रधानमंत्री का बयान भी उस पर कोई रोशनी नहीं डालता है। इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है। लेकिन फिर भी ये घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं। खासकर पीएम मोदी की यात्रा से कुछ पहले हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में चुनावों के दौरान उनकी तरफ से बाधा डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किए गए।

## उ.प्र. में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं

(संजय सक्सेना)

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लखनऊ-उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है। बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिर्जापुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है। बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आडी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5413

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 5414

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | ■ | 11 | | | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | 19 | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 11 अगस्त 1908 को इस महान क्रांतिकारी फांसी दी गई (7)
7. दमन करने वाला (5)
8. अंतरिक्ष, आकाश, आसमान (2)
9. नृत्य करवाना (3)
11. पार्श्व, पहलू, पक्ष (3)
12. जल, आब, नीर, पानी (2)
13. विवाह के समय होने वाली एक रस्म, शशि कपूर-आशापारेख अभिनीत एक फिल्म (1968)(4)
15. स्वभाव, लत, व्यसन (3)
16. निर्णीत, फैसला किया हुआ, ठहराया हुआ (2)
17. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई ता आइ रत्ती के बराबर होती है (2)
18. विलक्षण वस्तु या करतब, चमत्कार, पराकाष्ठा (3)
20. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (सिर्फ नाम)(3)
21. करने वाला, रचने वाला, साधक (2)
22. यथेष्ट, आवश्यकता से अधिक, अत्यधिक ज्यादा (3)

**ऊपर से नीचे**
1. स्वयं, आप (2)
2. एक प्रकार का कीट जो कागज आदि को हानि पहुंचाता है (3)
3. जंघा, जांघ (2)
4. चक्राकार बंदूक यह कहलाती है (5)
5. बातचीत, वार्तालाप (4)
6. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
10. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. जो भाग्य में लिखा हुआ हो (2)
12. अभियोग, तर्क, दार्शनिक प्रणाली (2)
14. न्यायाधीश, जज, न्याय करने वाला (4)
15. प्रत्याशतीत, कल्पनातीत, स्वप्नातीत, अकल्पनीय (4)
19. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)

### वर्ग पहेली 5413 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | द | मा | ■ | चं | ब | ल | ■ |
| रि | वा | ज | ■ | ग | ल | त | ■ |
| व | ■ | रा | ■ | ला | वा | ■ | वा |
| र्त | ■ | ■ | मु | ■ | ■ | गै | र |
| न | ई | दु | नि | या | ■ | ■ | दा |
| ■ | द | र्ज | ■ | द | ह | श | त |
| चौ | गा | न | ■ | गा | य | ■ | ■ |
| रा | ह | ■ | बा | र | ■ | ■ | पौ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन परेशानी और समस्या वाला हो सकता है। आज किसी मामले में आपकी अधिकारियों से अनबन हो सकती है। आपको शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और आपके कार्य सफल होंगे। आपको घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीद सकते हैं और सुविधाएं बढ़ेंगी। शुभ व्यय होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें तो आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आज आपका दिन शुभ होगा। आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ होगा और आपको शुभ फल प्राप्त होंगे। यात्रा लाभप्रद होगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से विवाद हो सकते हैं और आपके जीवन में समस्या बढ़ सकती है। शाम के वक्त आपके लिए लाभ का समय है। आपके घर में किसी अतिथि के आगमन से खर्च बढ़ेगा और लाभ होगा।

### मिथुन
आज भाग्य में वृद्धि के योग है। सांसारिक सुख में वृद्धि होगी और सफलता प्राप्त होगी। आपको सहयोग और सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। आपकी मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक शुभ योग हैं। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। सतर्क रहें।

### तुला
आज का दिन परेशानी और समस्या को बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आज किसी मामले में फैसला करने से पहले सतर्क रहें। राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट आ सकती हैं। कोई भी काम बहुत सोचकर करें। दोपहर के बाद में नवनिर्माण की रूपरेखा बनेगी। आपको दूसरों की मदद करने से लाभ होगा। रात के समय किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

### वृश्चिक
आज लाभ के योग हैं और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं और खुद पर नियंत्रण रखें। शाम से लेकर रात तक आपके घर में कुछ पुराने मित्रों का आगमन हो सकता है। प्रसन्न रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### धनु
आज दिन शुभ है और आज आपका भाग्योदय होगा। आपको कारोबार और व्यापार में लाभ होगा और बेहतर होगा कि समझदारी से काम लें। अच्छे कार्य में आपकी रुचि रहेगी और आपको काफी कुछ सीखने को मिलेगा। नौकरीपेशा वर्ग के लोगों के लिए तरक्की का दिन है और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### कर्क
आज किसी महान सफलता से हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आ सकता है। दिन के उत्तरार्द्ध में काफी दिन से चल रही समस्या का अंत होगा और आपको लाभ होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें तो आपको लाभ होगा। रात का वक्त आराम से परिवार के साथ बिताएं तो आपके लिए सुख समृद्धि के योग बने हैं।

### सिंह
आज आपका दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम को कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और धन में वृद्धि के योग हैं। आपका भाग्य साथ देगा।

### कन्या
आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी और किस्मत आपका साथ देगी। आपको हर कार्य में आत्मसंतुष्टि प्राप्त होगी और पैसों के मामले में किसी पर भरोसा न करें। आपकी सुविधाओं में वृद्धि होगी और सांसारिक सुख की प्राप्ति होगी।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। प्रिय व्यक्ति की मदद करने से आपके मन को सुकून होगा। रात का समय आनंद में बीतेगा। आपके लिए धन में वृद्धि के योग हैं और आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके कारोबार में योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ
आज लाभ होगा। किसी नई डील से अचानक धन लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय तनावा को हावी न होने दें। मित्रों के ऊपर आंख बंद करके भरोसा न करें। जोखिम के काम से दूर रहें। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

### मीन
आज करियर के मामले में मिलेजुले फल देने वाला रहेगा और आज आपके घर में शुभ कार्यक्रम होने के योग हैं और आज समाज में आपकी बेहतर छवि बनेगी। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और सम्मान में वृद्धि होगी। आज आपके जरूरी कार्य पूर्ण होंगे और योजनाएं सफल रहेंगी। आपके संबंधों में तनाव कम होगा और काम धंधा अच्छा चलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में हंगामे के आसार

**धनबाद।** कांग्रेस की ओर से लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा बैठक तीन जुलाई को बुलाई गई है। इसमें हंगामे के आशंका है। एक ओर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह प्रस्तावित समीक्षा बैठक की तैयारियों में जुटे हैं तो दूसरी ओर उनका विरोधी खेमा भी अपनी रणनीति बना रहा है। कांग्रेस के ही कई नेता कहते हैं कि ऐसे में बैठक में हंगामे से इनकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस के नेता ही कहते हैं कि पार्टी में गुटबाजी तो हर समय रही है। चुनाव के पहले विरोधी खेमा ज्यादा सक्रिय नहीं था। पार्टी के अंदर ही विरोध के स्वर उठते थे। चुनाव परिणाम के बाद यह हुआ कि विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। जिलाध्यक्ष को सीधे निशाने पर रखा जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रदीप बलमुचू की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा कमेटी बनाई गई है। प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार ल सुल्तान अहमद कमेटी के सदस्य हैं। कमेटी पहले 21 जून को धनबाद आने वाली थी। बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब तीन जुलाई को कमेटी धनबाद पहुंचेगी। समीक्षा बैठक जिला स्तर पर हो रही है। धनबाद लोकसभा में धनबाद के चार तथा बोकारो के दो विधानसभा क्षेत्र आते हैं। ऐसे में धनबाद लोकसभा चुनाव परिणाम पर बोकारो जिला में भी चर्चा होगी। कमेटी तीन जुलाई को ही बोकारो में बैठक करेगी। पहले बोकारो में बैठक होगी। इसके बाद कमेटी धनबाद पहुंचेगी। दोनों जिलों की बैठक के आधार पर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश संगठन प्रभारी को सौंपा जाएगा।

### सड़क पार कर रहे दो स्कूली बच्चे वाहन की चपेट में आकर हुए घायल

**रांची।** अड़की थाना अंतर्गत जारंगा में स्कूल से सड़क पर कर रहे दो बच्चे सवारी गाड़ी के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह 9.30 बजे की है। जानकारी के अनुसार जरंगा मध्य विद्यालय में कक्षा संचालित के समय पर स्कूल की गेट खुली थी। वहीं बच्चे घर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान तमाड़ खूंटी मुख्य सड़क से तेज गति से एक सवारी गाड़ी हारीपीढ़ी से बारातियों को लेकर रुंताडीह जा रही थी। इस दौरान सवारी गाड़ी की चपेट में आ जाने से 5 वर्षीय खुशी कुमारी और 6 वर्षीय पूर्णिमा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से लथपथ घायल बच्चों को देख अन्य छोटे बच्चे रोने लगे। जिसकी आवाज सुन मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर लोगों द्वारा निजी वाहन से तुरंत घायल बच्चो को अड़की के कल्याण अस्पताल पहुंचाया गया। जिसके बाद बच्चो की नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उनके अभिभावक निजी अस्पताल ले गए। जहां फिलहाल दोनों बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई गयी। वहीं दूसरी ओर जरंगा के ग्रामीण दुर्घटना के लिए स्कूल प्रशासन को जिम्मेदार मान रहे हैं। जरंगा मुखिया चितरंजन मुंडा का कहना है कि स्कूल सड़क के एकदम किनारे है। स्कूल प्रशासन और प्रधानअध्यापक के लापरवाही के कारण स्कूल संचालित समय पर स्कूल का गेट खुला हुआ था। बच्चे निकल कर सड़क की ओर आ गए थे। जिससे घटना घटित हुई। ग्रामीणों का कहना है कि खूंटी तमाड़ सड़क काफी व्यस्त सड़क है। पहले भी कई बार स्कूल प्रशासन एवं शिक्षकों को इससे अवगत कराया गया था। कक्षा के समय में स्कूल का गेट बंद रखा जाए। स्कूल छुट्टी के समय बच्चो को सड़क पार करने में मदद किया जाए। लेकिन शिक्षकों ने इस बात को गंभीरता से नही लिया। जिसके कारण बच्चो के साथ दुर्घटना घटी।

### ट्रेन में बिना टिकट बैठा यात्री खुद को बताने लगा सीबीआई अफसर

**जमशेदपुर।** एर्नाकुलम-टाटानगर एक्सप्रेस से मंगलवार को टाटानगर के आरपीएफ जवान कृष्णा कुमार सिंह ने एक फर्जी सीबीआई अफसर को पकड़ा है। आरोपी का नाम सरफराज खान है और वह राजस्थान के जैसलमेर के सौफिया चंदानी का निवासी है। उसके पास से दूसरे व्यक्ति के नाम का आधार कार्ड व पैन कार्ड समेत 800 रुपए नगद बरामद किया गया है। 25 जून की सुबह राउरकेला स्टेशन से एर्नाकुलम एक्सप्रेस के चलने के बाद थर्ड एसी कोच बी-6 से उसे पकड़ा गया। आरोपी सरफराज खान को आरपीएफ जवानों ने टाटानगर में ट्रेन से उतारा। इसके बाद आरपीएफ पोस्ट में पूछताछ के बाद टाटानगर रेल पुलिस को सौंप दिया। आरपीएफ जवान के अनुसार, गीतांजलि एक्सप्रेस में एस्कॉर्ट करते हुए उसकी टीम राउरकेला गई थी। वहां से एर्नाकुलम एक्सप्रेस में टाटानगर तक गश्त ड्यूटी थी।

# चंपाई कैबिनेट का विस्तार आज, कांग्रेस-जेएमएम से होंगे एक-एक मंत्री

**रांची।** झारखंड सरकार की अवधि खत्म होने के ठीक छह महीने पहले चंपाई सोरेन कैबिनेट का विस्तार हो रहा है। आलमगीर आलम के त्यागपत्र देने के बाद से कांग्रेस कोटे के खाली मंत्री पद को भरा जाएगा। वहीं इस बार 12वें मंत्री का पद भी भरा जाएगा। इस तरह झारखंड को दो नए मंत्री मिलेंगे।

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नाम भी लगभग फाइनल हो गया है। शुक्रवार की शाम चंपाई कैबिनेट का विस्तार हो जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, चंपाई सरकार में जो दो नए मंत्री शपथ लेंगे उसमें एक कांग्रेस और दूसरा झामुमो कोटे से होगा। जेएमएम कोटे से बैद्यनाथ राम के नाम को लेकर चर्चा है। वहीं कांग्रेस कोटे से मुस्लिम चेहरे इरफान अंसारी को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं कांग्रेस कोटे के मंत्री बादल पत्रलेख के बदले जाने की भी चर्चा है।

### डॉ इरफान अंसारी और बैद्यनाथ राम के नाम पर मुहर

बताया जा रहा है कि झामुमो से बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाया जा सकता है। कांग्रेस ने भी बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक में अपने कोटे के मंत्री के नाम तय कर लिए हैं। कांग्रेस की ओर से इरफान अंसारी के नाम की चर्चा है।

बताया जा रहा है कि आलमगीर आलम के बाद कांग्रेस में फिलहाल डॉ. इरफान ही एक मात्र मुस्लिम विधायक हैं। इसलिए उन्हें मंत्री बनाए जाने से आलमगीर आलम के हटने के बाद अल्पसंख्यकों के बीच संदेश देने के लिए पार्टी अल्पसंख्यक चेहरे को ही सामने रखना चाहती है।



### बादल पत्रलेख को बदलने पर भी चल रहा मंथन

कांग्रेस के भीतर मंत्री बादल पत्रलेख को भी बदलने पर मंथन चल रहा है। 24 जून को दिल्ली में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ प्रदेश नेताओं और मंत्रियों की जो बैठक हुई थी, उसमें मंत्रियों के काम काज पर काफी नाराजगी जताई गई थी।

उस बैठक में बादल को लेकर सबसे नाराजगी थी। इस वजह से उनके बदले जाने और दीपिका पांडेय सिंह को मौका दिए जाने पर मंथन हो रहा है। हालांकि पार्टी के कुछ लोग यह कहकर बादल का बचाव भी कर रहे हैं कि कुछ माह के लिए अब बदलाव उचित नहीं होगा।

### विधायक दल के नेता पर अभी ज्यादा बल नहीं

कांग्रेस विधायक दल के नेता पद को लेकर अभी कांग्रेस नेतृत्व ज्यादा बल नहीं दे रहा है। इस वजह से विधायक दल के नेता का पद फिलहाल प्रभार के तौर पर ही चलता रह सकता है। हालांकि इस पद के लिए डॉ रामेश्वर उरांव के नाम पर मंथन हो रहा है।

पार्टी उन्हें सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते जिम्मेदारी दे सकती है। फिलहाल सदन में उपनेता प्रदीप यादव को कार्यवाहक विधायक दल का नेता बनाया गया है।

### दोनों के मंत्री बनने की यह है वजह

डॉ इरफान अंसारी : जामताड़ा से विधायक डॉ इरफान अंसारी को मंत्री बनाने के पीछे की वजह अल्पसंख्यक कोटे को बैलेंस करना है। इससे पहले अल्पसंख्यक कोटे के मंत्री आलमगीर आलम संथाल परगना से आते थे, इरफान भी उसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि दुमका लोकसभा में जेएमएम उम्मीदवार नलिन सोरेन को जामताड़ा से लगभग 50 हजार वोट मिले थे। इसके पीछे भी इरफान अंसारी ही हैं।

बैद्यनाथ राम : इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की वजह दलित वोटरों को साधना है। पार्टी बैद्यनाथ राम के जरिए उस कोटे के वोटर्स को आगामी चुनाव में अपने पक्ष में करना चाहती है, जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। यही वजह है कि उन्हें मंत्रिमंडल में मौका दिया जा रहा है।

### बादल बदले तो दीपिका के मंत्री बनने की चर्चा

मंत्रियों के कार्यों के परफॉर्मेंस के आधार पर वर्तमान कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को बदलने की चर्चा है। इनकी जगह दीपिका पांडेय सिंह मंत्री बनाई जा सकती हैं। महगामा विधायक दीपिका भी संथाल परगना का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस लोकसभा चुनाव में उन्हीं की बदौलत प्रदीप यादव को महगामा से लीड मिली थी।

## जेएसएससी की 40 हजार भर्तियों का कैलेंडर जारी



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने बुधवार को परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया। आयोग ने जिन परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है उसमें कुछ परीक्षाएं ले ली गई हैं, कुछ चल रही हैं और कुछ होने वाली हैं। आयोग ने आगामी होने वाली परीक्षाओं की संभावित तिथि के साथ-साथ सभी के परिणाम जारी करने की संभावित तिथि भी जारी की है। महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगी। इसके परिणाम सितंबर के तीसरे सप्ताह में आएंगे। वहीं, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता ( अगस्त के तीसरे सप्ताह में होगी। इसका रिजल्ट अक्तूबर के तीसरे सप्ताह में आएगा। झारखंड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सितंबर के पहले सप्ताह में होगी, जबकि रिजल्ट अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में आएगा।

झारखंड स्नातक (तकनीकी-विशिष्ट) योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा सितंबर के अंतिम सप्ताह में होगी और परिणाम नवंबर के तीसरे सप्ताह में आएगा।इसके अलावा उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा प्रशासी विभाग से शारीरिक दक्षता परीक्षण के बाद संबंधित परीक्षण में पास अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त होने के बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।इधर, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा और झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी का परिणाम अगस्त के दूसरे सप्ताह में जारी करेगा।

वर्तमान में इंटरमीडिएट स्तर के प्रशिक्षित शिक्षक आचार्य और स्नातक स्तरर के प्रशिक्षित सहायक आचार्य की परीक्षा प्रक्रियाधी है। इंटरमीडिएट स्तर का परिणाम सितंबर के पहले सप्ताह में और स्नातक स्तर का परिणाम अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में जारी होगी।

## प्रीमियर डिवीजन: दलमा टाइगर्स ने झारखंड स्पोर्टिंग क्लब को 2-0 से हराया

**जमशेदपुर।** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दलमा टाइगर्स ने झारखंड स्पोर्टिंग क्लब पर 2-0 की शानदार जीत हासिल की। टाइगर्स की जीत सचिन सिंह और विश्वनाथ सिंह सरदार के गोलों से हुई, जिन्होंने 59वें और 62वें मिनट में गोल किया। वहीं, टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक कड़े मुकाबले में विकास समिति ने बरहा दिशोम फुटबॉल टीम के खिलाफ 1-0 की मामूली जीत हासिल की। 69वें मिनट में मुकेश माझी ने गोल किया, जिससे विकास समिति की जीत पक्की हो गई। आर्मरी ग्राउंड में कटिन फुटबॉल अकादमी ने छोटानागपुर फुटबॉल क्लब के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-1 से जीत हासिल की। जलेश्वर मुर्मू कैटिन के स्टार रहे, जिन्होंने 41वें और 46वें मिनट में दो महत्वपूर्ण गोल किए। छोटानागपुर फुटबॉल क्लब के लिए जीतू मुंडा द्वारा तीसरे मिनट में किए गए शुरुआती गोल के बावजूद टीम फायदा नहीं उठा सकी, जिससे कटिन को जीत हासिल करने का मौका मिल गया। इधर, गोपाल मैदान में सुपर डिवीजन मुकाबले में आदिवासी ग्रीन स्पोर्टिंग क्लब ने अरुणा समिति पर 4-0 की जीत के साथ एक प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जितेन्द्र मुर्मू और अमित हेमब्रोम ने 53वें और 56वें ??मिनट में गोल किए, जबकि दिलीप सिंह ने 50वें और 82वें मिनट में दो गोल दागे।

# तेजरफ्तार बेकाबू ट्रैक्टर घर में घुसी एक महिला की हुई मौत, एक की हालत गंभीर

**देवघर/पालोजोरी।** बुधवार की दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे पालोजोरी-जामताड़ा मुख्य मार्ग पर पालोजोरी अंचल के खागा थाना क्षेत्र के खागा बाजार में एक तेज रफ्तार व बेकाबू ट्रैक्टर सड़क किनारे स्थित एक घर में घुस गई। इस क्रम में सड़क किनारे खड़ी एक महिला की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो गई।

मृतक महिला 40 वर्षीय सुनीता देवी पति पांचू राय खागा थाना क्षेत्र की शिमला गांव की रहने वाली थी। वहीं ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक अन्य महिला पूजा देवी पति संतोष कुमार ग्राम पहरुडीह गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला का इलाज पालोजोरी सीएचसी में हो रहा है। घायल महिला भी मृतका की रिश्तेदार है।



**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम:** वहीं दूसरी ओर घटना के विरोध व मुआवजा की मांग को लेकर खागा,शिमला सहित आसपास के लोगों ने पालोजोरी-जामताड़ा मुख्य मार्ग को खागा बाजार के पास जाम कर दिया। लोगों ने कहा कि ट्रैक्टर चालक बालू खाली कर वापस जामताड़ा की ओर लौट रहा था। चालक काफी तेजी व लापरवाही के साथ ट्रैक्टर चला रहा था। इसी क्रम में चालक का संतुलन खो गया और ट्रैक्टर सड़क के किनारे गणेश मेडिकल से सटे घर में घुस गया।

घटनास्थल खागा थाना से महज चंद कदम की दूरी पर स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही खागा थाना प्रभारी मणिलाल सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व घायल को सीएचसी पालोजोरी पहुंचवाया।

आक्रोशित लोग दोषी ट्रैक्टर चालक, मालिक पर कार्रवाई के साथ-साथ मृतक के परिजनों के लिए उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। पुलिस के समझाने के बाद भी लोग कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। ट्रैक्टर सारठ थाना का ठाढ़ी गांव का बताया जाता है। ट्रैक्टर चालक पुलिस कस्टडी में है।

**पहुंचे विधायक व बीडीओ:** घटना की सूचना पर सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह व बीडीओ अमीर हमजा खागा घटनास्थल पहुंचे। फिर विधायक,बीडीओ, मुखिया प्रतिनिधि गुपिन रजवार, बरजोड़ी मुखिया प्रतिनिधि जतन महतो व पुलिस के समझाने के बाद संध्या लगभग साढ़े 6 बजे आवागमन सुचारू हुआ। विधायक,थाना प्रभारी व मुखिया प्रतिनिधियों ने अपनी ओर से आर्थिक मदद के साथ-साथ सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव मुआवजा दिलाने की बात कही। बीडीओ अमीर हमजा ने भी तत्काल आर्थिक मदद दी। बीडीओ ने कहा कि प्रावधान के अनुसार हर संभव सहायता दी जाएगी।

**30 जून को थी मृतका की बेटी की शादी :** बताया जाता है कि मृतका सुशीला देवी की बेटी की शादी 4 दिन बाद 30 जून को है। बेटी की शादी की तैयारी व मार्केटिंग करने के लिए सुशीला देवी अपने पति के साथ पालोजोरी गई थी। मार्केटिंग के पश्चात वह लौटते समय खागा में कुछ देर के लिए रुकी थी। खागा में संचालित सीएसपी से उसे कुछ पैसे भी निकालने थे।

# झारखंड में 29 जून से मानसून का दिखेगा असर, 30 से पूरे राज्य में बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में मानसून की एंट्री एक हफ्ते पहले ही हो चुकी है। हालांकि, प्रदेश में इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। राजधानी रांची समेत कई इलाके हैं, जहां पिछले कई दिनों से बारिश नहीं हुई है। इस वजह से राज्य में उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। बारिश न होने से प्रदेश के कई शहरों का तापमान भी बढ़ गया है।

इस बीच मौसम विभाग ने आज झारखंड के कई जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसे लेकर प्रदेश में यलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। मौ



मौसम विभाग के मुताबिक, आज राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। कल और 29 जून को राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। 30 जून से राज्य में बारिश का और विस्तार होगा और राज्य के लगभग सभी हिस्सों में बारिश के आसार हैं। आने वाले कुछ दिनों में इसका विस्तार होगा। राज्य में 30 जून तक अलर्ट जारी किया गया है।

**28 जून के बाद से रफ्तार पकड़ेगा मानसून :** मौसम विभाग के मुताबिक, 28 को उत्तर पश्चिम इलाकों में अधिक बारिश होगी। 29 जून को भी पश्चिमी और निकटवर्ती इलाकों में भारी बारिश के आसार हैं। राज्य में एक दिन के बाद बारिश देखने को मिलेगी।

अभी मानसून पूरे राज्य में फैला नहीं है। यही वजह है कि राज्य के कई हिस्सों में बारिश नहीं है। राज्य में 51.7 मिमि बारिश हुई है। इस अवधि में वर्षा पात 149.8 है। राज्य में पांच जिले ऐसे हैं जहां बारिश कम हुई है जबकि 19 जिले ऐसे हैं जहां बड़ी मात्रा में बारिश कम हुई है। 28 जून से मानसून में गति पकड़ने की संभावना है।

**बिहार की ओर जा रहा मानसून :** मानसून अभी चाईबासा, पाकुड़ से होता हुआ बिहार के रक्सौल तक जा रहा है। अभी उसके और आगे बढ़ने की संभावना है अगले कुछ दिनों में मानसून से झारखंड का अधिकांश हिस्सा कवर हो सकता है। एक पूर्व पश्चिमी टर्फ का असर झारखंड पर दिख रहा है।

**कैसा रहा मौसम :** राज्य में पिछले 24 घंटे के तापमान की बात करें तो झारखंड में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश 52 मिमी की हुई जो गुमला के डुमरी में दर्ज की गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया है।

## ठेका मजदूरों की मांगों पर प्रबंधन की सहमति

**चाईबासा/गुवा।** टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के ठेका मजदूरों ने बुधवार को हाथी चौक में झारखंड मजदूर यूनियन के बैनर तले जनसभा की। मौके पर झारखंड के पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहा कि घाटकुड़ी में स्थित टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट की खदान में काम करने वाले ठेका मजदूर का शोषण किया जा रहा है। इसके चलते आज मजदूर आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं।



इसके बाद टाटा स्टील प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसमें टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट कंपनी ने ठेका मजदूरों की सभी मांगों पर सहमति जताई और कहा कि कंपनी रूल एवं रेगुलेशन एक्ट का पालन करते हुए मजदूरों को सभी सुविधाएं देगी। समस्याओं के निराकरण को लेकर टाटा स्टील प्रबंधन को मजदूरों की 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। बैठक में कंपनी की ओर से लॉजिस्टिक के हेमंत पंडा, मैनेजर आशीष कुमार, हेड सिक्योरिटी के महेंद्र सिंह बानरा, माइंस मैनेजर ब्रजविनोद कुमार, सिनियर मैनेजर एचआर के अनमोल रतन राय तथा झारखंड मजदूर यूनियन की ओर से पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां, राहुल आदित्य, वृंदावन गोप, मोहम्मद तबारक, हेमराज सोनार सहित काफी संख्या मजदूर मौजूद थे।

यह है मांग : ठेकेदार द्वारा मजदूरों की वेतन में कटौती की जाती है। पीएफ राशि श्रम कानून अधिनियम के अंतर्गत जमा नहीं किया जाता है। छह-छह महीने में पीएफ के लिए नया ज्वाइनिंग कराया जा रहा है। श्रम कानून के मुताबिक महंगाई भत्ता नहीं दिया जा रहा है, केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाया गया एडब्लूपीए नहीं मिलता है।

श्रम कानून अधिनियम के मुताबिक सेवानिवृत्ति के समय रुपये का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को एंबुलेंस की सेवा नहीं मिल रहा है। ठेका मजदूरों को जॉब एप्वाइंटमेंट लेटर नहीं मिलता है। 15 सालों से काम कर रहे मजदूरों को कोई पद नहीं दिया जा रहा है। 20 साल से ठेकेदारी में काम चल रहा है, यह कानून का उलंघन है। काम पर जाने के क्रम में दुर्घटना होने पर कोई मुआवजा नहीं मिलता है। ओवर टाइम ड्यूटी करने पर डबल हाजरी नहीं मिलता है। बोनस नहीं दिया जा रहा है। दुर्घटना या काम के दौरान मौत होने पर मजदूरों को 25 हजार रुपये मिले।

## पांच फीट लंबा निकला अजगर, देखने जुटी लोगों की भीड़



**चितरा।** चितरा कोलियरी के दमगढ़ा कोल माइंस के समीप करीब पांच फीट एक अजगर सांप देखा गया, जो कोतुहल का विषय बना। इस दौरान अजगर निकलने की खबर पर आसपास गांव के काफी संख्या में ग्रामीण अजगर देखने पहुंचे। बताया जाता है कि नजदीक सहरजोरी जंगल से उक्त अजगर निकला था, जिसपर लोगों की नजर पड़ी। जिसके बाद लोगों ने अजगर को एक गड्ढे में पहुंचाने के बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वहीं सूचना मिलने पर ग्राम वन संरक्षण समिति के सदस्य सुबोध महतो सहयोगियों के साथ पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद अजगर को बोरा में डालकर घने जंगल में छोड़ने के लिए ले जाया गया।

# 28 जून को शक्ति प्रदर्शन कर जनरल ऑफिस का करेंगे घेराव: संयुक्त यूनियन

**चाईबासा/गुवा।** संयुक्त यूनियनों ने आज बुधवार देर शाम को सेल कर्मियों, ठेका मजदूर व सप्लाई मजदूरों के साथ बैठक कर आंदोलन करने की बनाई रणनीति। इस दौरान मजदूरों को संबोधित कर संयुक्त यूनियन ने कहा कि गुवा सेल में बीते दिसंबर माह में बोकारो व अन्य राज्यों से आए 18 बाहरी लोगों को जॉइनिंग दे दिए जाने पर संयुक्त यूनियनों ने एकजुट होकर लगातार आंदोलन कर रहे थे।

इन संयुक्त यूनियनों का नेतृत्व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा तथा पूर्व सांसद गीता कोड़ा कर रहे थे। मजदूरों का लगातार आंदोलन को देख सेल प्रबंधन ने सेल के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक बोकारो में की गई थी। जहां सेल के उच्च अधिकारियों ने आस्वत किया था कि गुवा सेल में 18 बाहरी लोगों को गुवा सेल में जॉइनिंग नहीं दी जाएगी। उसके बाद सभी संयुक्त यूनियनों ने अपने आंदोलन को समाप्त कर दिया गया था।



उसके बाद पूणः मई माह में संयुक्त यूनियनों को धोखे में रख चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते हीं बाहरी 18 लोगों को जॉइनिंग गुवा सेल प्रबंधन द्वारा करा दी गई। ताकि संयुक्त यूनियन आचार संहिता में कोई आंदोलन ना कर सके।

इसका संयुक्त यूनियन पुरजोर विरोध करता है। इसके लिए सभी मजदूरों के साथ पिछले बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाई गई थी। जिसमें सेल प्रबंधन को संयुक्त यूनियनों ने बाहरी 18 लोगों को जॉइनिंग दी गई है उसे अभिलंब निरस्त किया जाए या 500 सप्लाई व ठेका मजदूरों को परमानेंट करें। इस पर सेल प्रबंधन ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। अब संयुक्त यूनियन सेल प्रबंधन के झांसे में नहीं आने वाली है। और आंदोलन की रूप रेखा तैयार करते हुए 28 जून को संध्या 4:00 बजे गुवा जनरल ऑफिस में शक्ति प्रदर्शन कर घेराव कर दी जाएगी। उसके बाद भी सेल प्रबंधन नहीं माने तो आर्थिक नाकाबंदी कर अनिश्चितकाल के लिए चक्का जाम कर दी जाएगी।

संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक, सप्लाई मजदूर संघ, सारंडा मजदूर संघ,सीटू, झारखंड मजदूर मोर्चा शामिल हैं। इस दौरान मौके पर रामा पांडे, अंतर्यामी महाकुड, किशोर सिंह, मनोज बाखला, दिलबाग सिंह, विश्वजीत तांती, जयसिंह नायक,पंचम जॉर्ज सोय, मनोज मुखर्जी,संजय सांडिल, प्रदीप सुरीन, गुरुचरण दास, सिकंदर पान, राकेश चक्रवर्ती, राजेश कोड़ा, समीर हलधर, पंकज गुप्ता, संजु गोच्छाईत,मोहम्मद आजीम, नेपा स्वर्णकार, कमलजीत सिंह सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में भाजपा नेता की हत्या के मामले में एनआईए की एंट्री

**रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई भाजपा नेता की हत्या के माले में अब एनआईए की टीम ने जांच शुरू कर दी है। टीम के द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में छापा मारते हुए कई लोगों से पूछताछ कर रही है। बतादें कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के संदिग्ध सदस्यों द्वारा भारतीय जनता पार्टी नेता रतन दुबे की हत्या के मामले की जांच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की है।

भाजपा नेता रतन दुबे की चार नवंबर को 2023 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कौशलनार साप्ताहिक बाजार में कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अब तक की जांच के अनुसार प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) से जुड़े हथियारबंद हमलावरों ने भाजपा नेता की हत्या की थी।

### भारत में सिकल सेल रोग की देखभाल को तत्काल प्राथमिकता देने की आवश्यकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीस वर्षीय सुचिता पाटिल का कहना है कि उनका असल जीवन एक सफल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के बाद शुरू हुआ था। वह भारत में सिकल सेल रोग देखभाल को तत्काल प्राथमिकता देने की आवश्यकता को उजागर करने के लिए एक आकर्षक व्यक्तिगत कहानी साझा करती है एक नाजुक बच्ची के रूप में जन्मी, अक्सर निमोनिया और पीलिया से जूझती सुचिता को पांच साल की उम्र में सिकल सेल एनीमिया का पता चला था। यदि माता-पिता दोनों सिकल सेल लक्षण के वाहक हैं तो किसी को सिकल सेल एनीमिया हो सकता है, जो एक आनुवंशिक बीमारी है। यह एक कष्टकारी रोग है।ये मरीज़ जीवन के विभिन्न पहलुओं से संघर्ष करते हैं-स्कूल और दोस्ती से लेकर पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों तक। दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट और सेल्युलर थेरेपी विभाग के निदेशक डॉ. गौरव खरया से मुलाकात सुचिता और उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ थी। डॉ. खार्या ने बेहतर जीवन की एकमात्र आशा प्रदान करते हुए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की सलाह की। उपचार की यात्रा कठिन थी, जिसमें प्रारंभिक इंजेक्शन, कीमोथेरेपी चक्र, बालों का झड़ना और लगातार मतली शामिल थी, लेकिन पीड़ा के संभावित अंत ने सांत्वना प्रदान की डॉ खार्या के साथ अपने पहले परामर्श के लगभग 6 महीने बाद, सुचिता का सफल प्रत्यारोपण हुआ। सुचिता की बोन मेरो दाता, भारत में दात्री स्टेम सेल रजिस्ट्री के माध्यम से पाई गई 20 वर्ष की एक दयालु महिला, रिश्तेदार न होने के बावजूद एकदम मेल खाती थी। प्रत्यारोपण के बाद, कोविड-19 महामारी ने अतिरिक्त चुनौतियाँ पेश कीं।

### मेघालय में भीड़ ने युवती से की हैवानियत, लाठियों से बुरी तरह पीटा

**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय में एक महिला के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। विवाहेतर संबंध का आरोप लगाकर भीड़ में मौजूद लोग महिला को बुरी तरह पीट रहे हैं। महिला को लाठियों से पीटा जा रहा है। वहीं, महिलाओं और पुरुषों का समूह मूकदर्शक बना हुआ है। पुलिस ने इस मामले में ऐक्शन लेते हुए पांच को गिरफ्तार किया है।

यह सनसनीखेज घटना मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स के दादेंगग्रे की बताई जा रही है। वायरल हो रहे वीडियो में महिला को सार्वजनिक तौर पर भीड़ के बीच लाठियों से पीटा रहा है। वीडियो में कई पुरुष और महिलाओं को मूकदर्शक बने देखा जा सकता है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए मुख्य आरोपी का कहना है कि महिला का शादीशुदा होने के बावजूद किसी गैर मर्द से अफेयर है। महिला के विवाहेत्तर संबंध होने के बाद उसे पीटा गया।

उधर, महिला सशक्तिकरण पर मेघालय विधानसभा समिति की अध्यक्ष सुतंगा सैपुंग विधायक सांता मैरी शायला ने घटना पर संज्ञान लिया है। उन्होंने मामले में पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि वह मेघालय के सभी 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति सतर्क रहने के लिए कहेंगी।

# गर्मी को जाओ भूल, दिल्ली में मौसम हुआ कूल-कूल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत दिलाई है। गुरुवार सुबह भी यह सिलसिला जारी है। दिल्ली-नोएडा सहित एनसीआर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई।

जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी में बारिश हो रही है। विभाग ने बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस पूरे हफ्ते मौसम सुहाना बना रहेगा। वहीं 29 या 30 जून तक मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है।

**कई जगह जलभराव:** दिल्ली में गुरवार को सुबह कई इलाकों में बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान कई जगहों पर सड़कों पर सुबह हुई बारिश के बाद जलभराव हो गया। जिसके कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। आरएमएल अस्पताल में भी बारिश के बाद कई जगहों पर पानी भर गया। यहां जल निकासी के इंतजाम नहीं हैं।

**बुधवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश :** दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार सुबह से हल्के बादल छाए रहे। बीच-बीच में तेज धूप भी निकली, जिससे गर्मी में खासा इजाफा हुआ। मौसम में नमी के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, राजधानी के ज्यादातर इलाकों में हल्की बारिश से थोड़ी राहत मिली।

### हल्की बूंदाबांदी के बाद प्रदूषण से राहत मिली

हल्की बारिश और तेज हवा के चलते दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से भी राहत मिली है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 136 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो-तीन दिन में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि कई दिन से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर ज्यादा था, जिससे लोग परेशान थे।

### कब दस्तक देगा मॉनसून

दिल्ली में शुक्रवार के बाद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि राजधानी के अलग-अलग इलाकों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार को मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लंबे समय तक झुलसाने वाली गर्मी का सामना करने वाली दिल्ली को पिछले चार-पांच दिन से मॉनसून से पहले होने वाली बूंदाबांदी ने खासी राहत दी है। अब तेज मॉनसूनी बारिश होने की संभावना भी दिखने लगी है।



## प्रेम संबंध के आरोप में विवाहित महिला को पीटा, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेघालय में एक विवाहित महिला पर प्रेम संबंध रखने का आरोप लगाया गया। जिसके बाद इलाके के कुछ लोगों ने उसे लाठियों से पीटा। पश्चिमी गारो हिल्स के दादेंग्रे में हुई इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें महिला को सार्वजनिक रूप से बेरहमी से पीटा जा रहा है।

**पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार**

वीडियो में कई पुरुष और महिलाएं मूकदर्शक बने हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने आरोप लगाया है कि महिला का किसी और के साथ भी संबंध हैं।

इस बीच, सुतंगा सैपुंग की विधायक और मेघालय विधानसभा की महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष सांता मैरी शायला ने घटना पर संज्ञान लिया और पुलिस से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि वह मेघालय के सभी 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति सतर्क रहने को कहेंगी।

**जहरीली शराब का मामला: पीड़ितों के परिवार को दी जाए नौकरी**

## एनसीएससी अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक को जारी किया नोटिस



**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु में कल्लाकुरिची जहरीली शराब का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में अब तक 63 लोगों को मौत हो चुकी है और 88 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अब एससी आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। किशोर मकवाना ने राज्य में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए तमिलनाडु सरकार की आलोचना की।

किशोर मकवाना ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की जिनका इलाज चल रहा है।

पीड़ितों से मुलाकात के बाद किशोर मकवाना ने कहा, मैं जहरीली शराब त्रासदी में मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं और इलाज करा रहे लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। हमने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की।

### मृतक के परिवारों को दी जाए नौकरी

इसके अलावा, उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए नौकरी, घर और शिक्षा भत्ते की मांग करते हुए कहा, सभी मृतक बहुत गरीब थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवारों को नौकरी, घर और उनके बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता दिया जाना चाहिए। आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग करता है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

अवैध शराब के कारण पिछले साल हुई मौतों के आंकड़ों का हवाला देते हुए मकवाना ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा, क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण और बिक्री लंबे समय से चल रही थी। लेकिन प्रशासन और सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, पिछले साल राज्य में इसी तरह की त्रासदी में 23 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकांश मृतक एससी/एसटी समुदाय के हैं।

## 21 की उम्र में भारत आए थे गौरीशंकर, 75 के होने पर भी नहीं मिली पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हम जब किसी घर में सालों तक रह ले तो अपनेपन का भाव आ ही जाता है। उस घर से इतना लगाव हो जाता है कि रेंट देने के बावजूद वह अपना सा लगता है उसकी साज-सज्जा भी हम अपने घर की तरह ही करते हैं। पर यह सबको नसीब नहीं होता कि जिस घर में वो सालों से रहें वो उसको अपना मान भी पाए। ऐसा ही कुछ हुआ 50 साल पहले पाकिस्तान से भारत आए गौरी शंकर मल्लिक के साथ।

पूर्वी पाकिस्तान से भारत आने वाले गौरी शंकर मल्लिक 21 साल के थे जब वे सांप्रदायिक दंगों से बचने के लिए भारत आ गए थे। वह भारत तब आए जब बांग्लादेश बनने का बस एक ही साल हुआ था। पिछले 50 सालों से सरकारी स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम कर रहे और गोंदिया में सरकार द्वारा दी गई ज़मीन पर रह रहे मल्लिक के पास यह मानने का कोई कारण नहीं था कि वे भारतीय नागरिक नहीं हैं। साल 2019 में, जब उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया तो उन्हें झटका लगा और उनसे कहा गया कि उन्हें पहले भारतीय नागरिकता हासिल करनी होगी तभी उनका पासपोर्ट बन पाएगा।

वे कहते हैं कि यह नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 पारित होने से कुछ महीने पहले की बात है। पहले असफल प्रयास के बाद, अब 75 वर्षीय मलिक को अंततः सीएए के तहत कानूनी रूप से भारतीय नागरिक बनने की उम्मीद है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के विदर्भ से 100 से अधिक हिंदू सीएए के तहत राष्ट्रीयता की मांग कर रहे हैं। मलिक की पहचान अब भारत की नागरिकता मांगने वाले एक अनोखे शख्स के रूप में हो रही है।

**महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रहते हैं गौरी शंकर:** मल्लिक इन दिनों महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रहते हैं। उन्होंने अपना ज़्यादातर जीवन गोंदिया में बिताया है, जहां उन्हें सरकार द्वारा अन्य प्रवासियों की तरह ज़मीन देने की पेशकश की गई थी। उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान से आए प्रवासियों के लिए बंगाली माध्यम के जिला परिषद स्कूल में शिक्षक की नौकरी की। साल 2019 में, मलिक ने अपने जन्म स्थान (बांग्लादेश के खुलना जिले के बयारबंगा गांव) जाने की योजना बनाई और भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। पासपोर्ट कार्यालय में, मलिक को बताया गया कि उसे पहले भारतीय नागरिक बनना होगा।

## पति-पत्नी बना रहे थे संबंध, घर में घुसे चोर ने चुपके से बना लिया वीडियो

**रायपुर एजेंसी।** सिविल परीक्षा में बार-बार नाकाम होने के बाद छत्तीसगढ़ के विनय कुमार साहू ने चोर बनने का फैसला किया। वह अपने घर के आसपास ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगा। वह अक्सर लोगों का मोबाइल फोन चुराया करता था। कुछ दिनों पहले वह चोरी करने एक घर में घुसा। घर में उस वक्त पति-पत्नी अंतरंग स्थिति में थे। चोरी करने के बजाय विनय छिपकर उनका अश्लील वीडियो शूट करना लगा। वीडियो बनाने के बाद उसने ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू किया। यह दुर्ग जिले की घटना है।

**वाट्सऐप पर भेजा अंतरंग पलों का वीडियो:** घर में छिपकर पति-पत्नी का अश्लील वीडियो बनाने के बाद चोर विनय कपल से दस लाख रुपए की डिमांड करने लगा। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। दरअसल, उसने एक चोरी किए फोन से वीडियो शूट किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वाट्सऐप के जरिए कपल को वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। इससे पुलिस को यह केस सॉल्व करने में आसानी हो गई।

**सरकारी नौकरी नहीं लगने पर बन बैठा चोर:** जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि विनय कुमार साहू पहले सरकारी नौकरी की तैयारी करता था। वह कई बार सिविल परीक्षा में भी बैठा है। लेकिन वह हमेशा फेल हो जाता था। इसके बाद उसने चोरी करके जीवन यापन करने का मन बनाया। वह अपने आसपास के लोगों को मोबाइल चोरी करने लगा। बीते शुक्रवार वह एक कपल के घर में चोरी करने घुसा। वह वहां चोरी करने के लिए कोई सामान ढूंढ़ ही रहा था कि तभी उसकी नजर पति-पत्नी पर पड़ी। दोनों अंतरंग स्थिति में थे। विनय छिपकर दोनों का वीडियो बनाने लगा। अगली सुबह उसने पति-पत्नी को वह वीडियो भेजा। उसने कॉल करके दस लाख रुपए की भी मांग की। अपने अंतरंग पलों का वीडियो देख कपल को बहुत हैरानी हुई। वह शिकायत लेकर पुलिस स्टेशन पहुंचे। उन्होंने दस लाख रुपए की बात और वाट्सऐप पर आए वीडियो के बारे में पुलिस को जानकारी दी। दुर्ग पुलिस ने इस केस के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया। बुधवार को पुलिस ने चोर विनय को गिरफ्तार कर लिया। उसके फोन से अश्लील वीडियो को डिलीट कर दिया गया है।

## जयपुर रेलवे स्टेशन पर 1.80 करोड़ का 2.4 किलो सोना बरामद; 4 गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में डीआरआई ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर 2.4 किलो सोने के साथ तस्करी मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने तीन आरोपियों को जयपुर रेलवे स्टेशन और एक आरोपी को कोलकाता स्टेशन से गिरफ्तार किया है। कोलकाता से ट्रेन में तस्करी का सोना जयपुर लाया गया था। पकड़े गए तस्करी की सोने की कीमत करीब 1.80 करोड़ बताई जा रही है। बुधवार को डीआरआई ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। डीआरआई ने खुफिया इनपुट के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। डीआरआई अधिकारियों को इनपुट मिला था कि कोलकाता से जयपुर आ रही ट्रेन में सोना तस्करी की जा रही है।

डीआरआई की टीम ने संदिग्ध यात्रियों को पकड़कर पूछताछ की, तो यात्री संतोषपूर्वक जवाब नहीं दे पाए। चेकिंग करने पर यात्रियों के कमर में बेल्ट के पास छोटे-छोटे टुकड़ों में छुपा कर लाया जा रहा तस्करी का सोना बरामद हुआ. डीआरआई की टीम ने सोने की डिलीवरी लेने वाले और मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को जयपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। चौथे आरोपी को कोलकाता रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

### मुंबई उपनगरीय रेल सेवा में यात्रियों को जानवरों जैसे यात्रा करते देखना शर्मनाक- हाईकोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली उपनगरीय रेल सेवा में यात्रियों को जानवरों की तरह यात्रा करने के लिए मजबूर होते देखना शर्मनाक है। भीड़भाड़ वाली रेलगाड़ियों से गिरने या पटरियों पर अन्य दुर्घटनाओं के कारण यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या को लेकर दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि इस बहुत गंभीर मुद्दे से निपटा जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि वह मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के शीर्ष अधिकारियों को जवाबदेह ठहराएगी क्योंकि मुंबई में स्थिति दयनीय है। जनहित याचिका यतिन जाधव द्वारा दाखिल की गई है।

अदालत ने कहा, जनहित याचिका में बहुत गंभीर मुद्दा उठाया गया है और इसलिए आपको (रेलवे अधिकारियों को) इस पर ध्यान देना होगा। आप यह नहीं कह सकते कि (शहर में) लोगों की बहुत अधिक संख्या की वजह से हम यह नहीं कर सकते या वह नहीं कर सकते। आप लोगों को मवेशियों की तरह ढोते हैं। जिस तरह से यात्री यात्रा करते हैं उसे लेकर हम खुद को शर्मिंदा महसूस करते हैं।

## अगर नीतीश कुमार साथ नहीं होते तो भारतीय जनता पार्टी बिहार में जीरो पर आउट हो जाती: डॉ संजय पासवान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के संपन्न होने के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार बन चुकी है। चुनाव में एनडीए को और खासकर बीजेपी को बड़ा झटका लगा। 400 पार का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी 240 पर सिमट गई। जेडीयू के 12 सांसदों का समर्थन सरकार बनाने के लिए अनिवार्य हो गया। चुनावी नतीजे की समीक्षा का दौर अभी भी जारी है। बिहार में भारतीय जनता पार्टी 17 से 12 सीटों पर आ गई और चालीस की चालीस का दावा करने वाली भाजपा को पांच सीटों का नुकसान हुआ। चुनावी परिणाम लेकर भाजपा के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान का बड़ा बयान सामने आया है। एक प्रकार से उन्होंने अपनी पार्टी को हैसियत दिखा दिया है।



पटना में स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संजय पासवान ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार साथ नहीं होते तो भारतीय जनता पार्टी बिहार में जीरो पर आउट हो जाती। संजय पासवान ने समारोह को संबोधित करते हुए खुले मंच से राजनीतिक भूचाल पैदा करने वाला बयान दिया । उन्होंने कहा कि मुझे कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अगर नीतीश जी साथ नहीं होते तो बीजेपी जीरो पर आउट हो जाती। यह कहने में थोड़ा अटपटा लगता है लेकिन सच्चाई है। इन दिनों बिहार में ताकत का ध्रुवीकरण हुआ है। राज्य में एक ताकत तेजस्वी के साथ गया है तो दूसरे ताकत समूह के नेता नीतीश कुमार बन गए हैं इसमें कोई शक नहीं है। जातियों का जुटान हो रहा है। उधर प्रशांत किशोर की ताकत रूप में गुप्त रूप से बढ़ रही है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों से कोई मिलने आता है, पूछते हैं कि क्या कर रहे हैं तो बताता है कि प्रशांत किशोर के साथ चले गए हैं। जो लोग हमारे साथ भाजपा में और जदयू में थे वे पीके के साथ जा रहे हैं।

संजय पासवान ने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात सामाजिक क्षेत्र का इलाका है लेकिन बिहार यूपी और बंगाल राजनीतिक क्षेत्र का इलाका है। मुझे लगता है कि बिहार जैसे राज्य में राजनीतिक हस्तक्षेप किए बिना सामाजिक बदलाव नहीं लाया जा सकता। अगर आप लोग सम्मान, समृद्धि और भागीदारी ,हिस्सेदारी जैसी चीजों की बात कर रहे हैं इसके लिए राजनीतिक रूप से भी जागरूक सजग और संगठित होना पड़ेगा। इसके लिए गहन चिंतन करना पड़ेगा। बताते चलें कि डॉ. संजय पासवान पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री हैं। वे नवादा के पूर्व सांसद भी हैं और फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उनका यह बयान राजनैतिक रूप से बहुत बड़ा है। बीजेपी के विरोधी इसे हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। संजय पासवान बुधवार को पटना में स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि के मौके पर हुए एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। पुण्यतिथि कार्यक्र में जहानाबाद से पूर्व सांसद अरुण कुमार भी शामिल हुए। वह भूमिहार जाति से आते हैं। संजय पासवान ने उनकी ओर इशारा करते हुए कहा कि अरुण कुमार जी ने अपनी ताकत दिखाई और और इनकी ताकत जहानाबाद में दिखी भी। ये अपने समाज को संगठित करते रहे हैं जिसका असर जहानाबाद में देखने को मिला है।

### अफगानिस्तान का सफर सेमीफाइनल में खत्म

# पहली बार विश्व कप फाइनल में द. अफ्रीका




**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद), एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को ब्रायन लारा स्टेडियम में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह पहली बार है जब द.अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका की टीम है। गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में अफ्रीकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

यह एकतरफा सेमीफाइनल रहा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग, हर विभाग में मात दी। दक्षिण अफ्रीका की यह जीत ऐतिहासिक है। इस जीत के साथ ही इस टीम ने पहली बार किसी विश्व कप फाइनल में एंट्री की है। ऐसा नहीं है कि दिग्गजों से शुमार ये टीम कभी नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंची। अफ्रीका की टीम 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। इसलिए उसके नाम के आगे चोकर्स का दाग लग गया था, जिसे अब ये टीम मिटा चुकी है। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

अफगानिस्तान मात्र 11.5 ओवर में 10 विकेट पर 56 रन पर सिमट गई। यह पहली बार है जब किसी टीम ने पुरुष टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 100 रन से कम पर आउट कर दिया है। इस मुकाबले के हीरो रहे मार्को जेनसन और तबरेज़ शम्सी, जिन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, कागिसो रबाडा (2-14) और एनरिक नॉर्टजे (2-7) ने भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए अफगानिस्तान की टीम को 11.5 ओवर में 56 रन के मामूली स्कोर पर समेट दिया।

जवाब में अफ्रीकी टीम ने महज 1 विकेट खोकर यह लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर लिया।

## राशिद खान ने कुछ ऐसे कहा टी20 विश्व कप 2024 को अलविदा, दिल जीत लेगी हर एक बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में जिस तरह से अफगानिस्तान ने पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन किया, उसे सालों तक याद रखा जाएगा। अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों को हराया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आगाज से पहले ब्रायन लारा इकलौते ऐसे दिग्गज खिलाड़ी थे, जिन्होंने टॉप-4 टीमों में अफगानिस्तान को रखा था और अफगानिस्तान ने इस बात को सच भी किया। टीम ने सेमीफाइनल का कठिन सफर तय किया। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका ने एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। इस मैच के बाद टीम के कप्तान राशिद खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं और कुछ ऐसी बातें लिखीं, जिसके एक-एक शब्द ऐसे हैं, जो आपका दिल जीत लेंगे।

राशिद खान ने लिखा, हम इस टी20 वर्ल्ड कप को हमेशा याद रखेंगे। जिस तरह से टीम के हर खिलाड़ी ने जीत के लिए लड़ाई की, मुझे इस पूरी टीम पर गर्व है। हम यहां से आगे और बेहतर होना जारी रखेंगे और अगले टी20 वर्ल्ड कप में इससे भी ज्यादा दृढ़ निश्चय होकर आएंगे।




### सूर्यकुमार को अपदस्थ कर

# टी 20 के नंबर एक बल्लेबाज बने हेड

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बेहतरान बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म के चलते भारत के सूर्यकुमार यादव को अपदस्थ कर आईसीसी टी 20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज का ताज हासिल कर लिया है। हेड ने भारत के खिलाफ सुपर आठ के मैच में 76 रन की शानदार पारी खेली और टॉप पर पहुंच गए। सूर्या ने दिसम्बर 2023 से नंबर एक स्थान संभाल रखा था।

इस दौरान उन्होंने कई मैच विजयी पारियां खेलीं और लगातार रन बनाये। लेकिन विश्व कप में हेड की शानदार फॉर्म ने सूर्या को पछाड़ दिया। हेड ने चार स्थान की छलांग लगाते हुए सूर्या, फिल साल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को एक-एक स्थान पीछे छोड़ दिया। वेस्ट इंडीज के जॉनसन चार्ल्स ने चार स्थान की छलांग के साथ टॉप टेन में जगह बनायी है जबकि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज पांच स्थान के सुधार के साथ 11 वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आलराउंडर रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टॉयनिस ने अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है और चौथे स्थान पर फिसल गए हैं।

भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे स्थान पर और श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा फिर से नंबर 1 स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज़ 17 स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच कर हरफनमौला खिलाड़ियों में एक उल्लेखनीय खिलाड़ी के रूप में उभरे। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड के आदिल रशीद शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं, लेकिन अफगानिस्तान के राशिद खान विश्व कप में अपनी वीरता के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेज़लवुड भी तीन पायदान ऊपर चढ़े और हसारंगा के बाद चौथा स्थान हासिल किया।

### कपिल देव ने तेज गेंदबाज की जमकर सराहना की

# मुझसे 1000 गुणा बेहतर हैं बुमराह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और हाल के वर्षों में दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाजों में उनकी गिनती हो रही है। बुमराह से कई दिग्गज खिलाड़ी प्रभावित हैं। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव भी बुमराह की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके और उन्होंने इस तेज गेंदबाज के लिए बड़ी बात कही।

### कपिल ने बुमराह को सराहा

कपिल ने कहा, बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा लड़के हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। वे बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। वे अच्छा खेल रहे हैं और अपने खेल का लुत्फ उठा रहे है। उन्हें सलाम। मैं उन्हें शुभकामनाएं देने के साथ उनकी खुशी के लिए दुआ करता हूं।

## राईफल शूंटिग चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ

**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान धरोहर सरंक्षण एवं प्रोन्नौति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य कंवल प्रकाश किशनानी ने गुरूवार को यहां कहा है कि आज की युवा पीढ़ी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इनके माध्यम से अपना भविष्य बना सकती है, जीत और हार की भावनाओं से ऊपर उठकर उन्होने बेहत्तर परिणामों के लिए अधिक से अधिक परिश्रम करने का आवाह्न किया।

चन्द्रवरदाई नगर के सांकेत नगर स्थित करणी स्पोटर्स शूंटिग एकडेमी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला राईफल शूंटिग चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री किशनानी ने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे निशानेबाजों को कहा कि राष्ट्रीय औंर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहत्तर प्रदर्शन कर राज्य और देश का गौरव बढाये, उन्होंने राईफल शूंटिग की बढ़ती हुई खेल स्पर्धाओं पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनो से खेल जगत में नई ऊर्जा उत्पन्न होगी। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव हिम्मत सिंह राठौड ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 6 अलग-अलग आयु के वर्ग के छात्र-छात्राओं, महिला-पुरूष व विकलांग वर्ग के लिए मुकाबलें आयोजित किये जा रहे है, इसमें लगभग 300 शूटरस् भाग ले रहे है, राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी अधिकारी इसका संचालन कर रहे है। समारोह के अध्यक्ष राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अजय देशपांडे ने कहा कि डिफेन्स क्षेत्र में राईफल शूंटिग का बहुत महत्त्व है.

### संक्षिप्त समाचार

## लुइस किम्बर ने रॉबिन्सन को एक ओवर में रिकॉर्ड 43 रन ठोके



**चेम्सफोर्ड, एजेंसी।** लीसेस्टरशायर के लुइस किम्बर ने बुधवार को काउंटी चैंपियनशिप मैच में ससेक्स के ओली रॉबिन्सन के ओवर में 43 रन ठोककर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाकर क्रिकेट इतिहास रच दिया। डिवीजन टू काउंटी चैम्पियनशिप मैच के चौथे और अंतिम दिन, ससेक्स के रॉबिन्सन ने किम्बर को काउंटी चैम्पियनशिप के इतिहास का सबसे महंगा ओवर दिया।

इस ओवर में किम्बर ने 43 रन बनाए, जो इंग्लिश प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का नया रिकॉर्ड है। रॉबिन्सन ने वास्तव में नौ गेंदें फेंकी, जिनमें से तीन नो-बॉल थीं।

ऐसा माना जाता है कि किम्बर की उपलब्धि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक ओवर में बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। यह 38 रनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देता है, जो 1998 में एलेक्स ट्यूडर और एंड्रयू फ्लिंटॉफ द्वारा संयुक्त रूप से और इस सप्ताह के शुरू में शोएब बशीर की गेंद पर डैन लॉरेंस द्वारा बनाया गया था।

लंच के समय तक किम्बर की आश्चर्यजनक पारी केवल 95 गेंदों पर 192 रन तक पहुंच गई, जो बेन कॉक्स के साथ आठवें विकेट के लिए 200 रनों की साझेदारी का हिस्सा थी। लीसेस्टरशायर सुबह के सत्र में 29 ओवरों में 236 रन बनाने में सफल रहा। किम्बर 127 गेंदों में 20 चौकों और 21 छक्कों की मदद से 243 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए और ससेक्स ने यह मैच 18 रन से जीत लिया। लीसेस्टरशायर की पारी 464 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 445 रन पर सिमट गई।



# पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद जूडोका तूलिका मान की नजरें पदक पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रही भारत की नौवीं महिला जूडो खिलाड़ी तूलिका ने कहा, यह यात्रा रोमांचक रही है। मेरे कोच (यशपाल सोलंकी) ने कार्यक्रमों का एक कैलेंडर तैयार किया था लेकिन ओलंपिक उसमें शामिल नहीं था। तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए। इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। उन्होंने कहा, लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी।

हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं। क्वालिफाइंग चक्र 22 जून 2022 से 23 जून 2024 था और 2022 में चोट लगने के बाद तूलिका ओलंपिक में क्वालीफाई करने को लेकर आश्वस्त नहीं थी। हालांकि, पिछले महीने अबु धाबी में विश्व चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में कनाडा की पोर्तुओंदो इसासी के खिलाफ जीत ने उनकी ओलंपिक रैंकिंग में सुधार किया।

ओलंपिक में हिस्सा लेने जा रही भारत की नौवीं महिला जूडो खिलाड़ी तूलिका ने कहा, यह यात्रा रोमांचक रही है। मेरे कोच (यशपाल सोलंकी) ने कार्यक्रमों का एक कैलेंडर तैयार किया था लेकिन ओलंपिक उसमें शामिल नहीं था। हालांकि, पिछले साल हांगझोउ में एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रहने और इस साल अप्रैल में हांगकांग में एशियाई चैंपियनशिप ने उन्हें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद की। दिल्ली की यह लड़की 1345 अंकों के साथ 36वें स्थान पर रही। उन्होंने कहा, मैंने एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप दोनों में तीन-तीन मुकाबले जीते।

हांगकांग में मुझे सबसे पहले लगा कि मैं कर (क्वालीफाई) सकती हूं। विश्व चैंपियनशिप में जीत से मदद मिली। तूलिका का मानना है कि चीन की सू शिन खेलों के दौरान उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा, वह मेरी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धी होंगी क्योंकि 2022 एशियाई चैंपियनशिप में उनके साथ मुकाबले के दौरान मैं चोटिल हो गई थी। मुझे लगता है कि वह मेरी अब तक की सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी थी। फ्रांस की रोमेन डिको भी एक अच्छी प्रतिद्वंद्वी हैं। वह चीनी की खिलाड़ी की तरह भारी नहीं हैं लेकिन तेज और शक्तिशाली है।

### पेरिस ओलंपिक

## कांस्य को स्वर्ण पदक में बदलने का लक्ष्य, पेरिस ओलंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम घोषित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।

भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं, पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

टोक्यो में 41 साल के अंतराल बाद पदक जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भारतीय डिफेंडर रूपिंदरपाल सिंह और बीरेंद्र लाकड़ा संन्यास ले चुके हैं जबकि सुरेंदर कुमार टीम से बाहर हैं। टोक्यो में मुख्य टीम का हिस्सा रहे नीलकांत शर्मा को वैकल्पिक खिलाड़ियों में रखा गया है और दिलप्रीत सिंह को मौका नहीं मिला।



# जयवर्धने के बाद श्रीलंका के मुख्य कोच ने भी दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** सिल्वरवुड के कार्यकाल में, श्रीलंका ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की, जिसमें 2022 का एशिया कप, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज और बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरी शामिल है। टीम 2023 के एशिया कप के फाइनल में भी पहुंची थी। टी20 विश्व कप 2024 में अपने खराब प्रदर्शन के चलते टूर्नामेंट से बाहर हुई श्रीलंका की टीम को तगड़ा झटका लगा है। टीम के सलाहकार पद से हाल ही में पूर्व दिग्गज क्रिकेटर महेला जयवर्धने ने इस्तीफा दिया था। अब टीम के श्रीलंकाई टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसकी जानकारी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) की तरफ से जारी किए गए बयान में दी गई।

### सिल्वरवुड ने मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

श्रीलंका के नेशनल क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के हेड कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। सिल्वरवुड को अप्रैल 2022 में श्रीलंका क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

श्रीलंका की टीम टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी। आईसीसी टूर्नामेंट में यह उसका सबसे खराब प्रदर्शन था। सिल्वरवुड ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है।

## एक नजर

### वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** गोह पुलिस ने नगाइन गांव में छापेमारी कर एक एनबीडबल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नगाईन गांव निवासी पप्पू कुमार पर न्यायालय से एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था। इसी आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कमीशनिंग व एनआई कार्य हेतु 29 जून तक एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन रद्द

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत सोननगर- बरकाकाना रेलखंड पर सोननगर और गढ़वा रोड के बीच तीसरी रेल लाइन की कमीशनिंग हेतु काजरात नावाडीह, जपला एवं नबीनगर रोड स्टेशनों पर एनआई कार्य को एक जोड़ी ट्रेनों का परिचालन 29 जून तक रद्द किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि कमीशनिंग एवं एनआई कार्यों को लेकर बरकाकाना और डेहरी ऑन सोन के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 03341/03342 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल का परिचालन 26 से 29 जून तक रद्द रहेगा। कार्य के पूरा होने के बाद इस रेलखंड पर दोनों ट्रेने पूर्ववत चलने लगेंगी।

### दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** हसपुरा थाना पुलिस ने चहुंटा गांव से फरार दो एनबीडबल्यू वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चहुंटा गांव निवासी महेंद्र चौधरी एवं महेश चौधरी चोरी छिपे अपने घर में रह रहे हैं। इस सूचना पर दल बल के साथ घर पर छापेमारी की तो दोनों वारंटी पकड़े गए। दोनो को कागजी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है।

### ओम बिरला को दोबारा स्पीकर चुने जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** राजस्थान के कोटा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ओम बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा का स्पीकर बनने पर हसपुरा भाजपा मंडल ने बधाई दी है। भाजपा के जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अमन कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष अरुण सिंह, महामंत्री अनिल आर्य, मिन्टू शर्मा, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुरेश आर्य, वीरेंद्र कुमार, गनौरी राम, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास गुप्ता, विजय कुशवाहा, उपेंद्र शर्मा, दिलीप शर्मा, बबलू शर्मा, रघुराज सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ओम बिरला के दुबारा अध्यक्ष बनने पर खुशी का इजहार किया है।

### वैध मिट्टी खनन को ले खनन निरीक्षक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** औरंगाबाद के खनन निरीक्षक अभिमन्यु कुमार ने रफीगंज के पौथु थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव निवासी राम प्रवेश सिंह चंद्रवंशी, हसपुरा थाना क्षेत्र के मनीष यादव, एवं कुटुंबा थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव के वीरेंद्र कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि रफीगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के खरांटी मौजा के पास ईट भट्ठा के संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इनके द्वारा अवैध रूप से लघु खनिज मिट्टी का उत्खनन एवं निष्कासन कर ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा था, जिससे सरकारी राजस्व की क्षति के साथ-साथ पर्यावरण की क्षति हो रही है। यह एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 04( 1ए) का उल्लघंन है।प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे के कार्रवाई की जा रही है।

### रेप पीड़िता के परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में औरंगाबाद जिला कांग्रेस कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को रफीगंज के गांव की विधवा के साथ गैंगरेप के मामले में पीड़िता के गांव पहुंचकर परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया।

# प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक के पद की नियुक्ति परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक

- 16 परीक्षा केंद्रों की तैयारी की गई है, जिसमें एक दिव्यांग के लिए भी केंद्र शामिल है। इस परीक्षा में कुल 9480 अभ्यर्थी शामिल होंगे।
- उड़नदस्ता दल के गठन के साथ, मॉनिटरिंग के लिए जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की नियुक्ति की गई है।



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** 29 जून को जिला मुख्यालय में प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक के पद पर नियुक्ति परीक्षा होनी है। इसके लिए जिला मुख्यालय में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गये है। जिसमें एक दिव्यांग के लिए भी केंद्र भी शामिल हैं। जिसमें 9480 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने को लेकर सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है जिसे लेकर आज समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने एवं पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। परीक्षा के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी केंद्रों पर पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्र पर दो-दो स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एक-एक पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी केंद्र पर पुरुष के साथ-साथ महिला सिपाही भी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही दो परीक्षा केंद्र के देखने के लिए एक जोनल मजिस्ट्रेट के साथ 1–4 का पुलिस बल होगा , बल में एक पुलिस पदाधिकरी एवं 4 नियमित सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इतना ही नहीं परीक्षा के मॉनिटरिंग के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। एक उड़नदस्ता दल को चार परीक्षा केंद्र के मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

प्रधान शिक्षक के लिए 29 जून को होनेवाली परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक होगी। इसके लिए 10 बजे पूर्वाह्न से रिपोर्टिंग टाइम रखा गया है। मुख्य गेट पर ही जांच की जायेगी। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र व को परीक्षा के लिए जारी निर्देशों के अलावा अन्य कागज व इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया है। डीएम ने प्रश्न पत्र का सील अभ्यर्थियों के समक्ष खोलने का निर्देश दिया है। सभी केंद्र पर परीक्षा के मॉनीटरिंग को लेकर जिला नियंत्रण का बनाया गया है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन , सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, वरीय कोषागार पदाधिकारी महंथ स्वरूप, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी,वरीय उपसमाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत दोनों की नहीं हो सकी है पहचान

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के मई गुमटी, गोरडिहा और लहास गांव के समीप अलग-अलग समय में ट्रेन की चपेट में आने से गुरुवार को दो लोगों की मौत हो गई। प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि रफीगंज रेलवे स्टेशन से सुचना मिली की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया अस्पताल पहली घटना गोरडिहा एवं लहास गांव के समीप पोल संख्या 501/22एवं 24 के बीच हुई। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष आकी जा रही है। ट्रेन की चपेट में आने के कारण इनके शरीर पर कोई भी कपड़ा नहीं था, परंतु इनके कंधे पर एक लाल कलर का अंग वस्त्र था। वहीं दूसरी घटना मई गुमटी के समीप पोल संख्या 504/6 एवं 8 के बीच हुई। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष आंकी जा रही है। मृतक ब्लू रंग का लूंगी एवं काला रंग का टी शर्ट गोल गल्ला का पहने हुए हैं। देखने से प्रतीत होता है कि दोनों मजदूरी करने के लिए घर से निकले होंगे। गुरुवार को अपराह्न 2 बजे के आसपास दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान करने के लिए लगी हुई है। शव को पोस्टमार्टम उपरांत रफीगंज शव गृह में पहचान के लिए रखा जाएगा। 72 घंटा में शव की पहचान नहीं होती है तो पुलिस द्वारा शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



## शराब मामले में दो अभियुक्तों को मिली आठ साल कैद की सजा

**औरंगाबाद(का.सं.)।** औरंगाबाद के स्पेशल उत्पाद कोर्ट-02 ने उत्पाद थाना कांड संख्या -1130/20, टीआर-217/22 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए प्राथमिकी के दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। स्पेशल पीपी कुमार योगेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि जमशेदपुर के मानगो आजादनगर निवासी अभियुक्त वसीम अकरम और मो. इस्लाम को बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम की धारा-30 के तहत दोषी पाते हुए दोनों को 08 साल कैद की सजा सुनाई और दो-दो लाख का जुर्माना लगाया। जुर्माना राशि नही देने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास होगा। इसके पूर्व अभियुक्तों को घटना में दोषी करार देते हुए 19 जून को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था।

# आपातकाल एक काला अध्याय विषयक विचार गोष्ठी संपन्न




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के पृथ्वीराज चौहान स्मारक सभागार में संपूर्ण क्रांति मंच के तत्वावधान में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर आपातकाल एक काला अध्याय विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जेपी सेनानी अजय कुमार संतोष ने की जबकि संचालन जेपी सेनानी अजय श्रीवास्तव ने किया। जेपी सेनानी प्रो. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ ज्ञान के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रो. शिवपूजन सिंह, पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यक्रम के संयोजक प्रो. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने क्रांति गीत के साथ आपातकाल एक काला अध्याय विषय पर विषय प्रवेश किया।कहा कि आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या की गई थी। संविधान को तार-तार किया गया था।

# ऑनर किलिंग के मामले कोर्ट ने लड़की के दादा व पिता को सुनाई उम्र कैद की सजा, लगाया 35-35 हजार का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश( एडीजे )-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को ऑनर किलिंग के एक मामले दादा और पिता को आजीवन कैद और 35-35 हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। अपर लोक अभियोजक महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मदनपुर थाना कांड संख्या-216/22 में सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए काराधीन दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है एपीपी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मदनपुर थाना के मंझार गांव के बघार से 7 मई 2022 को एक लड़की का शव बरामद हुआ था। इसकी सूचना गांव के चौकीदार ने फोन कर मदनपुर थानाध्यक्ष को दी। उसने बताया कि मंझार बघार में एक लड़की का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि लड़की के गर्दन पर काला निशान हैं और दोनों बांहों पर खरोंच है। मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी मिली कि मृतका औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के बहुआरा गांव निवासी राजा राम की पुत्री है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन बना कर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस जब राजाराम के घर पहुंची तो लड़की के पिता राजा राम और दादा कैलाश राम फरार थे। वही इस मामले में लड़की की मां कांति देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी लड़की का प्रेम प्रसंग रिश्तेदार से चल रहा था। बदनामी के डर से लड़की के पिता और दादा उसकी दूसरे जगह शादी कराने की बात कर रहे थे लेकिन लड़की नहीं मानी। इसके बाद गुस्से में लड़की के पिता और दादा ने 06 मई 2022 को अंधेरी रात में लड़की को घर से बाहर ले गए और बिना लड़की के वापस आ गए। इस पर लड़की की मां ने पूछा कि लड़की कहा है, तो दोनों ने कहा कि परिवार के सम्मान के लिए लड़की का काम तमाम कर दिए है। तुम चुप रहना। इसके बाद बतौर सूचक तत्कालीन मदनपुर थानाध्यक्ष ने मामला दर्ज किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया कि रिश्तेदार से प्रेम प्रसंग के कारण साजिश के तहत लड़की के पिता और दादा ने लड़की की हत्या कर दी। इसी मामले में कोर्ट ने औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के बहुआरा निवासी अभियुक्त पिता राजा राम और दादा कैलाश राम को भादंवि की धारा-302/34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25-25 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना नही देने पर कोर्ट ने एक साल के साधारण कारावास का प्रावधान किया है। साथ ही कोर्ट ने भादंवि की धारा 201/34 दोनों अभियुक्तों को चार साल कैद और दस-दस हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नही देने पर कोर्ट ने छः माह के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने मामले में पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ 4 अगस्त 2022 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद कोर्ट ने 12 जनवरी 2023 को आरोप गठित किया था। इसी मामले में कोर्ट ने आज दोनों अभियुक्तों को यह सजा सुनाई।




# डीएम की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स परिवहन एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक

कार्यालयसंवाददाता

औरंगाबाद। गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, औरंगाबाद की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स, परिवहन एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में खान एवं भू तत्व विभाग के अंतर्गत बालू घाट की बंदोबस्ती, जिला अंतर्गत स्थापित विभिन्न चेक पोस्टों के क्रियान्वयन के साथ अवैध खनन परिवहन पर समुचित रोकथाम हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। लि खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत अब तक कुल 32 बालू घाटों के सफल ई-नीलामी कराई जा चुकी है, जहां 15 अक्टूबर तक घाटों से बालू उठाने पर पाबंदी रहेगी। जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा अवैध बालू की निकासी नहीं हो सख्त निर्देश दिए। साथ ही साथ जहां अवैध बालू स्टॉक किया गया हो उसे नीलम करने का भी निर्देश दिए।

समीक्षा में पाया गया कि जिला अंतर्गत कुल-42 संवेदनशील स्थल/ बालू घाटों जहां अवैध खनन की संभावना बनी रहती है उक्त घाट क्षेत्रों में विशेष गश्ती, पिकेट का सुदृढ़ीकरण, सतत छापामारी, खनन माफियाओं को चिन्हित कर कड़ी कारवाई, अवैध खनन में लिप्त वाहनों का परमिट रद्द करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला अंतर्गत बालू, गिट्टी एवं राख के अवैध खनन एवं परिचालन/ ओवरलोडिंग पर समुचित रोकथाम हेतु खनन, परिवहन विभाग एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त गश्ती/ धावा दल के माध्यम से निरंतर छापा मारने का निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद द्वारा अवैध खनन परिवहन के मामलों में दर्ज प्राथमिकी में आदतन अपराधी की पहचान हेतु पूर्व में संचालित बालू घाटों से जुड़े कर्मियों/ लाइनर/ पासरगैंग की सूची तैयार कर उन पर विशेष निगरानी रखे जाने के साथ ही अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना अध्यक्षों को दिया गया। बैठक में उत्पाद अधीक्षक के द्वारा अबतक जप्त किए गए वाहनों की कुल संख्या एवं जुर्माना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा निर्देश दिया गया कोर्ट ऑर्डर से जो गाड़ियां रिलीज की गई है उसका आंकड़ा संघारीत करने तथा वहां वैसे में जो गाड़ी बच गया है उसे थाना वाइज आंकड़ा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिये।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर किया जब्त



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अवैध बालू निकासी पर प्रशासन पूरी तरह शिकंजा कस रही है। बुधवार की रात हसपुरा थाना की गस्ती गाड़ी ने एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाई है। मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने जानकारी देते हुए कहा कि बुधवार की मध्य रात्रि मेहंदिया की तरफ से एक ट्रैक्टर पीरु की तरफ आ रही थी, जिसे गस्ती गाड़ी ने रोकने को कहा तो चालक गाड़ी लेकर फरार होने लगा। तब पीछा कर गाड़ी को पकड़ा गया लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। गाड़ी को जप्त कर थाने लाया गया, ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## साइकिल चुराते युवक धराया, गया जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के पास दोपहर में एक युवक को साईकिल चुराते ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार कोईलवा गांव निवासी बिंदेश्वर प्रसाद की साईकिल चुरा कर एक युवक भाग रहा था। उसे ग्रामीणों ने पकड़ा और इसकी सूचना हसपुरा थाना को दी। सूचना पर हसपुरा थाना की गश्ती गाड़ी साईकिल चोर युवक को लेकर थाना आई, जहां पूछताछ में उसने अपना नाम दाउदनगर थाना के मखरा गांव निवासी गोलू शर्मा( 25 ) बताया। मामले में हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि कागजी प्रकिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# प्रखंड परियोजना प्रबंधक का एकदिवसीय प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के 6 से 12 वर्ग के स्कूलों में संचालित स्कूल आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवम् कल्याण कार्यक्रम के बेहतर संचालन हेतु सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज(सी3) अपना तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। इसी उद्देश्य के पूर्ति हेतु दिनांक 26 जून को गार्गी रिसोर्ट में औरंगाबाद जिले शिक्षा विभाग के सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक का एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में सी3 के वरिष्ठ विशेषज्ञ (एवाईपी) जियाउद्दीन ने अपनी भूमिका निभाई। स्वस्थ मस्तिक में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का निर्माण होता है। पढाई में तभी मन लगता है जब खुद से मन व शरीर स्वस्थ्य रहता है। पढाई के साथ-साथ स्वास्थ्य की जानकारी छात्र-छात्राओं को रखना बेहद जरूरी हैं। ये बातें बुधवार को शहर के गार्गी होटल में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहीं।




## डूबने की घटनाओं की रोकथाम हेतु सलाह (Advisory)

बिहार सरकार

जन–जागरूकता सप्ताह – 24–30 जून, 2024

**पानी में बरतें सावधानी, रोकें जनहानि**

डूबे हुए व्यक्ति को पानी से निकालने के बाद तत्काल प्राथमिक उपचार निम्न प्रकार शुरू करें :–

1. सबसे पहले देख लें, यदि डूबे हुए व्यक्ति के मुंह व नाक में कुछ फंसा हो, तो निकाल दें।
2. नब्ज की जांच करने के लिए गले में किनारे के हिस्सों में उँगलियों से छूकर जानकारी प्राप्त करें कि नब्ज चल रही है कि नहीं।
3. नब्ज व सांस का पता नहीं चलने पर डूबे व्यक्ति के मुँह में मुँह लगाकर दो बार भरपूर सांस दें व 30 बार छाती के बीच में दबाव दें तथा इस विधि को 3–4 बार दुहरायें। ऐसा करने से धड़कन वापस आ सकती है व सांस चलना शुरू हो सकती है।
4. यदि प्रभावित व्यक्ति का पेट फूला हुआ, है तो पूरी संभावना है कि उसने पानी पी लिया होगा, अतः पेट से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू करें।
5. मूर्छा या बेहोशी आने पर पुनः सांस देने व छाती में दबाव देने की प्रक्रिया शुरू करें।
6. डॉक्टर या प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाने के लिए स्थानीय स्तर पर जो भी साधन उपलब्ध हो उसका प्रयोग करें या 112 पर फोन कर एम्बुलेंस बुला लें।



PR No.- 002773 (Disaster)D. 2024-25

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
BIHAR STATE DISASTER MANAGEMENT AUTHORITY
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)
डी-ई ब्लॉक, पांचवाँ तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना, Visit us : www.bsdma.org : e-mail : info@bsdma.org
राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (SEOC-0612-2294204) टॉल फ्री नं० 1070 मो० नं० 7070290170